राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं



हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष अश्लेष संवत 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 17 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 126 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00






आईपीएल 2024 : बाल-बाल बचा सबसे तेज सतक का ऐतिहासिक रिकॉर्ड... पेज 11

शरत रेड्डी से चंदा लिया, इलेक्टोरल बॉन्ड बड़ा घोटाला, आप नेता का पीएम पर निशाना

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 74, 130 | ₹87,000 |



## आज का इतिहास

- 1966 : भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया।
- 1942 : जापानी लड़ाकू विमानों ने पहली बार भारतीय क्षेत्रों पर बमबारी की।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में राम नवमी की सरकारी छुट्टी

**पटना (नि. सं.)।** बिहार सरकार के सभी कार्यालय राम नवमी को लेकर बंद रहेंगे। बिहार सरकार अवकाश कैलेंडर 2024 में 16 अप्रैल और 17 अप्रैल को अवकाश घोषित है। बिहार सरकार के सचिवालय से लेकर पंचायत स्तर पर के सभी सरकारी कार्यालयों में छुट्टी है। वहीं, 17 अप्रैल को रामनवमी है। रामनवमी पर्व पर एनआईए एक्ट के तहत अवकाश है। बैंक भी बंद रहेंगे।

### बिहार के युवाओं ने एक बार फिर यूपीएससी में मारी बाजी

**पटना (नि. सं.)।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यूपीएससी 2023 परीक्षा का फाइल रिजल्ट मंगलवार को जारी कर दिया गया है। इस परिक्षा में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने पहला स्थान प्राप्त किया है। इस बार भी बिहार के युवाओं ने अपना दबदबा कायम रखा है। औरंगाबाद के सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर निवासी विरुपाक्ष विक्रम सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 49वां स्थान हासिल किया है। औरंगाबाद जिले के हीं दाउदनगर अनुमंडल के ओबरा प्रखंड के जमुहारा निवासी किसान रविंद्र कुमार चौधरी -रीता देवी दंपत्ति के पुत्र डॉ प्रेम प्रकाश ने यूपीएससी की इस परीक्षा में 130 वां रैंक प्राप्त किया है। उन्हें 2023 के यूपीएससी में 677 रैंक प्राप्त हुआ था। वहीं, बिहार के नरकटियागंज के सुमन विहार मुहल्ले के सेवानिवृत शिक्षक मो रिजवनुल्लाह के पुत्र शहंशाह सिद्दिकी ने यूपीएससी परीक्षा में अपना परचम लहराया है। शहंशाह सिद्दीकी ने छठे एटेंप में यूपीएससी परीक्षा को क्वालीफाई किया है। शहंशाह को 762 वा रैंक मिला है।

### भाजपा ने जारी की 12वीं सूची, सात उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली (ए.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों की 12वीं सूची में उत्तर प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र एवं पश्चिम बंगाल की सात सीटों के लिए उम्मीदवार आज घोषित कर दिये। पार्टी ने इसके साथ ही तेलंगाना एवं उत्तर प्रदेश की पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव तथा ओडिशा विधानसभा के चुनाव में 21 उम्मीदवारों की आज घोषणा की। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति द्वारा स्वीकृत 12वीं सूची के अनुसार महाराष्ट्र के सातारा में छत्रपति उदयनराजे भोंसले को तथा पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से अभिजीत दास (बॉबी) को उतारा गया है। उत्तर प्रदेश की फिरोज़ाबाद सीट से ठाकुर विश्वजीत सिंह तथा देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी को टिकट दिया गया है। पंजाब की खडूर साहिब सीट से मंजीत सिंह मन्ना मियाविंड को, होशियारपुर (सु.) से श्रीमती अनीता सोम प्रकाश को तथा बठिंडा से पूर्व आईएएस अधिकारी श्रीमती परमपाल कौर सिद्धू को उतारा गया है।

# पटना में मेट्रो की क्रेन से टकराया ऑटो, सात की मौत, एक घायल

- बिहार की राजधानी पटना में एक दर्दनाक हादसा हो गया है, जहां पर एक अनियंत्रित ऑटो ने मेट्रो पर काम कर रही क्रेन को टक्कर मार दी। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिला और चार पुरुष शामिल हैं।

निज संवाददाता | पटना



पटना में मंगलवार सुबह यात्रियों से भरा ऑटो मेट्रो के काम में लगी क्रेन से टकरा गया। हादसे में 7 लोगों की मौत हुई है। एक घायल है। जिसकी स्थिति गंभीर बनी है। मरने वालों में एक 5 साल का बच्चा भी है। उसके पिता की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि सभी लोग रेलवे स्टेशन से बस पकड़ने के लिए ऑटो से निकले थे। ऑटो सुबह करीब 3 बजकर 44 मिनट पर मीठापुर से जीरोमाइल की तरफ जा रहा था। मेट्रो के काम के लिए क्रेन पिलर्स उठा रही थी। ऑटो जैसे ही क्रेन के पास आया वो उससे टकरा गया। मृतकों में 3 पुरुष, 3 महिलाएं और एक बच्चा है। सभी रोहतास, नेपाल, मुजफ्फरपुर, मधुबनी और वैशाली के रहने वाले थे। 7 मृतकों के शव को पीएमसीएच में पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया है। पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। हादसे के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है और मामले की जांच में जुटी है। मरने वालों में मोतिहारी के मुकेश कुमार सहनी का 5 साल का बेटा अभिनंदन कुमार, लक्ष्मण दास, जनकपुरधाम, नेपाल और रोहतास के उपेन्द्र कुमार बैठा (38), पिता रामाशीष बैठा शामिल हैं। वैशाली के राजापाकर की रहने वाली नेहा कुमारी (32) नालंदा के इस्लामपुर में शिक्षक के रूप में तैनात थी। हादसे में उनकी भी मौत हुई है। नेहा की बड़ी बहन पूजा कुमारी पटना के बेउर थाने में दारोगा के पद पर तैनात हैं। फिलहाल नेहा पीएमसीएच पहुंची हैं। बार-बार बेहोश हो जा रही हैं। इस हादसे में घायल मुकेश सहनी ने बताया कि वह मोतिहारी से पटना आए थे। उनके साथ दो बच्चे और पत्नी थी। उनका कोई पता नहीं चल रहा है। मुकेश ने बताया कि वह पटना में गन्ना बेचने का काम करते हैं। हादसा रामलखन पथ की एक दुकान के सीसीटीवी में कैद हुआ है। इसमें दिख रहा है कि सड़क पर क्रेन मेट्रो के पिलर्स उठा रही है। गाड़ियां वहां से गुजर रही हैं। थोड़ी देर में एक ऑटो आता है और क्रेन से टकरा जाता है। टकराते ही ऑटो पलट जाता है। और सभी लोग सड़क पर गिर जाते हैं।

### सीएम नीतीश कुमार ने जताया दुख



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे पर शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूं। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल लोगों की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। यातायात थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि ऑटो में चालक को लेकर कुल 9 लोग सवार थे। सभी रेलवे स्टेशन से निकले थे। तभी ऑटो ने क्रेन में टक्कर मार दी। ऑटो चालक मौके से फरार हो गया।

# सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को किया ढेर, जंगल में मुठभेड़ जारी, भारी मात्रा में हथियार बरामद

एजेंसी | कांकेर (छत्तीसगढ़)



लोकसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। कांकेर जिले के माड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सभी के शव बरामद हो गए हैं। इनमें नक्सली लीडर शंकर राव भी शामिल है। मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित 3 जवान घायल हुए हैं। इनमें 2 डीआरजी के जवान हैं। मौके से 5 एके-47 बरामद की गई।

### कांकेर सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा

4 दिन बाद 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा में वोटिंग होनी है। कांकेर लोकसभा में दूसरे चरण में मतदान होना है। इसके लिए नामांकन फॉर्म भी भरे जा चुके हैं। कांकेर में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। मुठभेड़ में मारे गए शंकर राव और ललिता माड़वी डीवीसी रैंक के नक्सली लीडर थे। दोनों पर 25-25 लाख का इनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से 4 ऑटोमेटिक हथियार भी जब्त किए हैं। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ साढ़े 5 घंटे चली। डीआईजी इंटेलिजेंस आलोक कुमार सिंह ने बताया, पिछले कुछ दिनों से कांकेर इलाके में नक्सलियों के मूवमेंट के इनपुट्स मिल रहे थे। इसके बाद पुलिस और बीएसएफ ने ऑपरेशन की तैयारी की। इसी के तहत आज का ऑपरेशन प्लान किया गया। नक्सलियों को दोपहर करीब एक बजे घेर लिया गया। 2 बजे मुठभेड़ शुरू हुई और शाम को 7.30 बजे तक यह चली। इस दौरान, सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के शव भी बरामद भी किए। कबीरधाम जिले में नक्सलियों की सूचना देकर उन्हें पकड़वाने वाले को 5 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई है। एसपी अभिषेक पल्लव ने इनाम के साथ ही पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी देने का भी ऐलान किया है। सूचना देने के लिए एक हेल्प लाइन नंबर 78988 15399 भी जारी किया गया है। इसके लिए जवान गांव-गांव में नक्सलियों की तस्वीर वाली पोस्टर दीवारों पर लगा रहे हैं।

### कांकेर में कब-कब हुआ मुठभेड़

- » **25 फरवरी** : हूरतराई के जंगल में नक्सली एनकाउंटर में 3 नक्सली मारे गए थे।
- » **3 मार्च** : छोटे बेठिया के हिदूर में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 1 नक्सली मारा गया था। जबकि एक बस्तर फाइटर का जवान शहीद हुआ था।
- » **16 मार्च** : मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया था।
- » 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान भी नक्सली हमला हुआ था। 2 बीएसएफ जवान शहीद हुए थे।

# बेटिकट हुए अश्विनी चौबे से पीएम ने की बात

निज संवाददाता



गया। गया में पीएम मोदी ने टिकट कटने से नाराज चल रहे बीजेपी सांसद अश्विनी चौबे की नाराजगी दूर करते दिखाई दिए। मंगलवार को प्रधानमंत्री जैसे ही गया के गांधी मैदान में सभा के लिए पहुंचे पहले बीजेपी नेताओं ने उनका स्वागत किया। थोड़ी देर बाद पीएम कुर्सी पर बैठे पशुपति पारस को हटाकर पीएम मोदी ने अपने बगल में अश्विनी चौबे को कुर्सी पर बैठाया। कुछ बातचीत की, अश्विनी चौबे की पीठ थपथपाई। फिर पशुपति पारस ने अश्विनी चौबे से बात करके कुर्सी बदल ली। पीएम मोदी के बगल में वापस बैठ गए। बता दें कि बक्सर से सांसद अश्विनी चौबे का टिकट कट गया और वहां से भाजपा ने मिथिलेश तिवारी को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, अश्विनी चौबे की नाराजगी की खबरें सामने आने लगीं और उनका एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ जिसमें उन्होंने कहा था कि वह बक्सर में ही रहेंगे। उनका यह बयान उनके बागी तेवर की ओर इशारा कर रहा था, लेकिन, पीएम मोदी के मंच पर मौजूद रहकर अश्विनी चौबे ने साफ कर दिया कि वह पीएम मोदी का साथ नहीं छोड़ने वाले। कुछ दिन पहले केंद्रीय राज्य मंत्री और बक्सर से बीजेपी सांसद अश्विनी चौबे का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वो कहते दिख रहे हैं कि बक्सर में मैं ही रहूंगा। अभी नामांकन बाकी है। बहुत कुछ होने वाला है। किसने क्या समझा, नहीं समझा मुझे पता नहीं, लेकिन हां कुछ षड्यंत्रकारी थे जो चुनाव के बाद नंगे होंगे। जो भी होगा मंगलमय होगा। अश्विनी चौबे ने ये बातें 8 अप्रैल को पटना में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही थी।

# सलमान के घर फायरिंग करने वाला बेतिया से दो गिरफ्तार

**बेतिया (नि.सं.)।** मुंबई में एक्टर सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस बिहार पहुंच गई है। बेतिया पुलिस सोमवार की देर रात आरोपी विक्की साहेब गुप्ता (24) और सागर श्रीजोगेंद्र पाल (21) के मसिही गांव स्थित घर पर रेड मारी। पुलिस 20 जीपों में सवार होकर पहुंची थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के परिवार और दोस्तों से पूछताछ की। आरोपियों के पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों के परिवार का कहना है कि दोनों कमाने गए थे। इसके आगे हमें कुछ नहीं पता। एक आरोपी का परिवार झोपड़ी में रहता है, जबकि दूसरे का घर टूटा-फूटा है।

# बीपीएससी की महिला टॉपर मोनिका श्रीवास्तव ने यूपीएससी परीक्षा में भी मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद जिला मुख्यालय स्थित सत्येन्द्र नगर निवासी ई ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव एवं भारती श्रीवास्तव की सबसे छोटी सुपुत्री सुश्री मोनिका श्रीवास्तव ने यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर परिवार समेत सम्पूर्ण जिले का नाम रौशन किया है। संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2023 के अंतिम परिणाम में मोनिका को आल इंडिया 455वां रैंक प्राप्त हुआ है। बता दें कि मोनिका शुरू से काफी मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंनें दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा में भी राज्य में टॉप किया था। इसके बाद उन्होंनें वर्ष 2016 में आईआईटी गुवाहाटी से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। कई बड़ी ग्लोबल कंपनियों में काम करने के बाद उन्होंनें पिछले वर्ष बीपीएससी की परीक्षा में महिलाओं की श्रेणी में टॉप करते हुए छठा रैंक हासिल किया था। फ़िलहाल वे बिहार राज्य कर सहायक आयुक्त के पद पर तैनात हैं और पटना में अपनी सेवी दे रही हैं। वहीं मोनिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। उन्होनें कहा कि मेरे माता-पिता ने सदैव मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। शुरू से मरे परिजनों ने शिक्षा की महत्ता के बारे में मुझे बताया। मेरे पिता चाहते थे कि मैं अफसर बन कर शोषितों एवं जरूरतमंदों की आवाज बनूं। मेरे भाई-बहन ने भी मेरा भरपूर साथ दिया। उन्होनें आगे कहा कि चेन्नई में कॉर्पोरेट जॉब करने के दौरान ही मैनें यूपीएससी में शामिल होने का लक्ष्य निर्धारित कर लिया था। मम्मी-पापा शुरू से चाहते थे कि मैं यूपीएससी की परीक्षा दूं। उन्हें मुझ पर भरोसा था। मैंने भी कोई कसार नहीं छोड़ी। बतौर राज्य कर सहयक आयुक्त बनने के बाद अप्रैल 2023 में मैनें अपनी प्राइवेट जॉब से रिजाइन दे दिया। बिहार लोक सेवा आयोग की तैयारियों तथा विभाग के कामों के बीच मैनें यूपीएससी की तैयारी की। मोनिका की सफलता पर जिले के कई बुद्धिजीवियों, राजनीतिज्ञों, शिक्षाविदों एवं परिवार के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# राष्ट्रपति ने देशवासियों को रामनवमी की दी शुभकामनाएं



**नयी दिल्ली (ए.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को रामनवमी की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं और बधाई दी है। राष्ट्रपति भवन की ओर से मंगलवार को जारी राष्ट्रपति के संदेश में कहा गया है। रामनवमी के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान श्री राम के अवतरण के शुभ अवसर के सम्मान में मनाया जाने वाला रामनवमी का यह त्योहार हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम विनम्रता, धैर्य और पराक्रम का सर्वश्रेष्ठ आदर्श हैं। प्रभु श्री राम ने निस्वार्थ सेवा, वचन के प्रति अडिग प्रतिबद्धता और मित्रता के उच्चतम मानक स्थापित किए हैं। रामनवमी का पर्व हमारे शाश्वत मूल्यों पर मनन करने का अवसर भी है।

रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार का गौरव

M.D.J. PUBLIC SCHOOL

Estd : 2009

Lohai Tola, Ram Pravesh Nagar, (Mahadevganj-Sonvarsha), N.H. -319, ARA (Bhojpur)

AFFILIATED TO CBSE DELHI UPTO+2 LEVEL, AFF. NO.- 330361

CLASS : NURSERY TO 10+2

एम.डी.जे. पब्लिक स्कूल का एक नया ब्रांच एम.डी.जे. गर्ल्स पब्लिक स्कूल (सिर्फ लड़कियों के लिए) का शुभारम्भ नये सत्र 2024-25 से होने जा रहा है




for Senior Secondary Class XIth and XIIth

(SCIENCE, ARTS & COMMERCE)

Preparation of main syllabus by the specialized & experienced teachers along with IIT (Engineering) & Medical (NEET) Entrance Test.

FLUENT ENGLISH SPOKEN

SMART CLASSES

SCHOOL BUS FACILITY

CCTV CAMERA

WI-FI CAMPUS



Dr. Nand Kumar Singh

DIRECTOR

SALIENT FEATURES : Modern Science Lab, Biology Lab, Chemistry Lab, Physics Lab, Computer Lab, Maths Lab, Language Lab, Geography Lab, Library, Reading Room, Activity Room, Music and Dance Club, Big and Spacious Playground, Smart Classes, Recreation Hall, Multimedia Hall, Seminar Hall, Common Hall, Auditorium, Biometric Attendance, Transport Facility With GPS Technolog, Wi-Fi Campus, CCTV Camera, Schoool App., R.O. Purified Water Facility

एम.डी.जे. है एक ऐसा स्कूल, जहाँ खिलते हैं गाँवों के फूल ! परचम लहाते हैं ज्ञान का, और आपके सम्मान का !!

More Development Just, Come With Us; Come As Learner, Become As Winner

VISIT Us: www.mdjpublicschool.in, Email ID: mdjpublicschool2009@gmail.com

Contat Us: 9431452044, 9661546361, 7488341862, Whatsapp : 8789199844

रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

के.वी.एम. क्लासेज

गया रोड, गोह (औरंगाबाद)

प्रत्येक वर्ष टॉपर्स देने वाले जिले का एकमात्र शिक्षण संस्थान केवीएम क्लासेस : हमारे यहां सैनिक नवोदय सिमुलतला की तैयारी करवाई जाती है।



कुंदन कुमार

संस्थापक

राहुल सिंह

निदेशक



## संक्षिप्त समाचार

### मजदूरों के अभाव में गेहूं की कटनी प्रभावित



**संसू,जागरण नारदीगंज।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में किसानों का गेहूं का फसल खेतों में पक कर तैयार हो गया है।लेकिन मजदूरों के अभाव में फसल की कटनी नहीं हो पा रही है।जिसके कारण किसान भाई चिंतित दिख रहे हैं।हालत यह है कि प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों के गेहूं के खेतों में आग लगने की घटना भी हो चुकी है।ऐसे में कई किसानों के खेत मे लगे गेहूं के फसल घर नहीं पहुंच पाया है,वैसे किसान दाने दाने के लिए मोहताज हो गए हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि मजदूरों के ईंट भट्ठा पर पलायन कर जाने के कारण गेहूं की कटनी के लिए मजदूर नहीं मिल रहा है।वैसे प्रखंड क्षेत्र में मजदूरों की कमी नहीं है।लेकिन कृषि कार्य से मजदूरों के परिजनों का भरण पोषण लायक आमदनी नहीं हो पाता है, और सरकार के तरफ से भी ऐसा कोई योजना नहीं आया है कि मजदूरों को सभी दिन रोजगार मिल सके।हालांकि सरकार ने मनरेगा के तहत मजदूरों को सौ दिनों का रोजगार देने की योजना बनाई है,लेकिन वह भी योजना का लाभ मजदूरों को नहीं मिल पा रहा है।इस कारण मजदूर लोग दूसरे प्रदेश में रोजगार के लिए पलायन कर जाते हैं।जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ता है।इन दिनों तेज गति से पछुआ हवा चलने के कारण गेहूं का फसल समय से पूर्व तैयार हो चुका है।लाचार किसान लोग हार्वेस्टर मशीन का इंतजार कर रहे हैं।ताकि किसी तरह से गेहूं का अनाज घर पहुंच जाए।क्योंकि हार्वेस्टर से कटनी होने पर गेहूं का पराली खेत में ही रह जाता है।जिसके कारण किसानों के मवेशियों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।लेकिन खेतों में तैयार फसल को किसान किसी तरह अब अपने घरों में पहुंचाना चाह रहे हैं।क्योंकि फसल में आग लगने की घटना से लोग डर रहे हैं।

### चन्द्रवंशी समाज ने भाजपा को वोट करने का लिया निर्णय

**रजौली।** मुख्यालय स्थित पार बाध में मंगलवार को सुबह में चुनाव के मद्देनजर चन्द्रवंशी समाज की एक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने किया।मुख्य पार्षद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के बीते दस वर्षों का शासन बहुत ही शानदार रहा है।उन्होंने देशहित में कई कार्य किये हैं।साथ ही गरीबों के लिए दर्जनों कल्याणकारी योजनाओं का भी क्रियान्वयन हुआ है,जो धरातल पर सभी जगह देखने को मिलता है।उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में नवादा जिला के चन्द्रवंशी समाज ने देश के सतत विकास में जुड़े राजनीतिक पार्टी भाजपा प्रत्याशी डॉ. विवेक ठाकुर को अपना-अपना मत देंगे।साथ ही आसपास के लोगों को भी अपना मत देने के लिए जागरूक करेंगे।बीते माह पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के अवसर पर पार बाध में आयोजित कार्यक्रम के मंच से भी रजौली विधानसभा के अतिपिछड़ा समाज ने प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने को लेकर अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाया था।इस मौके पट नंदू चन्द्रवंशी,अजय चन्द्रवंशी,प्रमोद चन्द्रवंशी,सनोज कुमार चन्द्रवंशी,मुखिया बबिता देवी,मुन्ना चन्द्रवंशी,भारत चन्द्रवंशी,नकुलदेव चन्द्रवंशी,संदीप कुमार,मुकेश कुमार,सौरभ कुमार सहित दर्जनों लोग बैठक में शामिल रहे।

लोकतंत्रकोमजबूतकरनेकेलियेआपकाएकवोटमहत्वपूर्णःडीएमनेकिया मतदाताओं से वोट करने की अपील

नवादाः- प्रशांत कुमार सी.एच. जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के द्वारा मतदाताओं के नाम अपील की गयी है कि आप सभी इस बात से अवगत हैं कि हमारे देश में लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के रूप में मनाया जा रहा है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। आपके पास संविधान द्वारा प्रदत अमूल्य वयस्क मताधिकार है। इस लोकसभा चुनाव में आप इसका प्रयोग करके लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हमें इसबार जनभागीदारी सुनिष्चित करते हुए पहले के चुनावों के मुकाबले मतदान प्रतिशत में काफी वृद्धि करने की आवश्यकता है।

मैं प्रशांत कुमार सी.एच., जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, नवादा के तौर पर जिला के सभी पात्र पुरूष, महिला एवं अन्य मतदाता,विशेष रूप से दिव्यांग, बुजुर्ग तथा युवा मतदाताओं से मतदान करने की अपील करता हूँ।

आप सभी से अनुरोध है कि दिनांक 19 अप्रैल 2024 को मतदान के दिन सभी कार्यों को छोड़कर, मतदान को सर्वप्रथम प्राथमिकता बनाए।इसे सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी समझते हुए देश के प्रति अपनी निष्ठा व कर्त्तव्य को ध्यान में रखकर बिना किसी डर व प्रलोभन के लोक सभा आम निर्वाचन-2024 में अपनी भागीदारी सुनिष्चित करें तथाअपना बहुमूल्य वोट डालकर लोकतंत्र की गरिमा को अक्षुण्ण बनाये रखने में अपना अमूल्य योगदान दें।

### राजनीतिक दल के साथ प्रचार-प्रसार करते हुए पाये गए शिक्षक

**वायरल फोटो एवं वीडियो के द्वारा हुई पुष्टि**

**नवादा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा द्वारा बताया गया कि दिनांक 15.04.2024 को राजनीतिक दल के प्रचार-प्रसार करने के दौरान 04 शिक्षकों द्वारा प्रचार-प्रसार करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो वायरल हुआ है, जिनके बारे में विस्तृत जानकारी निम्नवत हैः-श्री सुग्रीव कुमार वर्मा, प्रखंड शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, विजु विगहा, प्रखंड-मेसकौर का स्लॉट वीडियो क्लिप एवं फोटोग्राफ वॉयरल किया गया है। वायरल वीडियो के मामले की जॉच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मेसकौर द्वारा करायी गई। जॉचोपरान्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मेसकौर द्वारा बताया गया कि श्री सुग्रीव कुमार वर्मा, प्रखंड शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, विजु विगहा, प्रखंड-मेसकौर के द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिए राजनीतिक दलों के समर्थन में प्रचार-प्रसार कराते हुए पाये गए। उपांकित शिक्षक के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने हेतु सक्षम प्राधिकार को अनुशंसा की गई है। श्री राज कमल प्रखंड शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भण्डाजोर, रोह का सोशल मीडिया के स्लॉट पर वीडियो क्लिप एवं फोटोग्राफ वॉयरल किया गया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, रोह द्वारा मामले की जॉच करायी गयी। जॉचोपरान्त लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिए राजनीतिक दलों के समर्थन में प्रचार-प्रसार करते हुए पाया जाना/कार्यों के प्रति उदासीनता एवं पदसोपान के विपरित कार्य करने/आचार संहिता का घोर उल्लंघन करने संबंधी आरोपों में श्री राज कमल, प्रखंड शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भण्डाजोर, रोह के विरूद्ध आरोप पत्र (प्रपत्र 'क') गठित करते हुए इनके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। श्री राजीव रंजन जिला परिषद शिक्षक उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बारापाण्डेय, रोह का सोशल मीडिया के स्लॉट पर दिनांक 15.04.2024 को वीडियो क्लिप एवं फोटोग्राफ वॉयरल किया गया है। जॉचोपरान्त लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिए राजनीतिक दलों के समर्थन में प्रचार-प्रसार करते हुए पाया जाना/कार्यों के प्रति उदासीनता एवं पदसोपान के विपरित कार्य करने/आचार संहिता का घोर उल्लंघन करने संबंधी आरोपों में श्री राजीव रंजन, जिला परिषद शिक्षक, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बारापाण्डेय, रोह के विरूद्ध आरोप पत्र (प्रपत्र 'क') गठित करते हुए इनके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। श्री विनय कुमार, सेवा निवृत पंचायत शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय, हिन्दी बालक, रोह (सेवानिवृत्ति तिथि- 31.03.2024), का सोशल मीडिया के स्लॉट पर दिनांक 15.04.2024 को वीडियो क्लिप एवं फोटोग्राफ वॉयरल किया गया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, रोह द्वारा पत्राचार के माध्यम से बताया गया कि इनके विरूद्ध कार्रवाई किया जाना नियमानुकूल नहीं है।

### भक्तों ने की मां दुर्गा की पूजा अर्चना

**छौराही बेगूसराय।** प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने पट खोलते ही भक्तों की भीड़ लग गयी। पता ही बकारी नारायण पी पर समेत अन्य जगहों पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना श्रद्धापूर्वक की जा रही है। पता ही में सरकारी सेवा से अवकाश प्राप्त राम जपो यादव उत्क्रमित मध्य विद्यालय पताही के प्रधानाध्यापक अर्चना कुमारी समाजसेवी अनिल कुमार पंडित घनश्याम झा राम नरेश यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पूजा श्रद्धापूर्वक श्रद्धालु के द्वारा किया जा रहा है भजन कीर्तन रात में शांतिपूर्ण तरीके से मां के दरबार में किया जाता है।

# रामनवमी को लेकर धड़ल्ले से बिक रहे महावीरी झंडा व पूजन सामग्री





निज संवाददाता। **रजौली**

मुख्यालय में रामनवमी त्योहार को लेकर मंगलवार को बाजारों में महावीरी झंडा,पताका व प्रसाद समेत अन्य पूजन सामग्री की खरीद हुई।बाजार में विभिन्न तरह के आकर्षक महावीरी झंडा 30 रुपये से लेकर 300 रुपये तक में बिक रहे हैं। इसके अलावा राम नाम वाला गमछा, लंगोटा आदि की भी बिक्री खूब हुई।रामनवमी को लेकर प्रखंड के विभिन्न रामजानकी ठाकुरबाड़ी,हनुमान मंदिर आदि का रंग रोगन अंतिम चरण में है।इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर होने वाले भजन कीर्तन और अष्टयाम का आयोजन किया जा रहा है।प्रखंड मुख्यालय स्थित बजरंगबली चौक,पुरानी बस स्टैंड,नीचे बाजार स्थित पंचमुखी मंदिर के अलावे सैकड़ों जगहों पर पुजारी द्वारा पूजा का आयोजन भव्य तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया गया है।सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा घरों के आंगन में प्रतिवर्ष ध्वजारोहण किया जाता है।इसमें महावीरी झंडा लगाया जाता है।स्थानीय पुजारी घनश्याम पाण्डेय बताते हैं कि हनुमानजी विघ्न बाधाओं से लोगों की रक्षा करते हैं।साथ ही बताया कि रामनवमी एक ऐसा हिन्दू त्यौहार है जिसमें पूरे भारतवर्ष में भगवान राम का जन्मदिन हर्षोल्लाश के साथ मनाया जाता है।इस दिन देश में हिन्दू धर्म के अनुयायियों के इस अवसर को काफी धूमधाम से मनाते हैं।कहा जाता है की रामनवमी के दिन भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ था।यही कारण है की हर वर्ष इसी दिन हिन्दू धर्म के अनुयायी भगवान राम के जन्मदिवस को रामनवमी के तौर पर धूम-धाम से मनाया जाता है। इस दिन बहुत से लोग अपना आस्था प्रकट करने के लिए भगवान राम के लिये व्रत रखते हैं और साथ में भगवान राम का स्मरण भी करते हैं।चूंकि यह पर्व भगवान राम से जुड़ा हुआ हैं,इसीलिए हिन्दू धर्म के लोगों के लिए यह दिन काफी शुभ होता है।रामनवमी को लेकर प्रखण्ड में कई जगहों से शोभायात्रा भी निकाला जाना सुनिश्चित किया गया है।वहीं इस वर्ष 22 जनवरी को अयोध्या के प्रसिद्ध मंदिर में रामलला के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ भी कराया गया है।जिसको लेकर भी लोगों में भारी उत्साह है।जबकि नवादा जिले में लोकसभा का चुनाव 19 अप्रैल को है।जिसको लेकर प्रशासन थोड़ी व्यस्त जरूर है।किंतु सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतेजाम हैं।रामनवमी के शुभ अवसर पर 21 अप्रैल को नीचे बाजार स्थित राज शिवाला मंदिर,पुरानी बस स्टैंड स्थित बजरंगबली मंदिर एवं डीह रजौली से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।जिसको लेकर भी विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा तैयारियां की जा रही है।बताया जाता है कि शोभायात्रा में अयोध्या में विराजमान रामलला की झांकी के साथ भारत माता एवं राम-लक्ष्मण-सीता व हनुमान की सुंदर झांकी निकाले जाने की तैयारियां चल रही है।झांकियों में शामिल होने वाले बाल कलाकार भी अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# लोगों में विश्वास और उपद्रवियों में खौफ, मंगलवार की संध्या निकाला गया फ्लैग मार्च



निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र में एसआई अखिलेश्वर सिंह के साथ एसएसबी सशस्त्र बलों ने मंगलवार की देर संध्या फ्लैग मार्च किया।चुनाव प्रचार बन्द होने से पूर्व संध्या पर निकाली गई इस फ्लैग मार्च से आम लोगों में विश्वास बढ़ा है।वहीं उपद्रवियों में पुलिसिया कार्रवाई का खौफ व्याप्त है।19 अप्रैल को लोकसभा का चुनाव होना है।जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा सारी तैयारियां कर ली गई है।वहीं इंटर विद्यालय रजौली में रजौली एवं हिसुआ विधानसभा के लिए ईवीएम डिस्पैच सेंटर बनाया गया है।सुरक्षा के दृष्टिकोण से वन कार्यालय एवं बजरंग बली चौक पर दो बैरिकेडिंग किया गया है।वहीं चुनाव में सामान्य बूथों के अलावे संवेदनशील बूथों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बलों एवं मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है।साथ ही चुनाव में प्रयुक्त होने वाले वाहनों आदि के लॉग बुक आदि खोले जा चुके हैं।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है।उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल थाना परिसर से महसई मोहल्ला, संगत, बाजार, नीचे बाजार, शिवाला, कुण्डला मोहल्ला, पुरानी बस स्टैंड, जगजीवन नगर, बजरंग बली चौक, ड्योढ़ी, पोस्टऑफिस से होते हुए पुलिस बल पुनः थाना परिसर पहुंची। इस दौरान क्षेत्र के आम लोगों में लोकसभा में निर्भीक एवं निष्पक्ष तरीके से मतदान होने को लेकर विश्वास बढ़ा।वहीं उपद्रव करने वाले लोगों के मन में चुनाव के दौरान की जाने वाली गलत हरकतों से प्रशासन की कार्रवाई का डर भी दिखाई दिया।

# पट खुलते ही मां के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



निज संवाददाता। **पकरीबरावां**

पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के धर्मशाला परिसर में बनी मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। मां का पट खुलते ही दर्शन एवं पूजा- अर्चना के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुरोहित आचार्य ब्रहानन्द मिश्रा, रौशन मिश्रा एवं राजीव मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मुख्य पुजारी के रूप में अधिवक्ता केके सिन्हा एवं उनकी पत्नी सिम्मी सिन्हा शामिल हुए। पूजा समिति के विभूति कुमार, चंदन कुमार, मनोज कुमार, पंकज सिंह, छोटू वर्णवाल आदि ने बताया कि लगभग 40 वर्षों से मां दुर्गा के नौ रूपों सहित अन्य देवी- देवताओं की प्रतिमा बनाकर पूजा- अर्चना की जाती है। गौरतलब है कि कलश स्थापना के दिन से ही रामजानकी ठाकुरबाड़ी एवं धर्मशाला परिसर में धार्मिक आयोजन शुरू हो जाता है। मुख्य पुरोहित ब्रहानन्द मिश्रा के मंत्रोच्चार से आस पास का माहौल भक्तिमय बना रहता है। लोगों का कहना है कि यहां बनने वाली मां की प्रतिमा काफी यशवाली है। श्रद्धालुओं का कहना है कि सच्चे हृदय से आराधना करने वालों की मन्नतें माता रानी पूरी करती है।

### राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय में चलाया गया स्वर्ण प्राशन अभियान

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय बेगूसराय में स्वर्ण प्राशन अभियान के तहतआज 175 बच्चों को स्वर्ण प्राशन की खुराक पिलाई गई।इस अभियान का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉक्टर श्री निवास त्रिपाठी ने कहा कि स्वर्ण प्राशन अभियान आयुर्वेद महाविद्यालय का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है इस अभियान के लिए महाविद्यालय पूर्व से तैयारी करता है। स्वर्ण प्राशन की दवा पिए बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से बहुत ही स्वस्थ एवं सफल होते हैं। प्राचार्य डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा की स्वर्ण प्राशन की दवा महाविद्यालय के रस शास्त्र विभाग द्वारा अनुभवी रस शास्त्रियों के दिशा निर्देशन में तैयार किया जाता है। कल रस शास्त्र विभाग के सह प्राध्यापक डॉ प्रमोद कुमार के नेतृत्व में स्वर्ण प्राशन की दवा तैयार की गई।

# अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन

निज संवाददाता। **मंझौल, बेगूसराय**




अग्निशमन सेवा साप्ताह के अवसर पर मंगलवार को अग्निशामालय मंझौल के पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा साईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता हेतु प्रस्थान कराया गया। अग्निशमन अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि आग से बचाव हेतु परिवेश जागरूकता का अभियान 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलेगा। यह सप्ताहिक कार्यक्रम 66 शहीद अग्निशमन कर्मचारियों की याद में मनाया जाता है। 1944 ई.में मुंबई बंदरगाह पर लगी माल वाहक जहाज में लगी आग को बुझाने हेतु 100 से अधिक जवान गए थे जिसमें 66 जवान शहीद हो गए थे। उनकी याद मे हर वर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सप्ताह मनाया जाता है।

साथ ही खेलकूद के माध्यम से सभी चेरिया बरियारपुर मैदान में क्रिकेट का आयोजन कर लोगों को जागरूकता किया जाता है ताकि जागरूकता एवं सावधानी से किसी भी प्रकार अग्निकांड को रोका जा सके। प्रधान अग्निक मनीष कुमार यादव, अग्नि चालक उत्तम कुमार, गृह रक्षक चालक मुस्लिम खान, गृह रक्षक देवेंद्र चौधरी एवं अन्य गणमान्य मान लोग उपस्थित रहे।

# चैती छठ पूजा समापन पर प्रसाद का हुआ वितरण




**नवादा।** चैत्र मां दुर्गा अष्टमी के पावन दिन के शुभ अवसर पर जिला तैलिक साहू सभा को ओर से मल गोदाम छाई रोड स्तिथ मां दुर्गा पूजा पंडाल में महाप्रसाद हलवा का वितरण किया गया , सर्व प्रथम मां दुर्गा जी पर प्रसाद का भोग लगाया गया फिर जय माता दी, जय मां दुर्गे जय भवानी की नारा लगाकर प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया , नवादा के धर्म प्रेमी माता , बच्चे एवम सज्जनों ने लाइन लगा कर प्रसाद लेने का काम किया । प्रसाद वितरण में नवादा साहू समाज की महिलाओं का भी अहम भूमिका रहा , इस कार्यक्रम में नवादा मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी , पूर्व चेयरमैन संजय साव , नवादा जिला अध्यक्ष साहू समाज जितेंद्र कुमार , नवादा साहू समाज जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता , उपाध्यक्ष हीरा लाल साव , गौतम भारती , कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार , महिला अध्यक्ष किरण भारती , नितुरानी सिन्हा , अनुभा कुमारी , सरिता देवी , प्रदीप कुमार , अरुण कुमार , विनय सुमन , रंजित साव , उत्तम साव इत्यादि का सहयोग रहा ।

# नवादा में "बाहरी भगाओ नवादा बचाओ" का नारा देकर तेजस्वी ने एक करोड़ नौकरी देने का किया वादा




**नवादा :** नवादा के सिरदला स्थित जर्रा बाबा के मैदान में मंगलवार को तेजस्वी यादव ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा के पक्ष में वोट करने की जनता से अपील की. साथ ही बाहरी भगाओ नवादा बचाओ का नारा देकर मोदी सरकार पर उन्होंने जमकर निशाना साधा. तेजस्वी ने कहा कि श्रवण कुशवाहा नवादा के बेटा हैं. नवादा के बेटे को ही यहां का सांसद बनाने का काम करें, ताकि आपके दुख-सुख में हमेशा खड़ा रहें. 'बाहरी भगाओ नवादा बचाओ' के लगाए नारे : सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने 'बाहरी भगाओ नवादा बचाओ' के नारे भी लगाए. उन्होंने कहा कि "15 सालों से बीजेपी वालों ने नवादा को प्रयोगशाला बना दिया है और हमेशा बाहरी लोगों को टिकट देने का काम किया है. राष्ट्रीय जनता दल ए टू जेड की पार्टी है. अगड़ा, पिछड़ा, दलित महादलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक सभी लोगों को साथ लेकर पार्टी चलने का काम कर रही है. इस बार नवादा में लालटेन जलने जा रहा है बीजेपी का मतलब बड़का झूठा पार्टी : उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा बीजेपी क़े मतलब "बड़का झूठा पार्टी है"। उन्होंने कहा भाजपा जुमला की सरकार है ,बीजेपी का चार झूठा वादा किया जो कभी पूरा नहीं हुआ। भाजपा ने 04 काम किया है. बेरोजगारी क़ो बढ़ा दिया है ,गरीबी क़ो बढ़ा दिया है ,महंगाई क़ो बढ़ा दिया और जुमलेबाजी का काम किया है .हमलोग एक करोड़ नौकरिया देंगे ,गैस सिलेंडर क़ो 500 रुपया कर दिया जाएगा और हर महिलाओं क़ो एक लाख सालाना देंगे . मुकेश सहनी ने भी बीजेपी पर साधा निशाना : चुनावी सभा में तेजस्वी यादव क़े साथ मौजूद मुकेश सहनी ने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है. यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है. ऐसे में सोच समझ कर वोट करना है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना हिटलर से करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की जनता से हर साल 2 लाख नौकरी और 15-15 लाख रुपये सभी के खाते में भेजने का झूठा वादा कर देशवासियों को ठगने का काम किया है. बीजेपी गरीबों की पार्टी नहीं है, बल्कि अमीरों और अडानी-अंबानी की पार्टी है.

**'बीजेपी के लोग संविधान को नहीं मानते हैं' : सहनी :** मुकेश सहनी ने कहा कि बीजेपी के लोग संविधान को नहीं मानते है, बल्कि ये लोग नागपुर के कानून से चलते हैं. बीजेपी वाले देश के संविधान को बदलना चाहते हैं. ऐसे में हम लोगों को सावधान रहने की जरूरत है. उन्होंने अपील की कि राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को अधिक से अधिक वोट देकर विजयी बनाने का काम करें. इस मौके पर तेजस्वी यादव क़े समक्ष जदयू नेत्री पिंकी भारती ने राजद की सदस्यता लिया और कहा राजद क़ो वोट करें ताकि संविधान की रक्षा हो और गरीबी व मंहगाई क़ो खत्म किया जाय. तेजस्वी यादव ने फूल -माला और गुलदस्ता देकर पिंकी भारती का राजद परिवार में स्वागत किया। उन्होंने कहा पिंकी भारती जैसी नेत्री क़ो पार्टी में आने से रजौली विधानसभा और नवादा राजद क़ो मजबूती मिलेगी.

# रामनवमी को लेकर बाजार में महावीर पताका की हुई बिक्री

निज संवाददाता। **सूत्र,जागरण नारदीगंज**



नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों में बुधवार को रामनवमी पर्व है।पर्व को लेकर नारदीगंज बाजार,बस्ती बिगहा बाजार में काफी भीड़ देखा गया। इस दौरान कई दुकानों पर महावीर पताका की दुकानें सजी हुई है। लोग महावीर पताका को खरीदने व पूजा सामग्री खरीदने को लेकर दुकानों में भीड़ बनी रही। अपने अपने घरों में विधि विधान के साथ रामनवमी पर्व श्रद्धा पूर्वक मानते हैं।इस अवसर पर लोग मंदिरों के अलावा घरों में पूजा पाठ भी होता है।इसके कारण बाजार में पताका, फल, फूल, लड्डू और किराना के दुकान में काफी भीड़ देखा गया।बाजार में भीड़ इस कदर रहा कि वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। खास कर पताका और फल के दुकान पर काफी भीड़ बनी रही।

# डुमरामा गांव में गेहूं की फसल में आग लगने से लाखों का नुकसान

निज संवाददाता। **पकरीबरावां**




प्रखंड के डुमरामा गांव मंगलवार को गेहूं की फसल में भयंकर आग लग गई जिससे लाखों रुपया का गेहूं तथा अरहर का फसल जलकर राख हो गया पीड़ित किसानों को लाखो का नुकसान हुआ ।जानकारी के अनुसार डुमरामा गांव के किसान तनिक सिंह का लगभग 3 बीघा गेहूं का फसल जलकर राख हो गया वही किसान दिलीप सिंह के 10 कट्ठा खेत का 25 -30 बोझा गेंहू जल जाने की खबर है । प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार एवं थाना अध्यक्ष अजय कुमार के पहल पर दमकल का टीम घटना स्थल पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी जिसके कारण फसल जलने से बचा नहीं पाया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक किसान सलाहकार घटना स्थल पर पहुंचकर आगलगी में फसल का नुकसान का जायजा लिया एवं कारण की जानकारी लिया । हालांकि आग लगने का कारण का पता अब तक नहीं चल पाया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार एवं कृषि पदाधिकारी ने किसानों को अंचलाधिकारी को आवेदन देने का साला हा देते हुए बताया कि उसके उपरांत सरकारी प्रावधान नियमानुसार किसानों का क्षतिपूर्ति मुआवजा के लिए अग्रतर करवाई की जाएगी ।

### विश्वविद्यालय के कुलाधि पति और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल नारायण सिंह के द्वारा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव प्रतियोगित संपन्न

निज संवाददाता



**जमुहार (रोहतास)।** वाणिज्य संकाय, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार, सासाराम बिहार में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव व प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गया। सांस्कृतिक महोत्सव अनुगूंजम के बैनर तले विभिन्न श्रेणियों के कार्यक्रम यथा पोस्टर,स्केच, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, आर्ट एवं क्रॉफ्ट, न्यूजपेपर ड्रेस प्रतियोगिता, डिबेट और कविता पाठ जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का सफल आयोजन हुआ। इस दौरान बी.कॉम (आनर्स) एवं एम.कॉम पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधि पति और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल नारायण सिंह के द्वारा हुआ।

मुख्य अतिथि महोदय ने अपने संबोधन के दौरान समस्त छात्र छात्राओं को बताया कि वाणिज्य (कॉमर्स) समस्त आर्थिक गतिविधियों को समेकित करने और संजोने का बेहतर माध्यम है साथ ही आज के वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में वाणिज्य में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में आयोजित गतिविधियों के मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय अकादमिक डायरेक्टर सुदीप कुमार सिंह और परीक्षा नियंत्रक कुमार आलोक प्रताप रहे। कार्यक्रम के आखिरी कड़ी में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वाणिज्य संकाय के डीन प्रोफेसर डॉक्टर आशुतोष द्विवेदी ने युवाओं को संबोधित किया और कहा कि पठन-पाठन के साथ इस प्रकार के आयोजन युवाओं में नैतिक मूल्यों को पिरोने के साथ ही क्रियाशीलता के माध्यम बनते हैं। साथ ही प्रोफेसर द्विवेदी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संकाय के सह-आचार्य डॉ विशाल और सहायक आचार्य डॉ मयंक कुमार राय, डॉ नवेंदु निधान, चित्रा राव और कार्यालय सहायक अरून को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मां मुंडेश्वरी धाम परिसर में सांप काटने से दस साल के बच्चे की मौत

निज संवाददाता

**मोहनिया (कैमूर)।** कैमूर के मोहनिया थाना क्षेत्र में सांप काटने से एक बच्चे की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार परशुरामपुर गांव निवासी मौला देवी के बेटे किशन कुमार को मां मुंडेश्वरी धाम परिसर में सांप ने काटा। इसके बाद अस्पताल लेकर जाने की जगह उसकी मां ने झाड़ फूंक कराया। इलाज में देरी होने के कारण उसकी मौत हो गई। हालांकि बाद में उसको अस्पताल पहुंचाया गया। बच्चे की मां ने बताया कि वह और उसके बच्चे मंदिर परिसर में प्रसाद की दुकान चलाते है। पति की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। मंगलवार की रात वह लोग सोए हुए थे तभी एक सांप ने 10 साल के बेटे किशन के अंगूठे में काट लिया। बच्चे को फिर झड़वाने के लिए अमवा के सती मां के पास लेकर जा रहे थे।

रास्ते में जाम लगा हुआ था और वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद जब शव को लेकर आपने ससुराल परशुरामपुर पहुंची तो ससुराल पक्ष के लोगों ने यह कहते मारपीट शुरू कर दिया कि हमने ही बच्चे को मार डाला है। इसके बाद पुलिस को सूचना दिया। डायल 112 की टीम ने बताया कि गांव में मारपीट की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया।

## धूमधाम से मनाई गई सम्राट अशोक की जयंती

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** सम्राट अशोक की जयंती सासाराम नगर में मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सूर्य मंदिर वेदा से सुबह नौ बजे प्रारंभ हुआ। सम्राट अशोक के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर बाइक जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में बाइकसवार युवकों ने झंडा बैनर के साथ सम्राट अशोक महान अमर रहे के नारे लगाते हुए नगर भ्रमण किया। जुलूस शहर के वेदा, कचहरी, तकिया, मुरादाबाद, उचितपुर, लालगंज, कुराइच, गौरक्षणी, रौजा रोड, शिव घाट, जानी बाजार, शेरगंज, पोस्ट आफिस चौक, गांधी स्मारक, चौखंडी, गांधी नीम, चौक बाजार, आलमगंज, नूरनगंज, जगदेव पथ होते हुए कुशवाहा सभा भवन पहुंच कर सभा के रूप में तब्दील हो गया। जहां वक्ताओं ने सम्राट अशोक महान के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। बाइक रैली के दौरान पुलिस की व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पूरी रैली के साथ पुलिस के जवान भी शामिल रहें। चौखण्डी पथ उच्च विद्यालय में मंगलवार को प्रिंसिपल कक्ष में सम्राट अशोक जयंती मनाई गई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार सिंह, एनसीसी पधाधिकारी फर्स्ट ऑफिसर चंदन कुमार के नेतृत्व में पुष्प, कैंडल के साथ सम्राट अशोक की तस्वीर पर पुष्पाजंलि अर्पित किया गया। विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार सिंह,डॉक्टर हिमांशु त्रिपति, रामस्वरूप सिंह, सिंधु कुमारी, चंपा कुमारी, स्वेता कुमारी, जेबा प्रवीण, मनीष कुमार सिन्हा, जितेंद्र कुमार, लिपिक बलदाऊ सिंह ये सभी शिक्षक पुष्प श्रद्धांजलि देते हुए साथ ही छात्र-छात्रा और एनसीसी कैडेट भी पुष्प श्रंधांजलि देते हुए नमन किए।

रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
शुद्धता का प्रतीक, शुद्ध आहार आटा
शाश्वत राज एग्रो प्रा. लि.
ग्रोथ सेंटर : जसोईया, औरंगाबाद
5 किलो, 10 किलो एवं 25 किलो के पैक में उपलब्ध
शुद्ध आहार, स्वस्थ्य परिवार। शुद्ध आहार, खुशियां अपार
विशेषताएं
क्वालिटी : पुष्ट एवं उच्च क्वालिटी के गेहूं द्वारा निर्मित शुद्ध आहार। किसान की आमदनी बढ़ाया।
अत्याधुनिक मशीन : न्यूमेटिक सिस्टम (हवा पद्धति) द्वारा आटा की तैयारी शुद्ध आहार नयी प्रौद्योगिक लाया।
धुला हुआ गेंहू : गेहूं को साफ पानी से साफ कर आठ घंटे स्टे दिया जाता है ताकि रोटी ठंडा होने के बाद भी मुलायम रहे।
10 लाख से अधिक संतुष्ट उपभोक्ता

रामनवमी के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
अनिरुद्ध सिंह
पैक्स अध्यक्ष
ग्राम पंचायत- बकनौरा
प्रखंड- रोहतास, जिला- रोहतास

रामनवमी के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
परमानंद सिंह
पैक्स अध्यक्ष
ग्राम पंचायत- चांदी
प्रखंड- अकोढ़ी गोला, जिला- रोहतास

रामनवमी के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट
डिहरी ऑन सोन (रोहतास)
Sudha
अमित आनंद
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

रामनवमी के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट
बिहार सरकार और राज्य नर्सिंग काउंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त
अब नर्सिंग की पढ़ाई हुई आसान
नामांकन प्रारंभ नामांकन प्रारंभ नामांकन प्रारंभ



नामांकन हेतु संपर्क करें
ADMISSION OPEN
Hostel Available
ANM
Auxiliary Nurse Midwifery
द्विवर्षीय पाठ्यक्रम
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
9546392904, 7991187121
डा. शोभा रानी सिन्हा
(निदेशक)
ग्रोथ सेन्टर, जसोइया मोड़, औरंगाबाद

### फॉर्मेट सी-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा** **(सामाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय अच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

**अभ्यर्थी का नाम और पता :** श्रवण कुमार, ग्राम- सोनूबिगहा, पोस्ट+थाना- कादिरगंज, जिला- नवादा (बिहार)
**राजनीतिक दल का नाम :** राष्ट्रीय जनता दल
**( निर्दलीय अभ्यर्थी यहां :** ''निर्दलीय'' लिखें)
**निर्वाचन का नाम :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024
**निर्वाचन क्षेत्र का नाम :** 39, नवादा संसदीय क्षेत्र

मैं **श्रवण कुमार**, उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँः

(क) लंबित आपराधिक मामले

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, नवादा | मुफस्सिल थाना कांड संख्या 36/2011 | आरोप गठित | 147, 148, 149, 341, 323, 337, 427 भादवि। मारपीट से संबंधित |
| 2. | श्रीमती सिया श्रुति प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 236/2011 | आरोप गठित | 468, 420, 471, 171 (ई) 171 (एफ)/ 34 भादवि। चुनाव आचार संहिता से संबंधित |
| 3. | श्रीमान रोहित अमृतांशु प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | जी.ओ. 174/2006 | आरोप गठित | 40, बिहार माइंस एवं मिनिरल एक्ट खनन विभाग में राजस्व जमा करने से संबंधित |
| 4. | श्रीमती अनामिका कुमारी, प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 975/ 2020 | आरोप गठित नहीं | 188,9 बि. कंट्रोल द यूज एंड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट- 1995 चुनाव आचार संहिता से संबंधित |
| 5. | श्रीमान दिवाकर कुमार प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 209/ 2006 | आरोप गठित | 420, 120 (B), 411भादवि खनन विभाग में राजस्व जमा करने से संबंधित |
| 6. | श्रीमान रोहित अमृतांशु प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 1418/ 2021 | आरोप गठित | 147, 149, 341, 323, 504, 506, 379 भादवि मारपीट से संबंधित |

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण : लागू नहीं होता है

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं (शून्य) | लागू नहीं (शून्य) | लागू नहीं (शून्य) |

* राजद प्रत्याशी श्रवण कुमार द्वारा प्रकाशित।

रामनवमी के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सुपर स्पेशियलिटी एवं एडवांस होमियोपैथिक रिसर्च क्लिनिक
लाईफ लाईन
डॉ. मनोज कुमार
B.H.M.S (B.U. ) MUZ
पुराने रोग विशेषज्ञ
कैंसर, थाइरॉयड, गुप्त रोग, किडनी, प्रोस्टेट, लकवा, बांझपन, स्त्री रोग, चर्म रोग
लाइफ लाइन क्लिनिक
मेन रोड, मौलाबाग, दाउदनगर, औरंगाबाद (बिहार)
मो. 9431830753, 8102367014

रामनवमी के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
चित्रांश
Chana Sattu
शुद्ध चने का सत्तू
शुद्धता का प्रतीक चित्रांश शत्तु
प्रो. विमल सिन्हा
कर्मा रोड, औरंगाबाद

रामनवमी के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
रामस्वरूप सिंह
पैक्स अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया
पैक्स- बौर
प्रखंड- रफीगंज, जिला- औरंगाबाद

रामनवमी के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
मयंक कुमार सिंह
रोजगार सेवक
ग्राम पंचायत- भवानीपुर
प्रखंड- देव, जिला- औरंगाबाद

## संक्षिप्त समाचार

### चिनगारी से खेत में लगी आग, फसल हुई राख

**मानपुर**। सनौत पंचायत के भुआलपुर स्थित होली पब्लिक स्कूल के समीप हाई टेंशन बिजली की लाइन से निकली चिनगारी से गेहूं के खेत में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों द्वारा बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया । तबतक किसान की करीब छह कट्ठे में खड़ी गेहूं की फसल जल कर खाक हो गई।पीड़ित किसान बरेऊ निवासी चंद्रदेव महतो ने बताया कि खेत के ऊपर से 11हजार केवीए का तार गुजरा है। जर्जर होने के करण अक्सर चिंगारी निकलती है।

### नक्सल क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम

**फतेहपुर**। आसन्न लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस अधिकारियों व एसएसबी ने फतेहपुर प्रखंड के नक्सल और भेद्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही वहां के मतदाताओं को बिना कोई डर-भय के निर्भीक होकर मतदान करने के प्रति जागरूक किया। इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जाएंगे। फतेहपुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह और गुरपा थानाध्यक्ष राजेश पासवान ने बताया कि प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 345 चोढ़ी, 354 बगई, 356 पतवास और 357 बसकटवा नक्सल प्रभावित मतदान केंद्र की श्रेणी में है। इसी तरह प्रखंड की धरहराकला पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 333, 334 और 335 धरहराकला भेद्य मतदान केंद्र की श्रेणी में है। इन मतदान केंद्रों पर नक्सलियों, दबंगों या आपराधिक प्रवृति के लोग मतदाता को धमकाते, डराते हैं या फिर प्रलोभन देकर किसी खास प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए दबाब बनाते हैं। इन चिह्नित मतदान केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सोमवार को भी फतेहपुर और गुरपा थाना की पुलिस तथा 32वीं वाहिनी एसएसबी जी समवाय गुरपा ने सघन निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान मतदाताओं को निष्पक्ष और बिना किसी प्रलोभन के भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। थानाध्यक्षों ने बताया कि यहां प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। इसे निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए पूरे क्षेत्र में पुलिस व सुरक्षा बलों का लगातार फ्लैग मार्च हो रहा है। चुनाव के दिन प्रखंड के नक्सल, अतिसंवेदनशील, संवेदनशील, भेद्य और क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा। इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती रहेगी।

### लोकसभा चुनाव : छात्रों ने निकाली साइकिल रैली

**हरनौत**। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से प्लस टू स्कूल, हरनौत के छात्रों ने साइकिल रैली निकाली। इसे प्रभारी एचएम सुनील कुमार गवास्कर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक वोट से होती जीत-हार, नहीं करो इसका बहिष्कार। जो बांटे दारू, साड़ी और नोट, नहीं देंगे उसको वोट। आदि नारों के साथ छात्रों ने बाजार के विभिन्न गली-मोहल्लों में जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में बीआरपी नरेश दास, शिक्षक प्रमीत कुमार विद्यार्थी, नीलम संध्या, पुनम, सुरेंद्र कुमार व अन्य ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### पकावापर गांव में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

**गिरियक**। नगर पंचायत गिरियक के वार्ड नंबर एक पकावापर गांव में सोमवार को शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बीते 12 अप्रैल से ही अनुष्ठान चल रहे थें। सोमवार को शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो गया। मंगलवार को अखंड के समापन पर भंडारा का आयोजन किया जायेगा। अखंड कीर्तन में प्रखंड क्षेत्र के बारसी बिगहा, गड़ेरिया बिगहा, दुर्गानगर, काली बिगहा, घोराही, कांदोपुर, मंगर बिगहा, बगहा पर, डा. इंग्लिश, चमरडीहा इत्यादि गांव के श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामेश्वर व्यास, श्याम सुंदर प्रसाद, गुरु स्वाहा यादव, गिरनी यादव, रघुवीर यादव, अनुज चौहान, अजय कुमार, निरज कुमार, विजेंद्र यादव, मंटू यादव, अविनाश कुमार, मनोज कुमार, नीतीश कुमार, सुनील कुमार, विष्णुदेव यादव, मिंता देवी, राहुल उपाध्याय, संजीत उपाध्याय, गुड्डू उपाध्याय, अजीत उपाध्याय, विष्णु उपाध्याय आदि जुटे हैं।

### माता महाकाली का पट खुलते ही जुटने लगे भक्त

**हिलसा**। चैती नवरात्र की सप्तमी यानी सोमवार को माता महाकाली का पट वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोला गया। पट खुलने के बाद मां काली के दर्शन और पूजा करने के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। मां के जयकारा से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। सांसद कौशलेन्द्र कुमार, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने मां की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर के प्रधान पुजारी संयोगानंद पाठक ने बताया कि वासंती नवरात्र की सप्तमी को मां का पट खोल दिया गया। आदर्श आचार संहिता को लेकर इस बार सरकार के गाइड लाइन के अनुसार माता की पूजा की जा रही है। कोई विशेष कार्यक्रम की अनुमति प्रशासन से नहीं मिली है। मौके पर मंदिर कमिटी के संयोजक राजेश कुमार, प्रफुल पटेल, योगेंद्र प्रसाद, मुन्ना कुमार, महेंद्र प्रसाद, रामबाबू पांडे, सौरव कुमार, नीरज कुमार, कन्हैया कुमार आदि उपस्थित थे।

### नालंदा DM ने आपदा के अधिकारियों को दिया निर्देश

**नालंदा**। DM शशांक शुभंकर ने आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में AES, जापानी इंसेफेलाइटिस, दिमागी बुखार, चमकी बुखार, लू से बचाव के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। DM ने निर्देश देते हुए कहा कि AES/JE से प्रभावित बच्चों को बिना इलाज के रेफर न करें। स्थानीय PHC स्तर पर प्रभावित मरीजों का इलाज हर हाल में सुनिश्चित करेंगे। ताकि रेफर के समय कोई विशेष खतरा न हो सके। पंचायत स्तर पर मोबाइल नंबर के साथ एंबुलेंस का टैगिंग करें। इलाज में विलंब न हो इसके लिए एंबुलेंस नहीं मिलने की स्थिति में आवश्यकता अनुसार पीएचसी प्रभारी पदाधिकारी मरीज को निजी वाहन से भेजने के लिए वाहन भाड़ा का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, पीएचसी पर प्रचुर मात्रा में ओआरएस, पेरासिटामोल की दवा हर हाल में उपलब्ध रखेंगे। साथ ही स-समय आवश्यक दवा मरीजों तक उपलब्ध भी कराएंगे। आशा, आशा फैसिलिटेटर, एएनएम, सीएचओ, इएमटी, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका और सहायता समूह और अन्य सरकारी और सामाजिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से एईएस/जेई से सुरक्षा के लिए "चमकी को धमकी " का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए प्रभावित मरीजों तक आसानी से आवश्यक दवा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल जमाव/वॉटर लॉगिंग से डेंगू का खतरा बढ़ जाता है। मच्छरों से सुरक्षा के लिए क्षेत्रों में दवा का छिड़काव और फॉगिंग करना सुनिश्चित करेंगे। ताकि मच्छरों के प्रकोप से बचा जा सके।




### संदिग्ध स्थिति में व्यक्ति की मौत, काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर लोगों को हुआ संदेह

**नालंदा**। नालंदा में संदिग्ध हालत में एक अधेड़ की सोमवार को मौत हो गई। मामला तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलहाड़ा गांव का है। मृतक की पहचान तेल्हाड़ा गांव निवासी स्वर्गीय किशोरी प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र सूरज देव प्रसाद के रूप में की गई है। परिजन देर शाम पुलिस की मदद से शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर पहुंचे। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि सोमवार की सुबह काफी देर तक सूरज देव प्रसाद अपने कमरे से बाहर नहीं निकले उन लोगों को संदेह हुआ। इसके बाद सूरज देव प्रसाद को नींद से जगाने का प्रयास किया गया। लेकिन किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। सूरज देव प्रसाद को डॉक्टर के पास ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि हार्ट अटैक से मौत हो गई है। तेल्हाड़ा थाना अध्यक्ष जय प्रकाश ठाकुर ने बताया कि अधेड़ की मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# गेहूं के फसल में लगी आग, तीन किसानों को भारी नुकसान

निज संवाददाता। गया

गया के कोंच प्रखंड अंतर्गत बीजहरा गांव के बधार में गेहूं के फसल में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि जब तक ग्रामीण आए तब तक फसल जल चुका था। आग लगने का कारण प्रवाहित बिजली का तार बताया जा रहा है। जो पेड़ से होते हुए खेत तक गुजरा। लगभग 2 बीघा में लगे गेहूं के फसल को आग ने चपेट में ले लिया, जिससे किसान को अच्छा-खासा नुकसान हुआ है।



**खेत में लगी आग किसान को लाखों का नुकसान**: घटना के संबंध में कोंच बीजहरा गांव के रहने वाले तीन किसानों के फसल में आग लग गई। आग लगने की घटना मंगलवार शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बीजहरा गांव स्थित खेतों में लगे गेहूं का फसल लगा हुआ था। फसल पूरी तरह पक चुका था। अब इस फसल को किसान खेतों से काटने ही वाले थे कि अचानक आज अगलगी हो गई। छोटन यादव पिता ललन यादव, उपेन्द्र यादव पिता कृष्णा यादव समेत मुन्ना यादव पिता बृजमोहन यादव के खेतों में आग लग गई।

**खेत में गेहूं के फ़सल जलने के बाद की तस्वीर**: पीड़ित किसान छोटन यादव ने बताया कि हमें ग्रामीणों से सूचना मिली कि आपके खेतों में आग लगी है। जब हमलोग शोर-मचाते बधार में पहुंचे तब तक देर हो चुकी थी। लगभग 40 कट्ठा में लगे गेहूं का फसल आग की आगोश में समा चुका था। हम सभी ने किसी तरह आग पर काबू पाने की कोशिश की। मोटर पंप चालू करने के साथ-साथ ग्रामीण भी बाल्टी, लोटा जैसे भी हुआ खेतों में पानी डालें। इस बीच हम लोगों ने अग्निशमन को भी फोन किया था। लेकिन अग्निशमन के आते-आते हम लोग आग पर काबू पा चुके थे। हालांकि तब तक काफी देर हो गई थी। हम सभी गांव के तीन किसानों का खेत में लगे गेहूं का फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया था। इस कारण हमलोगों को काफी नुकसान हुआ है।

# ठीक से नहीं बना खाना...मां ने डांटा, तो किया सुसाइड

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सोमवार की रात 14 साल की बच्ची ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मामला तेलमर थाना क्षेत्र के सोराडीह गांव का है। मृतका की पहचान पटना जिले के एटनावा गांव निवासी मनोज कुमार की बेटी स्वीटी कुमारी (14) के रूप में हुई है। स्वीटी अपने ननिहाल तेलमर के सोरहाडीह गांव में रह रही थी। घटना के संबंध में स्वीटी कुमारी के नाना रामखेलावन रविदास ने बताया कि स्वीटी की मां ने उसे डांट फटकार लगाई थी। इसी बात से आहत होकर उसने सीढ़ी के पास दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के वक्त घर में सब सो रहे थे। उसकी मां पड़ोस में शादी के मौके पर गीत गाने गई थी। स्वीटी ने सोमवार की शाम घर में जो खाना बनाया था, वह वो ठीक से पका नहीं था। इसके कारण उसकी मां ने फटकार लगाई थी, जब उसकी मां पड़ोस में गीत गाने गई तो मौका पाकर उसने फांसी लगा ली। घटना के वक्त उसकी 2 बहन 1 भाई और नाना घर में सो रहे थे। स्वीटी की बड़ी बहन शौच के लिए उठी तो घटना



का खुलासा हुआ। किशोरी के पिता बाहर रहकर मजदूरी का काम करते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद वह भी प्रदेश से लौट रहे हैं। 10 सालों से स्वीटी अपने माता-पिता भाई बहनों के साथ ननिहाल में ही रह रही थी।

**मां ने लगाई थी डांट-फटकार : पुलिस**: वहीं इस मामले में तेलमर थानाध्यक्ष शत्रुघ्न शाह ने बताया कि बच्ची की मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तो देखा कि गले में दुपट्टा लपेटा हुआ था। घर वालों ने बताया कि मां ने डांट-फटकार लगाई थी, जिसके कारण उसने फांसी लगा खुदकुशी कर ली। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# रामनवमी पर गया में निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा

निज संवाददाता। गया

गया में बुधवार को रामनवमी पर भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम सहित अन्य झांकी निकलेगी। इसके साथ ही पंजाब के लुधियाना से दिलेर खालसा समूह द्वारा युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। हरियाणा के कैथल से अघोरी नृत्य और पश्चिम बंगाल से राधा कृष्ण और राम दरबार की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे। एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू युवा शक्ति संघ इस साल भी कुछ नया करते हुए बिहार के सबसे विशाल शोभायात्रा निकालने की तैयारी में है। शोभा यात्रा काफी अद्भुत होगी। रामनवमी की दोपहर विष्णुपद मंदिर से हजारों राम भक्तों के साथ शोभायात्रा निकलेगी। यह जानकारी सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में संघ के छोटू बारीक, प्रवक्ता पं राजा आचार्य ने दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में भगवान राम लला मंदिर बनने के बाद राम भक्तों का उत्साह




दोगुना हो गया है। 800 से 950 मीटर लंबी शोभा यात्रा में राम भक्त पूरे पारंपरिक वेशभूषा के साथ हाथों में भगवा झंडा लिए जय श्री राम के नारे लगाते हुए चलेंगे। जीवंत झांकियों के साथ ऊंट, घोड़ा और बैलगाड़ी शोभायात्रा में होंगे। इस साल नयापन लाकर शोभायात्रा को आकर्षक बनाया गया है। शोभायात्रा दोपहर 12 बजे से विष्णुपद मंदिर से पूरे गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़े के साथ निकल कर चांद चौरा, रामसागर तालाब, नवागढी, नादरागंज कोयरीबारी, जीबी रोड, छत्ता मस्जिद, कोतवाली चौक, आजाद पार्क, पुरानी गोदाम, टिकारी रोड, केपी रोड, जीबी रोड से प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस विष्णुपद मंदिर आकर समाप्त होगी।

# ससुराल जा रहे युवक के साथ लूटपाट, हथियार के बल पर बाइक, चाकू मारकर किया जख्मी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सड़क लुटेरों ने बाइक सवार एक युवक के साथ चाकूबाजी कर लूट की घटना को अंजाम दिया है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत समस्ती रेलवे फाटक के समीप की है। लूटपाट के दौरान बदमाशों ने युवक को चाकू मार जख्मी कर दिया। जख्मी युवक दीपनगर थाना क्षेत्र के श्री राम नगर निवासी कृष्णदेव प्रसाद का पुत्र नीरज कुमार है। घटना सोमवार की रात की है। जख्मी युवक नीरज कुमार ने बताया कि वह दोस्त की बहन के तिलक समारोह लहेरी थाना क्षेत्र के मेहरपर से शामिल होकर अपनी बाइक से बिहार थाना क्षेत्र के राजा कुआं ससुराल जा रहा था। इसी बीच राजगीर-बख्तियारपुर रेलखंड के समस्ती रेलवे फाटक के समीप स्पीड ब्रेकर पर उसने अपनी बाइक को धीरे किया। अचानक तीन लोग बाइक के पास पहुंच गए और उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू उसके पीठ में लग गई। वह बाइक से नीचे उतर गया इसी बीच बदमाशों ने मोबाइल और पर्स लूट लिया गया। इसके बाद एक बदमाश ने पिस्तौल भिड़ा दी, वह जान बचाने के लिए वहां से भाग खड़ा हुआ।




**112 की टीम को दी जानकारी**: इसके बाद सभी बदमाश बाइक, मोबाइल और पर्स लेकर मौके से फरार हो गया। तभी थोड़ी देर बाद वहां से गुजर रहे एक अन्य मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह मदद के लिए नहीं रुका। पास के एक खेत में थ्रेसर चल रहा था। वहां जाकर किसान के मोबाइल से 112 डायल की गई। मौके पर पहुंची 112 डायल की पुलिस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी।

**क्या बोली पुलिस**: वहीं इस मामलें में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। डायल 112 की पुलिस ने भी घटना की जानकारी नहीं दी है। मामले का पता लगाया जा रहा है।

# नालंदा में पोखर में डूबने से किशोरी की मौत, गांव के बच्चों के साथ नहाने गई थी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के हिलसा थाना क्षेत्र के होरीलविगहा गांव स्थित पोखर में सोमवार को नहाने गई एक किशोरी की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के यारपुर गांव निवासी नायडू कुमार की बेटी सनज्योति कुमारी(8) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि सनज्योति सोमवार को बगल के गांव स्थित होरीलविगहा छठ घाट पर पूजा में शामिल होने के लिए गई थी। छठ व्रती भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान करने के बाद सभी लोग घर चले आए। कुछ देर बाद सनज्योति गांव के ही अन्य बच्चों के साथ फिर घाट पर जाकर पोखर में स्नान करने लगी। पोखर में अत्यधिक पानी होने की वजह से सनज्योति डूबने लगी। सनज्योति को डूबते देख बच्चों ने शोर मचाया। बच्चों की शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर



1 घंटे की मशक्कत के बाद शव को निकाला

पहुंचे और सनज्योति को करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद पोखर से बाहर निकाला गया। उससे पहले सनज्योति की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका तीन बहन और एक भाई में सबसे बड़ी थी। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पोखर में डूबकर किशोरी की मौत हुई है। पोस्टमॉर्टम के लिए शव बिहारशरीफ भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय द्वारा जेपीएन सदर अस्पताल को दिया गया सर्टिफिकेट

निज संवाददाता। गया

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शहर के जय प्रकाश नारायण अस्पताल को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड एनक्वास तथा लेबर रुम क्वालिटी इंप्रूवमेंट इनिशिएटिव लक्ष्य सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। जानकारी हो कि जनवरी माह में अस्पताल की सेवाओं को अलग-अलग केटेगरी में बांट कर इसका मूल्यांकन किया गया था। इसके बाद अब सभी निर्धारित मानकों पर योग्य उतरने के बाद यह सर्टिफिकेट दिया गया है। ओपीडी, ब्लड बैंक, लैब तथा सामान्य प्रशासन को 92 प्रतिशत, मैटरनिटी ऑपरेशन थियेटर को 93.69 प्रतिशत तथा लेबर रुम को 93.65 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। जेपीएन अस्पताल राज्य का छठा ऐसा अस्पताल है जिसे केंद्र सरकार की ओर से नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस




स्टैंडर्ड तथा लक्ष्य का सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से बढ़ा भरोसा सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिंह ने बताया कि मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा तथा साफ-सफाई से लेकर आवश्यक उपकरणों की मौजूदगी, प्रसव कक्ष सहित ऑपरेशन थियेटर में मौजूद आवश्यक संसाधनों का मूल्यांकन कर प्रमाणीकृत किये जाने से मरीजों का इस स्वास्थ्य केंद्र के प्रति भरोसा और अधिक बढ़ेगा। कहा कि अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, यूनिसेफ, पीरामल, पीएसआई की आंतरिक टीम ने पहले आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और इसके बाद राज्य तथा केंद्र स्तरीय टीम ने सुविधाओं और सेवाओं का मूल्यांकन किया। सुविधाओं और सेवाओं की उत्कृष्टता के आधार पर यह सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी गुणवत्ता में और अधिक सुधार लाने और इसे बरकरार रखने के लिए सभी कोशिश की जाती रहेगी। गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की उपलब्धता पर जोर सीएस डॉ. सिंह ने बताया कि अस्पतालों की उत्कृष्टता बरकरार रखने के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड तथा लक्ष्य सर्टिफिकेशन आवश्यक है। इस प्रक्रिया के तहत स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद सेवाओं व संरचनाओं पर नजर रखे जाने में मदद मिली है। इस मूल्यांकन प्रक्रिया से अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की उपलब्धता पर जोर होता है। बताया कि क्लिनिकल प्रोसेस के तहत ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, इमरजेंसी, लेबर रूम, मेडिकल रिकॉर्डस, मेडिकल एंड डेथ ऑडिट का मूल्यांकन किया जाता है।

# आग से झुलसकर बुजुर्ग महिला की मौत, खाना बनाने के दौरान हुआ हादसा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में आग से झुलस कर एक बुजुर्ग महिला की मंगलवार को मौत हो गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंद बेलदरिया पर गांव का है। मृतका की पहचान स्वर्गीय दुर्गा चौहान की पत्नी चिंता देवी (70) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में चिंता देवी के पुत्र अनुज चौहान ने बताया कि उसकी मां सोमवार को घर में खाना बना रही थी। तभी अचानक गैस लीक कर गया और वह आग से झुलस गई। स्थानीय लोगों ने उसकी मां को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पावापुरी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई।



अनुज चौहान ने बताया कि उसकी मां घर मे अकेले रहती थी। वह बाहर रहकर मजदूरी का काम करता है। गांव वालों ने घटना की जानकारी दी इसके बाद वह अस्पताल पहुंचा। वहीं इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। वहीं डॉक्टर के द्वारा मौत की पुष्टि के उपरांत स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। वहीं इस मामले में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# गया में मुस्लिम परिवार 70 साल से...बना रहा महावीरी झंडा, हर साल डेढ़ लाख तक बनाते हैं झंडा

निज संवाददाता। गया

गया शहर का एक मुस्लिम परिवार हैं, जो लगभग 70 साल से महावीरी झंडा बना रहा है। गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत केपी रोड डालमिया मार्केट के समीप मुस्लिम परिवार 70 साल से रामनवमी का झंडा बना रहे है। इस परिवार के मोहम्मद युनुस और सलीम बताते हैं कि पहले दादा-परदादा रामनवमी का झंडा बनाते थे। अब हम अपने पूर्वजों का काम संभाल रहे हैं। मोहम्मद युनुस और मोहम्मद सलीम साल भर में 50 हजार से डेढ़ लाख झंडा तैयार कर लेते हैं। इनके पिता और दादा ने यह धंधा शुरू किया था। अब उनके बेटे भी महावीरी झंडा बनाने के काम में



लग गए हैं।

**'1 लाख से डेढ़ लाख के बीच झंडा बनाते हैं'**: मोहम्मद सलीम ने दैनिक भास्कर को बताया कि उनका पिछले 70 साल से रामनवमी के लिए झंडा बना रहा है। मैं ख़ुद पिछले 35 साल से झंडा बनाने में लगा हूं। रामनवमी पर्व खत्म होने के बाद वह अगले साल के रामनवमी पर्व को लेकर झंडा बनाने में फिर लग जाते हैं। एक साल में लगभग 1 लाख से डेढ लाख के बीच झंडा बनता है, जिसकी कीमत 10 रुपए पीस से लेकर 5 हजार तक होती है। रामनवमी में 1000 से 5000 तक का झंडा बनाते हैं और 10 फीट से लेकर 50 फीट तक के झंडे का आर्डर ज्यादा आता है। उन्होंने आगे बताया कि उनके हाथों से सीला गया ध्वज, अनेकों शहर में लहराया जा चुका है। उसी तरह इस साल भी कई बड़े-बड़े महावीरी ध्वज तैयार किया जा रहे हैं, जो गया के विभिन्न अखाड़ों के जुलूस की शान और शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि ध्वज के लिए अधिकांश कपड़ा दिल्ली से मंगवाया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने की बैंकों के शाखा प्रबंधक के साथ बैठक

**आरा।** अभ्यर्थी व अनुश्रवण कोषांग के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम महेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में भोजपुर जिला अंतर्गत बैंकों के शाखा प्रबंधक के साथ बैठक की गयी। जिला समाहरणालय, आरा के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कोषांग के नोडल पदाधिकारी नरेश कुमार ने पीपीटी के माध्यम से सस्पिशियस ट्रांजैक्शन के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा दिए गए एसओपी के माध्यम से विस्तार से बताया गया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि किसी अकाउंट द्वारा किसी अन्य अकाउंट में आरटीजीएस किया जा रहा है तो इस पर नजर रखना है। इस संबंध में इनकम टैक्स अधिकारी को सूचित करना है।

### मुख्य सड़क से जोड़ने की मांग को ले केंद्रीय मंत्री को लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**आरा।** बिहिया प्रखंड के पिपरा जगदीश गांव को मुख्य सडक से जोड़ने की मांग को लेकर ग्रामीणों का शिष्टमंडल सोमवार को केन्द्रीय मंत्री सह सांसद आरके सिंह से मुलाकात की। ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर कहा कि राजस्व ग्राम पिपरा जगदीश अभी तक मुख्य सड़क से नहीं जुड़ा है। पिपरा जगदीश वर्ष 2001 से ग्राम पंचायत का मुख्यालय है। जहां करीब 1 करोड़ 43 लाख की लागत से वर्ष 2020 में पंचायत सरकार भवन का भी निर्माण कराया गया है। बावजूद पंचायत सरकार भवन तक आने-जाने के लिए सड़क नहीं है। मात्र 500 मीटर सड़क के अभाव उपेक्षित है। गांव की आबादी लगभग 5 हजार से ऊपर है। वर्षा के दिनों में गांव से जाने के लिए ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क का निर्माण हो जाने से पिपरा जगदीश के अलावा लहंग डुमरिया महादलित बस्ती व रामसौर समेत अन्य गांव के ग्रामीणों को भी फायदा होगा। ज्ञापन देने वालों में सुरेन्द्र प्रसाद, उमेश कुमार ओझा, वीरबहादुर सिंह, बबन प्रसाद सिंह, जयप्रकाश नारायण सिंह, उमाशंकर प्रसाद, गोपाल जी, बृजनंदन प्रसाद, मेही लाल रजक, हरेराम मिश्रा, भीम सिंह, मिथलेश पांडेय, प्रमोद कुमार तिवारी, रजनीश कुमार सिंह व प्रदीप कुमार समेत अन्य लोग है।

### शोक सभा का हुआ आयोजन

**कोईलवर।** कायमनगर के पंचायत पूर्व समिति सदस्य मुन्नी देवी के निधन पर जिला परिषद सदस्य रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। मालूम हो कि मुन्नी देवी का निधन पिछले 13 अप्रैल को लंबी बीमारी के बाद हो गया था। वो ज्ञानपुर की रहने वाली थीं। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। शोक सभा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से सरपंच रेहाना खातून, उपसरपंच चिंता देवी, मुखिया पिंकी देवी, पिंटू राय, छठू राय, वार्ड पंच व वार्ड सदस्य सदस्य सहित कई लोग शामिल हुए।

### आरके सिंह बोले-भ्रष्टाचार करोगे तो जाना होगा जेल

**आरा।** एनडीए का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कतीरा के पुराना होमगार्ड कार्यालय में हुआ। एनडीए के भाजपा प्रत्याशी राज कुमार सिंह ने पूजा-पाठ के बाद कार्यालय का शुभारंभ किया। उद्घाटन के पश्चात कार्यालय परिसर में हुई बैठक की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष संजय सिंह व संचालन सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा उपाध्यक्ष इंजीनियर धीरेंद्र सिंह ने किया। आरके सिंह ने कहा कि देश मे नरेन्द्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री एवं बिहार मे नीतीश कुमार जैसा मुख्यमंत्री अभी तक नही हुआ है। यह चुनाव प्रधानमंत्री के लिए है।राजग गठबंधन से प्रत्याशी नरेन्द्र मोदी है, लेकिन विपक्ष के कौन होंगे क्या राजमाता सोनिया या युवराज राहुल। भ्रष्टाचार करोगे तो जेल जाओगे। जाति चार ही है,महिला, किसान, गरीब और युवा। इन सभी के विकास के साथ ही विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे। यह मोदी के काम की गारंटी है। ऐसे विपक्षी प्रत्याशियों से सजग रहने की जरुरत है, जो विकास पर नही जाति पर मत प्राप्त करना चाहते। बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिले मे आजादी के बाद जितना विकास आरके सिंह ने किया है। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान, लोजपा जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, रालोमो जिलाध्यक्ष रोहित कुशवाहा आदि मौजूद थे।

# डुमरांव-विक्रमगंज मार्ग पर हादसा, ट्रक ने साइकिल सवार को कुचला

## नवमी पूजा का सामान खरीदने जा रहा था, लोगों ने NH जाम कर किया हंगामा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला के आथर गांव में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक 40 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई। युवक घर से बाजार के लिए निकला था। तभी सड़क पर ट्रक की टक्कर से गिर गया। उसके बाद ट्रक का पहिया उसके सिर पर चढ़ गया, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद ट्रक चालक भागने में सफल रहा। इस घटना के बाद अक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया, जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर सड़क से हटाया। वहीं डुमरांव के विधायक अजीत कुशवाहा, बीडीओ मनोज कुमार, प्रखंड प्रमुख अंकित कुमार और मुखिया रेखा देवी मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार को समझाने में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना डुमरांव-विक्रमगंज मुख्य पथ पर आथार गांव के पास हुआ है। बासुदेवा ओपी क्षेत्र के मुकुंदडेरा गांव निवासी पचरतन साह का 40 वर्षीय पुत्र सुरेश साह नवमी पूजा का सामान लेने साइकिल से बाजार जा रहा था। बताया गया कि तेज रफ़्तार ट्रक ने ओवरटेक करने के प्रयास में साइकिल सवार युवक ट्रक की चपेट में आ गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर



बुरा हाल है। वहीं आक्रोशित ग्रामीण एनएच-120 को जाम कर पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग करने लगे। सूचना पर नावानगर बीडीओ के अलावा वासुदेवा ओपी के प्रभारी, विधायक आदि पहुंचकर लोग पीड़ित परिवार की सहायता करने के प्रयास में लगे हैं। नावानगर बीडीओ मनोज कुमार ने कहा कि पीड़ित परिवार को फिलहाल प्रखंड से मिलने वाले पारिवारिक लाभ के अनुसार 20 हजार रुपए और कबीर अंत्येष्टि के तहत मुखिया रेखा देवी द्वारा 3 हजार की राशि पीड़ित परिवार को दिया गया है। आगे भी जो सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। सभी को समझाकर सड़क से हटाने का प्रयास किया जा रहा है। बहुत जल्द यातायात सुचारू किया जाएगा।

# सम्राट अशोक की जयंती पर निकली शोभा यात्रा

## 11 किलोमीटर तक बाइक से नारा लगाते दिखे लोग, जीवन से सीख लेने की कही बात



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में सम्राट अशोक की जयंती पर कुशवाहा महासंघ की ओर से 11 किलोमीटर लंबी शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा चौसा नगर पंचायत के अखौरीपुर गोला से शुरू होते हुए जिला मुख्यालय स्थित पीपली बुद्ध में समाप्त हो गई। महासंघ के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा कि यात्रा तिराहा, दुर्गा मंदिर, मिश्रवालिया, कम्हारिया मठिया मोड़ होते हुए चरित्रवन के रस्ते निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसके साथ ही रथ पर झाँकी भी निकाली गई। शोभा यात्रा में सबसे अधिक संख्या में लोग बाइक पर दिखें। सभी हाथों में बौद्ध धर्म का झंडा, सम्राट अशोक का झंडा और तिरंगा लिए हुए थे। इस दौरान लोगों ने कहा हमें चक्रवर्ती सम्राट अशोक के जीवन से सीख कर आगे बढ़ना चाहिए।

## विवेक एक निर्भीक पत्रकार और जुझारू समाजसेवी थेः डॉ. रमेश राय



निज संवाददाता। बक्सर

युवा पत्रकार विवेक कुमार सिन्हा की स्मृति में रविवार को चुरामनपुर स्थित ब्रह्म स्थान परिसर में हवन सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विवेक सिन्हा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान आयोजित कार्यक्रम में सर्व प्रथम ट्रस्ट के सदस्यों और स्वर्गीय विवेक सिन्हा के शिष्यों द्वारा हवन किया गया। हवन कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि चिकित्सक डॉ भूपेंद्र नाथ और ट्रस्ट के संरक्षक विनय कुमार सिन्हा ने विवेक कुमार सिन्हा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। मौके पर उपस्थित डॉ रमेश कुमार राय ने कहा कि विवेक एक निर्भीक पत्रकार, कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक और जुझारू समाजसेवी थे। डॉ भूपेंद्र नाथ ने कहा कि विवेक एक बेहतर इंसान थे। उन्होंने शिक्षा और पत्रकारिता में एक मुकाम हासिल किया। ट्रस्ट के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर दीपशिखा ने कहा कि विवेक दबे-कुचले की आवाज थे। सचिव विनय कुमार सिन्हा ने कहा कि विवेक की स्मृति को जिंदा रखने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा नगर भवन का नाम उनके नाम पर रखने की घोषणा की गयी थी पर उस पर अमल नहीं हुआ। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष उज्ज्वल सिन्हा ने कहा कि इस ट्रस्ट के माध्यम से अनेकों गतिविधियों का संचालन पूर्व में किया गया।

# पुलिस ने 25 आरोपियों को किया गिरफ्तार, हत्या के प्रयास, एससी-एसटी एक्ट के मामलों में एक्शन

## 80 लीटर देसी शराब भी बरामद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 25 लोगों गिरफ्तार किया है। इसमें हत्या के प्रयास में एक, अवैध खनन में एक, एससी-एसटी एक्ट में एक, वारंट में तीन एवं शराब में पन्द्रह पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान छह अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। करीब 80 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। 450 लीटर शराब विनष्ट कर दिया गया। चरपोखरी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट में एक आरोपित को धर दबोचा। बड़हरा पुलिस ने चोरी में एक को धर दबोचा। टाउन थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक को गिरफ्तार कर लिया। नवादा थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में रवि शंकर उर्फ रवि यादव को धर दबोचा। वह अनाईठ मोहल्ला का निवासी है।

**केस उठाने को लेकर फायरिंग कर हत्या का प्रयासः** नगर थाना क्षेत्र के शीतल टोला मोहल्ले में हथियारबंद तत्वों ने घर के बाहर बैठकर शराब पीने एवं कैसे उठाने के लिए दबाव बनाने का विरोध करने पर फायरिंग कर हत्या करने का प्रयास किया। हालांकि फायरिंग की घटना में युवक बाल–बाल बच गया । इसे लेकर विकास कुमार गुप्ता ने संबंधित थाना में दो के विरुद्ध नाम से प्राथमिक की कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक आरोपित उत्तम कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। घटना स्थल से खोखा बरामद किया गया है। सूचक के अनुसार साल 2023 में उनके बड़े भाई को गोली मारी गई थी। जिसमें आरोपित जेल गए थे, किस उठाने का दावा बनाया जा रहा था। घटना के समय आरोपित उनके दरवाजे के बाहर बैठक कर शराब पी रहे थे। इस दौरान शराब पीने का विरोध करने पर दोनों आरोपित उत्तम कुमार व सुमित कुमार गाली–गलौज कर मारपीट करने लगे। घटना के बाद पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तार के लिए छापेमारी कर रही है।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ईएलडी–300–डब्ल्यूसी–36–2023–24, दिनांक 10.04.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : ईएलडी–300–डब्ल्यूसी–36–2023–24, कार्य का नाम :** "सियालदह मंडल के केजीके कॉर्ड सेक्शन में ब्रिज नं. X/13 अप एवं डाउन दोनों की री–गर्डरिंग" के सिलसिले में 25 केवी ओएचई और संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.37,13,882/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 74,300/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि :** दिनांक 10.05.2024 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
SDAH-15/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EastemRailway @easternrailwayheadquarter


# भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

**केसठ।** आंबेडकर जयंती के अवसर पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मोटरसाइकिल जुलूस निकाला। जुलूस में अन्य युवाओं ने भाग लिया। नेतृत्व भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुदर्शन यादव बौद्ध ने तथा संचालन भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष हरे राम पासवान और सुधीर कुमार ने संयुक्त रूप से किया। जुलूस का शुभारंभ डॉ भीम राव अम्बेडकर के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। वही बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा और भीम आर्मी प्रदेश उपाध्यक्ष सुदर्शन यादव बौद्ध ने झंडी दिखा कर जुलूस को रवाना किया। जुलूस पुराना बाजार, नया बाजार से होते हुए प्रखंड के दर्जनों गांवों को भ्रमण कर पुनः नया बाजार पहुंचा। जुलूस में किसी तरह के अप्रिय घटना घटित न हो इसको लेकर प्रशासन की तैनाती रही। वही मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा रहे। जुलूस में जय भीम के नारे के गूंजता रहा। इस कड़ी में दूसरी तरफ रामपुर गांव स्थित एससी एसटी छात्रावास में एसडीएम राकेश कुमार, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी और बीडीओ की उपस्थित में बाबा भीम राव आंबेडकर की 133 वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई। जिसमे छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बीडब्ल्यूओ संजय कुमार ने किया। चित्रकला, निबंधन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### राजनीतिक समाजिक लोकतंत्र के बिना लबें समय तक नहीं चल सकताः डॉ. विनोद कुमार

**बक्सर।** बक्सर जननायक कर्पूरी ठाकुर विधि महाविद्यालय,बक्सर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सौजन्य से सचिव-सह- कार्यक्रम पदाधिकारी, मंगल सिंह के अध्यक्षता में अंबेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय सचिव-सह-विश्विद्यालय सीनेट सदस्य डॉ.विनोद कुमार सिंह एवं प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।अवसर पर सचिव-सह-सीनेट सदस्य डॉ विनोद कुमार सिंह ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अम्बेडकर साहब ने संविधान सभा में कहा था कि राजनीतिक लोकतंत्र, समाजिक लोकतंत्र के बिना लबें समय तक नहीं चल सकता, क्योंकि सामाजिक लोकतंत्र के मूल में स्वतंत्रता,समानता और भाईचारा होगा। प्राचार्य ने कहा कि उनका मुख्य मकसद समाज के दबे- कुचले एवं पीड़ित लोगों का सर्वांगीण विकाश था। कार्यक्रम में महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक डॉ पुष्पा सिंह,अलका कुमारी,उपेंद्र कुमार सिंह,सहायक धर्मेंद्र कुमार सिंह,चतुर्थवर्गीय कुर्मी श्री जगन्नाथ राम, एनएसएस स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्रा शांतनु कुमार,अनिता कुमारी इत्यादि एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति रमावती कुमारी,रागनी कुमारी तथा अन्य ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/24/22, दिनांकः 15.04.2024,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: (1) **07245009ए**; एडब्ल्यूएसःए5.20/ए5.20एमः2005 (आर2015) के अनुसार शील्डेड ग्लास, क्लास I) स्पेसि. नं. आईआरएसः एम–46/20, ग्रेड ई71टी–12 के साथ फ्लक्स कोर्ड एमआईजी/एमएजी वेल्डिंग फिलर वायर का क्रय, साइज–1.2 मिमी डाया. आईसीएफ सब आइटम आईडीः2300251001; रु.1,27,630; (2) **10231188**; बैटरी चार्जर आदि का क्रय ; रु.0; (3) **22245121ए**; सेंट्रल वीनस कैन्यूअला ट्रिपल ल्यूमेन। स्पेसिफिकेशन–1) सामग्री–रेडियो ओपेक बायोकॉम्पैटिबल पॉलीयूरिथेन, 2) ल्यूमेन की संख्याः3 (तीन), 3) मापः 7एफ, 4) कैथेटर की लंबाईः16–20 सीएम, 5) संपूर्ण स्टेराइल सेट निम्नलिखित से संलग्न रहना चाहिए क) वाल्व नीडल, ख) ल्यूएर लॉक सीरिंज 5 मिली, ग) किंक प्रूफ, उपयुक्त साइज का गाइडवायर और निकलटाइटेनियम की बनी हुई लंबाई, घ) ट्रिपल ल्यूमेन 16जी–18जी–18जी रेडियोओपेक–बायोकॉम्पैटिबल–पॉलीयूरिथेन निर्मित, 7एफ बाहरी व्यास, सॉफ्ट टिप, वाल्व के साथ। गहराई के आकलन के लिए लेंथ मार्किंग जरूर रहनी चाहिए। कलर कोडेड लॉक फिटिंग्स एवं ल्यूमेन्स। क्यूटेनिअस फिक्सेशन के लिए चैनल जंक्शन पर फिक्सेशन विंग, ङ) उपयुक्त साइज का डाइलेटर, च) स्कैलपल, छ) एडहेसिव ड्रेसिंग, 6) स्टेराइल पाइरोजेन फ्री 7) लंबा समाप्ति काल; रु.0; (4) **22245307**; टैब/कैप वाल्सर्टन 26 मिग्रा. + सैकुबिट्रिल 24 मिग्रा.; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 29.04.2024 को 13.30 बजे (क्रम सं. 1 से 4 हेतु); (5) **22236037ए**; टैब/कैप सेमाग्लूटाइड 14 मिग्रा; रु.0 (6) **22236038ए**; टैब/कैप सेमाग्लूटाइड 3 मिग्रा; रु.0; (7) **22241068ए**; कैनाग्लिफ्लोजिन 100 मिग्रा. टैब/कैप; रु.0; (8) **22241210ए**; इंज. गोलिमुमैब 50 मिग्रा. प्रति 0.5 मिली. पीएफएस; रु.0; (9) **22245070ए**; इंज. डेक्सामिथेसोन इंट्राविटीरियल इम्प्लांट 0.7 मिग्रा.; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 30.04.2024 को 13.30 बजे (क्रम सं. 5 से 9 हेतु); (10) **11231042**; लोअर स्प्रिंग बीम (फोर्ज्ड टाइप) दोनों 16.25 टन और 13 टन बोगी आदि के लिए अल्टरनेट इक्वलाइजिंग स्टे कम्प्लीट का क्रय; रु.1,64,820; (11) **12245052**; एमएफआई मशीनों के लिए टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल सेट; रु.53,860; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 01.05.2024 को 13.30 बजे (क्रम सं. 10 और 11 हेतु); (12) **11241002**; बोल्सटर स्प्रिंग (हाई कैपासिटी पार्सल वैन के लिए) आदि का क्रय ; रु.1,09,170; (13) **11241753**; एक्सल बॉक्स (हाई कैपासिटी पार्सल वैन) आदि के लिए हेलिकल स्प्रिंग का क्रय ;रु.1,03,590; (14) **12245075**; आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–8748 के तहत 60 केजी मेटल लाइनर के क्रय हेतु रनिंग कॉन्ट्रैक्ट; रु.9,45,800; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 02.05.2024 को 13.30 बजे (क्रम सं. 12 से 14 हेतु); (15) **05231067ए**; आईएसः309/2005, 4था संशोधन, पुनःपुष्टि 2018 के तहत कम्प्रेस्ड ऑक्सीजन गैस का क्रय ; रु.92,170; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 03.05.2024 को 13.30 बजे; (16) **10241114**; पिनियन 16 टीथ ; रु.73,250; (17) **12245055ए**; यूनिमैट–4एस के लिए टैंपिंग टूल्स; रु.0; (18) **20241136**; ईएमयू के लिए अग्नि रोधी गुणों के साथ टैप चेंजर स्विच ग्रुप फाइबर ग्लास फ्रंट कवर (बड़ा); रु.0; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 06.05.2024 को 13.30 बजे (क्रम सं. 16 से 18 हेतु); (19) **04225022ए**; अनेक्सर–I के अनुसार अंडर कैरिज असेंबली कम्प्लीट का क्रय (एक सेट में 31 मद शामिल); रु.1,57,020; (20) **10231811**; ट्विन बीम हेड लाइट आदि की खरीद ;रु. 58,600; (21) **10231895**; स्लॉट वेज; रु.0 ; (22) **21241284**; बीएलसी वैगन के लिए 'एल' टाइप कम्पोजिशन ब्रेक ब्लॉक आदि; रु.71,910; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 09.05.2024 को 13.30 बजे (क्रम सं. 19 से 22 हेतु);(23) **10241024**; एल.ई.डी. आधारित फ्लैशर लाइट सिस्टम ;रु. 1,82,900; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 10.05.2024 को 13.30 बजे (24) **11231051ए**; मॉडिफिकेशन कार्य के लिए 4 अदद आइटमों का सेट आदि;रु. 1,28,850; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 15.05.2024 को 13.30 बजे; (25) **10242389**; बैटरी बॉक्स असेंबली ; रु.0; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 16.05.2024 को 13.30 बजे; (26) **15245018**; संलग्न तकनीकी स्पेसिफिकेशन अनेक्सर ए के अनुसार फुली ऑटोमेटेड एचपी स्टेरेलाइजर की आपूर्ति एवं आरंभ करना; रु.0; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 20.05.2024 को 13.30 बजे। **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 26 प्रत्येक हेतु। **टिप्पणीः** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।
STORES-04/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



बिहार सरकार

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, औरंगाबाद**
(मीडिया कोषांग)
लोक सभा आम निर्वाचन 2024
**आम सूचना**

लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष में निर्वाचन से संबंधित शिकायत दर्ज कराने / जानकारी प्राप्त करने हेतु 27X7 (अनवरत) कार्यरत है, जिसका टोल फ्री एवं दूरभाष संख्या निम्नवत है–

जिला नियंत्रण कक्ष, औरंगाबाद

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नम्बर | 18003451631 |
| दूरभाष संख्या | 06186–222238 |
| | 06186–222268 |
| | 06186–222267 |
| | 06186–222243 |
| | 06186–222276 |
| | 06186–222275 |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद
PR. No. 000168 ( District ) 2024-25
लोकसभा आम निर्वाचन 2024- कोई मतदाता न छूटे



बिहार सरकार

**समाहरणालय औरंगाबाद**
(मीडिया कोषांग)
लोक सभा आम निर्वाचन 2024
**आम सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये निदेश के आलोक में लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, स्वतंत्र एवं पारदर्शी रुप से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा श्री धर्मेंद्र सिंह, भा०पु०से० को पुलिस प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति की गयी थी, के स्थान पर श्री सुनील कुमार यादव, भा०पु०से० को 37–औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के लिए पुलिस प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति की गयी है, जिससे संबंधित सूचना निम्नवत है।

| क्र. सं. | प्रेक्षक का नाम | प्रेक्षक | मोबाईल नं० एवं ई–मेल आई.डी. | लोक सभा क्षेत्र का नाम | मिलने का स्थान एवं समय | सम्पर्क पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मोबाईल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुनील कुमार यादव, भा०पु०से० (P-32961) | पुलिस प्रेक्षक | Mob-8987211452 | 37–औरंगाबाद | जिला अतिथि गृह, गया (नया भवन) | श्री निर्भय कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, दाउदनगर मो०–7070420331 |

मतदान की तिथि :–19.04.2024
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद
PR. No. 000169 ( District ) 2024-25
लोकसभा आम निर्वाचन 2024- कोई मतदाता न छूटे



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं. : डब्ल्यू _एलएलएच_01_2024–25, दिनांक 06.04.2024,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा–711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई–निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** एलएलएच–कारखाना परिसरों पर आईएसः 10500ः2016 के अनुसार गुणवत्ता उत्पादन के साथ कार्बन फिल्टर एडवांस्ड एफआरपी प्रेशर वेसल के साथ एसी/डीसी आधारित आयरन एवं अन्य भारी सामग्री तथा मीडिया आधारित (एनएसएफ 372 एवं 61 और सीएसआईआर/ बीएआरसी प्रमाणित के साथ) ड्रिंकिंग वाटर प्यूरिफिकेशन सिस्टम (5 वर्ष की आयरन मीडिया प्रतिस्थापन वारंटी के साथ) का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.39,23,362.60, **बयाना राशि :** रु. 78,500/–**निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 29.04.2024 और 14.00 बजे। वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**
MISC-13/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, गोमो सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई.निविदा सं ELS_401_Trans_23-24_11 हेतु खुला ई. निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित है। 1. कार्य का नाम तथा स्थान : रेलवे के मटेरियल/ उपकरण के परिवहन हेतु विद्युत लोको शेड, गोमो से आवागमन हेतु परिवहन कार्यकलाप को अपयुक्त ट्रक से 2 साल के लिए किराये पर लेना। स्थान : विद्युत लोको शेड, गोमो। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹1,35,45,086.00 रू. (एक करोड़ पैंतीस लाख पैंतालीस हजार छियासी रूपये मात्र)। 3. अग्रधन राशि : ₹2,17,700.00 रू. (दो लाख सत्रह हजार सात सौ रूपये मात्र)। 4. निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय : 20.04.2024 से 04.05.2024 को 11:30 बजे निविदा बंद होने तक। 5. वेबसाईट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध है : आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in । निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित बिड (निविदा प्रस्ताव) केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुवल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुवल निविदा प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति : विद्युत लोको शेड, गोमो का सूचना पट्ट।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता/टी.आर.एस./ पूमरे/गोमो
पीआर/00081/डीएचएन/ईटीआरएस/टी/24–25/40

## एक नजर

### जिला अग्निशमन कार्यालय द्वारा जागरूकता रैली निकाल लोगों से किया गया सतर्क रहने की अपील



बेगूसराय। गर्मी का मौसम आते ही लगातार आग लगने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसको लेकर विभिन्न स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला अग्निशमन कार्यालय द्वारा जागरूकता रैली निकालकर लोगों से सतर्क रहने की अपील किया गया। अग्निशमन कार्यालय से निकला जागरूकता रैली सभी प्रमुख सड़क से होते हुए पुनः कार्यालय का समाप्त हो गया। इस दौरान जिला अग्निशमन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल तक पूरे देश में अग्नि जन जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। बेगूसराय में जन जागरुकता के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। रैली सहित विभिन्न प्रकार का खेल कराया जा रहा है। अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग कार्यक्रम कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। अग्नि एक ऐसी आपदा है जो जीवन भर की कमाई पल भर में खत्म कर देती है। सावधानी, सतर्कता और जागरुकता से ही अग्नि कांड से बचा जा सकता है। बिजली वायरिंग पर सबसे अधिक ध्यान देने की जरूरत है। घर से निकलने से पहले सभी स्वीच ऑफ कर दें। दोपहर में ग्रामीण क्षेत्र में खाना नहीं बनाएं, सुबह और शाम में भी खाना बनाने के बाद आग को अच्छी तरह से बुझा दें। उन्होंने कहा कि बीड़ी और सिगरेट का जला टुकड़ा आग लगने का बड़ा कारण है। बेगूसराय में 51 प्रतिशत आग बिजली के शार्ट सर्किट से लगता है। जबकि, 27 प्रतिशत आग चूल्हा की चिंगारी से भड़कता है, 12 प्रतिशत आग लगने का कारण बीड़ी और सिगरेट का अधजला टुकड़ा होता है। आग लगते ही तुरंत स्थानीय प्रशासन और दमकल की टीम को दें।

### चोरी की बाइक और कार के साथ युवक गिरफ्तार



**गोपालगंज (नि.सं.)**। गोपालगंज के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव के पास पुलिस ने एक युवक को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से पुलिस ने चोरी के बोलेरो और दो मोटर साइकिल बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार युवक से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। युवक की पहचान सारण जिले के पानापुर थाना क्षेत्र के पकड़ी नरोतम गांव निवासी भगेरन राम के बेटा अरुण राम के रूप में की गई। घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है, की पूर्व से गिरफ्तार आरोपी चोरी मामले में फरार चल रहा था। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली की नामजद आरोपी युवक बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में मौजूद हैं। प्राप्त सूचना के अधार पर पुलिस ने एक टीम गठित कर चांदपुर गांव में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया और थाना लेकर पहुंची। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया की गुप्त सूचना के अधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने चोरी किए गए वाहन को मझवलिया गांव में रखने की बात कही है, जिसके निशान देही पर मझवलिया गांव में छापेमारी की गई। जहां से पुलिस ने चोरी की एक बोलेरो और दो बाइक बरामद किया गया। उक्त दोनों बाइक पानापुर थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। बोलेरो के संबंध में जांच की जा रही है।

### मौसम बदलते ही बढ़ने लगे उल्टी दस्त और डायरिया के मरीज

**गोपालगंज (नि.सं.)**। मौसम में बदलाव होते ही डायरिया के मरीज बढ़ने लगे है। गोपालगंज के सदर अस्पताल में इस वक्त मरीजों से पूरा वार्ड फुल हो गया है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार 12 घंटे के अन्दर 80 डायरिया के मरीज इलाज कराने सदर अस्पताल पहुंचे है। ड्यूटी पर मौजूद डॉ कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी के बढ़ने से मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। शरीर में पानी कम होने पर हीट वेब से ग्रसित होकर सब अस्पताल आ रहे है। इसलिए जरूरी है की बचाव के लिए लोग पानी ज्यादा पिए और धूप में जरूरी काम के लिए बाहर निकले। वैसे फिलहाल सभी का इलाज किया जा रहा है। मौजूदा समय में इमरजेंसी वार्ड में कुल 135 बेड उपलब्ध है। सिविल सर्जन डॉ विरेंदे प्रसाद ने बताया कि विभाग की ओर से तैयारी पूरी है। अनुमंडल अस्पताल व सभी पीएचसी और सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को डायरिया व हीट वेव को लेकर अलर्ट रहने को कहा गया है। इसके अलावा सभी तरह की दवाइयां, स्लाइन आदि उपलब्ध करा दिया गया है।

### रामनवमी के एक दिन पहले निकली भव्य शोभा यात्रा



**मुंगेर (नि.सं.)**। मुंगेर में मंगलवार को रामनवमी के पूर्व दिवस पर रामोत्सव सेवा समिति तारापुर के बैनर तले भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस साल भी इसका आयोजन भव्य तरीके से किया गया। राम जानकी लक्ष्मण हनुमान के रूप में सुसज्जित बाल कलाकार रथ पर सवार थे। घोड़ों का आगे-आगे नृत्य हो रहा था। विभिन्न भूमिकाओं में हजारों लोग शोभा यात्रा में शामिल हुए। गाजीपुर मुस्लिम गांव में अकलियत वालों ने जुलूस में शामिल लोगों को शर्बत-पानी पिलाया। रामनवमी को लेकर जुलूस देवगांव के हनुमान मंदिर से निकाला गया। बजरंग दल RSS भाजपा के साथ विभिन्न दलों के समर्थक भी शामिल हुए। सामाजिक सौहार्द का मिसाल पेश किया। गाजे बाजे के साथ निकली जुलूस में जगह-जगह महिलाओं ने रामलला की आरती उतारी और तिलक लगाया। राजनीतिक दलों ने दलगत भावना से ऊपर उठकर हिस्सेदारी निभाई। उल्टा स्थान महादेव मंदिर के पास दुर्गावाहिनी की बहनों ने भव्य आरती उतारी। विधायक राजीव कुमार सिंह, भाजपा प्रवक्ता जयराम विपल्व, JDU नेता ई रोहित चौधरी, राजद नेता मंटु यादव भी जुलूस में साथ चल रहे थे। बजरंग दल के जिला सह संयोजक गौतम कुशवाहा, गौतम राज, अनुज कुमार, शेखर सिंह, संतोष कुशवाहा, सुमित कुमार, यश केसरी के नेतृत्व में यात्रा रत्नेश्वर नाथ महादेव तक जाकर फिर आरम्भ वाले स्थल पर वापस आ गई। शाम में विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर तारापुर एसडीपीओ सिंधुशेखर सिंह, थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी रागिनी कुमारी इंस्पेक्टर चंदन कुमार बीडीओ संजय कुमार सीओ संतोष कुमार अपर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सहित प्रशासनिक महकमा साथ चल रहे थे।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**भागलपुर (नि.सं.)**। भागलपुर में खेत में भैंस जाने का विरोध किया तो युवक को लाठी से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामला सुलतानगंज थाना क्षेत्र के कटहरा पंचायत का है। जहां पर किसान पंकज मंडल ने अपने खेत में भैंस चराने से मना किया तो आरोपियों ने कहासुनी करने लगे। फिर मारपीट में मामला तब्दील हो गया। सोमवार की देर रात आरोपी के घर समझाने गए किसान पंकज को गुलशन कुमार, मंटू यादव, सामान यादव, रोहित यादव बाजू यादव, महतो यादव, उदय यादव मुरारी यादव और उनके सहयोगियों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट कर किसान पंकज मंडल को घायल कर दिया। जख्मी अवस्था में पंकज किसी तरह परिजनों के सहयोग से सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल पहुंचा। जहां पर उनका इलाज जारी है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

भाजपा प्रत्याशी के नामांकन और संकल्प सभा में हुए शामिल

# अररिया जिला पहुंचे सम्राट चौधरी और चिराग पासवान समेत कई अन्य नेता

- **सम्राट चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह को भारी मतों से विजय बनाने की लोगों से की अपील**

निज संवाददाता



**अररिया**। अररिया लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होने वाला है। इसको लेकर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के नामांकन और संकल्प सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पहुंचे। इस दौरान लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कई अन्य नेता ने संकल्प सभा को संबोधित किया। इस दौरान सम्राट चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह को भारी मतों से विजय बनाने की लोगों से अपील की है। साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने विपक्षियों पर हमला करते हुए कहा कि याद कीजिए की विपक्षियों द्वारा कहा जा रहा था कि सरकार हम बचा लेंगे क्या हुआ था। खिलौना खेलने के लिए खेलने दीजिए। बिहार को लूटना ही उनके परिवार का काम रह गया है। भ्रष्टाचार और लूट, गुंडागर्दी से बिहार नहीं चलेगी, जिस तरह से अत्याचार लालू जी ने 15 सालों में किया है बिहार की जनता जानती है। इस दौरान बाड़ी-बाड़ी से आए सभी नेताओं ने संकल्प सभा को संबोधित किया। इस दौरान नामांकन और संकल्प सभा में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सहित भाजपा समर्थकों की भीड़ जुटी रही। संकल्प सभा को संबोधित करने के बाद भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने आए संकल्प सभा में स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद लेकर नामांकन करने समाहरणालय परिसर स्थित पहुंचे। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह डंडा अधिकारी सहित पुलिस बलों को प्रतिनियुक्ति किया गया था।

## विश्व गुरु बनेगा भारत : गिरिराज सिंह

निज संवाददाता

**बेगूसराय**। पीएम नरेन्द्र मोदी पर संविधान बदलने की कोशिश का आरोप लगाने पर राजद सुप्रीमो लालू यादव और अखिलेश यादव के बयान पर बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी परिवारवादी नहीं हैं, वह राष्ट्र के लिए जीते हैं, राष्ट्र के लिए मरते हैं। 2019 में एनडीए को 303 सीट मिली तो नरेन्द्र मोदी ने भारत को पूरे दुनिया में अग्रणी राष्ट्र बनाया। जिस दिन 400 के पार होंगे, भारत विश्व गुरु बनेगा, यही नरेन्द्र मोदी और देश का सपना है। देश जितना मजबूत होगा, उतना नरेन्द्र मोदी मजबूत होंगे। गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत मजबूत हो रहा है। इसी मजबूती से दुनिया में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होगा। लालू यादव जान लें की नरेन्द्र मोदी परिवारवादी नहीं है। अखिलेश यादव ध्यान दीजिए कि नरेन्द्र मोदी राष्ट्रवादी हैं, राष्ट्र के लिए जीते हैं और राष्ट्र के लिए मरते हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी के वन नेशन वन इलेक्शन को संघीय ढांचे के विपरीत बताए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि वह कह दें कि बाबा साहब अंबेडकर ने जब संविधान बनाया था तो 62 साल तक देश के विपरीत ही काम हुआ था।

## सिविल कोर्ट के सीनियर एडवोकेट के घर से 5.40 लाख की हुई चोरी



निज संवाददाता

**पूर्णिया**। पूर्णिया सिविल कोर्ट के सीनियर एडवोकेट बंद घर का ताला तोड़ चोरों ने 5 लाख 40 हजार की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गृहस्वामी सपरिवार 13 अप्रैल को पोते के मुंडन संस्कार में शरीक होने गांव गए थे। इसी का फायदा उठाकर बेखौफ चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। शातिर चोर घर में रखे 5 लाख के सोने-चांदी के जेवरात और 40 हजार कैश अपने साथ ले गए। वहीं चोरी की इस वारदात को लेकर एडवोकेट ने स्थानीय मधुबनी थाना की पुलिस को जानकारी दी है। पूरा मामला शहर के मधुबनी थाना क्षेत्र के अमला टोला इलाके की है। पीड़ित की पहचान पूर्णिया सिविल कोर्ट के सीनियर एडवोकेट जवाहरलाल सिंह के रूप में हुई है। वहीं पीड़ित के दोनों बेटे फॉरेन में इंजीनियर हैं। घटना की जानकारी देते हुए पीड़िता अधिवक्ता जवाहरलाल सिंह ने बताया कि वे सपरिवार घर बंद कर बीते 13 अप्रैल को पोते के मुंडन समारोह में शरीक होने अपने गांव बड़हरा कोठी थाना के ढिबरा गांव गए हर हुए थे। सोमवार को पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा हुआ पाया। जिसके बाद उन्हें घर में चोरी होने की शंका हुई। जिसके बाद पड़ोसियों ने कॉल कर घर में चोरी होने की बात बताई। सूचना के तुरंत बाद वे सपरिवार दौड़े भागे घर को पहुंचे।

यहां पहुंचने पर पाया कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है और कमरे का सारा समान बिखड़ा है। कमरे में मौजूद आलमारी का लॉक टूटा था। लॉकर में रखे गए 5 लाख रुपए के सोने -चांदी के जेवर समेत 40 हजार कैश गायब थे। जिसके बाद स्थानीय मधुबनी थाना की पुलिस को कॉल कर चोरी की घटना की जानकारी दी गई। वहीं घर में हुई चोरी की सूचना मिलते ही मधुबनी थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर घर मामले की छानबीन में जुट गई है। चोरी की वारदात को लेकर मधुबनी थाने में आवेदन दिया जा रहा है।

## शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से ढ़ाई लाख की फसल जलकर राख



निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा के हथियावा थाना क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट के कारण गेहूँ की फसल जलकर राख हो गई। घटना सदर प्रखंड के हथियावा गांव की बताई जा रही है। पीड़ित राहुल कुमार ने बताया कि टाटी नदी की तरफ उसका ढाई बीघा खेत है और फसल पूरी तैयार थी। घटना में सब बरबाद हो गया और 2.5 लाख का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही कई और किसानों का भी नुकसान हुआ है। इसके अलावा करंडे थाना क्षेत्र के छठीयारा पंचायत में भी आग लगने से गेहूँ की फसल जलकर राख हो गई। घटना सिझौडी गांव की बताई जा रही है। पीड़ित भरत महतो ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। इसके कारण पूरा पुंज जलकर राख हो गया। मामले को लेकर अग्निशामक चितरंजन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। दोनों जगहों पर दमकल दस्ता को भेजा गया। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। इसके अलावा पीड़ित किसानों ने प्रशासन से सरकारी सहायता देने की गुहार लगाई है।

जिला पुलिस ने कुल 499 लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी के पास भेजा था प्रस्ताव

# लोकसभा चुनाव को लेकर मिथिला के 303 शातिर होंगे जिला बदर, असामाजिक तत्वों पर रखी जा रही है नजर

- **चुनाव में रोज थाने में बनानी होगी हाजिरी**
- **चुनाव कार्य को कर सकता है प्रभावित**
- **मधुबनी में 9563 और दरभंगा में 7564 लोगों का बाउंड डाउन कराया गया है।**




निज संवाददाता

**दरभंगा**। लोकसभा चुनाव को लेकर अब तक मिथिला क्षेत्र के दरभंगा, मधुबनी और समस्तीपुर जिले के 303 शातिर और दबंगों पर क्राइम कंट्रोल एक्ट (3) के तहत कार्रवाई की गई है। जिला पुलिस ने कुल 499 लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी के पास प्रस्ताव भेजा था। इसमें 303 प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। शेष पर जल्द मुहर लगने की बात कही गई है। दरभंगा के 152 प्रस्ताव में 85 की स्वीकृति मिली है। समस्तीपुर में 272 के खिलाफ प्रस्ताव दिया गया था। इसमें मात्र 56 की स्वीकृति मिली है। जबकि, मधुबनी में 175 प्रस्ताव पर 132 पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपनी सहमति दे दी है। ऐसी स्थिति में संबंधितों को चुनाव के दिन जिला बदर होना तो पड़ेगा ही साथ में रोजाना थाना में आकर हाजिरी भी लगानी होगी। उधर, जिला पुलिस ने ऐसे भी शातिरों पर क्राइम कंट्रोल एक्ट (12) के तहत कार्रवाई चाहती है जो जेल से जमानत पर बाहर आकर चुनाव कार्य को प्रभावित कर सकता है। इसे देखते हुए दरभंगा जिला पुलिस ने दो शातिरों और समस्तीपुर पुलिस ने 17 शातिरों के खिलाफ जिला निर्वाचन पदाधिकारी के पास प्रस्ताव भेजा है। हालांकि, इसमें एक की भी स्वीकृति नहीं मिली है। मिथिला क्षेत्र के दरभंगा, समस्तीपुर और मधुबनी जिले की पुलिस लोकसभा चुनाव को भयमुक्त और निष्पक्ष रूप से कराने के लिए असामाजिक तत्वों और पूर्व के आरोपितों पर पैनी नजर रख रही है। इसके साथ ही संबंधितों पर निरोधात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा जा रहा है। अब तक सबसे अधिक निरोधात्मक कार्रवाई समस्तीपुर में किया गया है। यहां 9867 लोगों से बंध पत्र भरवाया गया है। जबकि, मधुबनी में 9563 और दरभंगा में 7564 लोगों का बाउंड डाउन कराया गया है।

आग की लपटों से सड़क से गुजरने वाले सड़क पर रुक गए सभी वाहन

## पटाखों से निकली चिंगारी से दो घरों में लगी आग एक ऑटो, स्कॉर्पियो और पिकअप जलकर राख

निज संवाददाता



**दरभंगा**। दरभंगा में बारात में चलाए जा रहे पटाखों से दो घरों के सभी सामान सहित एक ऑटो, स्कॉर्पियो और पिकअप पूरी तरह से जलकर राख हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थी की सड़क से गुजरने वाले सभी वाहन सड़क पर रुक गए। एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक यातायात व्यवस्था चरमराई रही। घटना सोमवार रात की है। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। मौके पर अंचल अधिकारी सहित पुलिस भी पहुंची। आग की वजह से SH-56 पर दोनों तरफ से लगभग एक किमी लंबा जाम लग गया। घटना कुशेश्वर स्थान पश्चिमी प्रखंड के औराही गांव के दरभंगा कुशेश्वर स्थान मुख्य मार्ग एसएच-56 के किनारे अवस्थित टोले बेलही की है। पीड़ित मो. कादिर ने बताया कि पड़ोस के ही मौलवी के मंझले बेटे की शादी थी। बारात में पटाखे फोड़े जा रहे थे। तभी चिंगारी फूस के बने घर पर जा गिरी। देखते ही देखते अचानक आग की लपटों ने पूरे घर सहित पड़ोस में स्थित भाई मो. नजीर और मो. तबारक का घर और सब्जी की दुकान भी पूरी तरह जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर बिग्रेड और बिजली विभाग को दी। मो. कादिर ने बताया कि हमलोग लेबर का काम करते हैं। शाम में दुकान के अंदर गाड़ी लगा दी। मेरे पड़ोस में शादी थी, जिससे हमलोग को कोई मतलब नहीं था। मेरा सारा काम का सामान भी गाड़ी में ही था। दुकान में ताला मारकर हम घर चले गए, जब मालूम हुआ कि घर में आग लगी है, तो हमलोग आए। पूरा सामान सहित गाड़ी जलकर राख हो गया था। कुशेश्वरस्थान पश्चिमी के सीओ ने बताया की घटना की जांच की जा रही है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट द्वारा रेलवे के टक्कर रोधी प्रणाली 'कवच' की कार्यान्वयन की गयी सराहना

**पूर्व मध्य रेल के ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड पर 'कवच' प्रणाली की स्थापना हेतु चल रहा है कार्य**

निज संवाददाता

**वैशाली (हाजीपुर)**। ट्रेनों में कवच (टकराव-रोधी) प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए भारतीय रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए, माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार (15 अप्रैल, 2024) को एक जनहित याचिका (पीआईएल) का निपटारा किया गया। यह जनहित याचिका पिछले साल बालासोर ट्रेन दुर्घटना के बाद रेलवे में टक्कर-रोधी उपायों में सुधार की मांग से संबंधित थी। विदित हो कि 'कवच' एक टक्कर रोधी तकनीक है। यह प्रौद्योगिकी रेलवे को शून्य दुर्घटनाओं के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। यह प्रौद्योगिकी माइक्रो प्रोसेसर, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम और रेडियो संचार के माध्यमों से जुड़ा रहता है। जैसे ही यह तकनीक एक निश्चित दूरी के भीतर उसी ट्रैक में दूसरी ट्रेन का पता लगाती है, तो ट्रेन के इंजन में लगे उपकरण के माध्यम से निरंतर सचेत करते हुए स्वचालित ब्रेक लगाने में सक्षम है। कवच एक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है जो आरडीएसओ द्वारा विकसित सुरक्षा अखंडता के उच्चतम स्तर SIL4 प्रमाणित है।

यह प्रणाली लोको पायलट को सिगनल के साथ-साथ अन्य पहलुओं की स्थिति, स्थायी गति प्रतिबंध (PSR) के बारे में संकेत देता है और ओवर स्पीड के बारे ड्राईवर को सचेत करता रहता है। यदि लोको पायलट प्रतिक्रिया नहीं देता है, तो प्रणाली पूर्व-निर्धारित समय के बाद ब्रेक लगाने की शुरुआत स्वतः करने लग जाता है। कवच प्रणाली मौजूदा सिग्नलिंग सिस्टम के साथ संपर्क बनाये रखता है तथा इसकी जानकारी परिचालन से जुड़े प्राधिकृत व्यक्तियों को निरंतर साझा करता रहता है।

यह प्रणाली किसी भी आपात स्थिति में स्टेशन एवं लोको ड्राईवर को तत्काल कार्रवाई हेतु सचेत करने, साइड-टक्कर, आमाने-सामाने की टक्कर एवं पीछे से होने वाली टक्करों की रोकथाम करने में पूर्णतः सक्षम है। इसके साथ ही यह सिस्टम रोल बैक/फॉरवर्ड और रिवर्स मूवमेंट की स्थिति में लगातार सचेत करता है एवं समपार फाटकों की जानकारी स्वचलित सिटी के माध्यम से प्रदान करता है। पूर्व मध्य रेल यात्री संरक्षा एवं सुरक्षा के प्रति सदैव तत्पर रहती है । इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों के संरक्षित परिचालन हेतु ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड पर ''कवच'' प्रणाली की स्थापना कार्य तेजी से चल रहा है।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत



निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाष से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# बकाए पैसे मांगने पर अपराधियों ने भाइयों पर बरसाईं गोलियां, एक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में दो चचेरे भाइयों को अपराधियों ने गोली मार दी। एक की मौत हो गई है, दूसरा घायल है। जिसकी मौत हुई उसके मुंह में बुलेट लगी। दूसरे के पीठ और कंधे पर। दोनों किसान हैं। करीब 6 की संख्या में अपराधियों ने हमला किया। दोनों ने पशु का चारा (भूसा) गांव के पवन यादव को एक माह पहले बेचा था। पेमेंट पूरा नहीं हुआ था। बकाया था, कितने पैसे को लेकर विवाद हुआ था ये अभी पता नहीं चल सका है। घर से ढाई किलोमीटर दूर दियारा में अपराधियों ने दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। मृतक मुकेश कुमार मंडल है और घायल कारेलाल मंडल का जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा। घटना दौलतपुर स्थित बहियार की है। वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हैं। मौके पर कितनी राउंड गोलियां चली, ये क्लियर नहीं है। परिजन और आसपास के लोग कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची तीन थानों की पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। घायल कारेलाल मंडल ने बताया कि गांव के पवन यादव को भूसा बेचा था। जिसका रुपया बकाया था। मांगने पर नहीं देता था और गाली-गलौज करता था। जिसका विरोध करने पर पवन यादव, रामू यादव, मिथुन यादव औप अशोक यादव ने गोली चलानी शुरू कर दी। गोलीबारी में मिथुन की मौके पर मौत हो गई है, जबकि मुझे कंधे पर गोली लगी है। मृतक के परिजनों के बीच मातम का माहौल है। बाथ थाना अध्यक्ष ने बताया कि भूसा को लेकर दोनों के बीच विवाद था। जिसमें दो लोगों को गोली मारी गई है। दोनों आपस में चचेरे भाई हैं। एक की मौत हो गई है, दूसरा जख्मी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## नक्सली नासूर पर नियंत्रण, निकालना होगा व्यवहारिक उपाय

तमाम प्रयासों के बावजूद छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना चुनौती बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर वहां नक्सली सक्रिय हो उठते और सुरक्षाबलों को चुनौती देते रहते हैं। अब तक वे बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों, राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की हत्या कर चुके हैं। अभियान चला कर सुरक्षाबलों ने भी अनेक नक्सलियों को मौत के घाट उतारा है। लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। उसी का नतीजा है कि बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान दस नक्सली मारे गए। यह निस्संदेह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी कही जा सकती है कि नक्सलियों को योजनाएं अंजाम देने से पहले ही मार गिराया गया। मगर वहां किस तरह नक्सली नासूर को पूरी तरह समाप्त किया जा सकेगा, इसका दावा करना मुश्किल बना हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से पार पाने के लिए कठोर से कठोर दमन का रास्ता आजमा चुकी हैं, पर उनका मनोबल तोड़ पाने में विफल ही रही हैं। दरअसल, छत्तीसगढ़ में आदिवासी समूहों को लगता रहा है कि सरकारें उनके संसाधनों पर पूंजीपतियों को कब्जा दिलाने का प्रयास करती हैं। जबकि सरकार का तर्क रहा है कि विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने और आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए औद्योगिक इकाइयों का विस्तार जरूरी है। इसे लेकर शुरू में सरकार और नक्सली नेताओं के साथ बातचीत के प्रयास भी हुए, पर उनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया। फिर सरकार ने आदिवासियों के भीतर से ही नक्सलियों के खिलाफ विद्रोह और दमन की रणनीति बनाई, पर वह भी कामयाब नहीं रही। उससे खून-खराबा जरूर कुछ अधिक बढ़ गया था। लंबे समय से अत्याधुनिक सूचना प्रणाली, हेलीकाप्टर आदि के जरिए उन पर नकेल कसने की कोशिश की जा रही है। नक्सली समूहों को मिलने वाली वित्तीय मदद, साजो-सामान आदि की पहुंच रोकने और स्थानीय लोगों से उनकी दूरी बढ़ाने के भी प्रयास होते रहे हैं, पर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कामयाबी नहीं मिल पाई है। जब तक इसका कोई व्यावहारिक उपाय नहीं निकाला जाता, इस समस्या पर काबू पाना कठिन बना रहेगा।

## राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान, टिप्पणियां अनुचित

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों की टिप्पणियों पर भारत सरकार ने सख्त एतराज जताया था। अब विदेशमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगाह किया है कि उन्हें भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से परहेज करना चाहिए, नहीं तो इसका बहुत कड़ा जवाब मिलेगा। आमतौर पर अपेक्षा की जाती है कि हर राष्ट्र दूसरे राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान करे और उनके आंतरिक मामलों में दखल देने से परहेज करे, मगर अक्सर देखा जाता है कि कमजोर देशों के मामलों में ताकतवर देश हस्तक्षेप करने का प्रयास करते हैं। इसी आदत के चलते जर्मनी, अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने भारत सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाने की कोशिश की थी। ऐसा नहीं माना जा सकता कि उन राजनयिकों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि भारत किस कदर भ्रष्टाचार और धनशोधन संबंधी मामलों को लेकर गंभीर है। ऐसे मामलों के आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाता है। फिर भी उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी की तो उससे यही जाहिर हुआ कि वे भारत के विपक्षी दलों के सुर में सुर मिला रहे हैं। उनकी टिप्पणियों से विपक्षी दलों को सरकार की आलोचना करने का आधार मिल गया था। यह ठीक है कि यह पहला मौका था जब किसी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया। उस गिरफ्तारी में समय के चुनाव को लेकर भी सवाल उठे, क्योंकि तब तक आम चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी थी। इस तरह चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को समान सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने का सैद्धांतिक पक्ष बाधित नजर आने लगा। मगर इस पर नजर रखने और कार्रवाई करने का अधिकार भारत के निर्वाचन आयोग और अदालतों को है, न कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका या जर्मनी के किसी राजनयिक को। यह भी ठीक है कि हर देश अपने राजनयिकों के जरिए दूसरे देशों की राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखता, वहां के चुनावों की खोज-खबर लेता रहता है, मगर वह चुनाव प्रक्रिया या वहां के राजनीतिक विवादों में पक्षकार की तरह शामिल नहीं हो सकता।

# भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना ही संघ का मुख्य लक्ष्य

(प्रह्लाद सबनानी)

*अतः आज विश्व के 53 देशों में 'हिंदू स्वयंसेवक संघ' की स्थापना की जा चुकी है एवं इन देशों में 1480 शाखाएं एवं 112 मिलन चलाए जा रहे हैं। हाल ही में आस्ट्रेलिया एवं अमेरिका के कई नगरों में संघ शिक्षा वर्ग आयोजित किए गए थे तथा इसी प्रकार विश्व के अन्य देशों को मिलाकर कुल 17 हिंदू हेरिटेज कैम्प भी आयोजित किए गए थे। अमेरिका में सेवा दीवाली बहुत धूमधाम से मनाई जाती है।*

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक नागपुर में दिनांक 15 से 17 मार्च 2024 को सम्पन्न हुई है। इस बैठक में पूरे देश से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और 'श्रीराम मंदिर से राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ओर' विषय पर एक प्रस्ताव भी पास किया गया। जैसा कि सर्वविदित ही है कि गौरवशाली हिन्दू सनातन संस्कृति विश्व में सबसे पुरानी संस्कृति मानी जाती है और इसी हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हुए भारत का इतिहास वैभवशाली रह पाया है तथा हिंदू सनातन संस्कृति का विस्तार इंडोनेशिया तक एवं सुदूर अमेरिका तक रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में अक्सर यह कहा जाता है कि संघ एवं इसके स्वयंसेवक करते क्या हैंगुरुवार 04 अप्रैल 2024 इसके उत्तर में अक्सर यह जवाब दिया जाता है कि संघ को यदि समझना है तो आपको संघ की शाखा में आना होगा। संघ, मां भारती को एक बार पुनः विश्व में गौरवशाली स्थान दिलाने के पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गम्भीर प्रयास कर रहा है। इस पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लाखों की संख्या में स्वयंसेवक आज संघ के साथ जुड़ चुके हैं। आज भारत के 45,600 स्थानों पर संघ की 73,117 शाखाएं, 27,717 साप्ताहिक मिलन एवं 10,567 संघ मंडली लगाई जा रही हैं। इन शाखाओं, साप्ताहिक मिलनों एवं संघ मंडलियों में स्वयंसेवकों में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव (राष्ट्र प्रथम) जागृत किया जाता है ताकि वे समाज में जाकर समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर भारत में समाज परिवर्तन का कार्य दक्षतापूर्वक कर सकें। संघ की शाखा सामान्यतः 60 मिनट की लगती है एवं इसमें शारीरिक व्यायाम, योग, प्राणायाम, खेल, बौद्धिक एवं प्रार्थना शामिल रहती है। बौद्धिक में सनातन संस्कृति एवं भारत के गौरवशाली इतिहास की जानकारी के साथ साथ भारतीय संतो, महात्माओं एवं महापुरुषों की जानकारी प्रदान की जाती है। समय के साथ साथ संघ ने अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन भी किया है एवं कई नए आयाम एवं कार्य अपने साथ जोड़े हैं। जैसे समाज के किन किन क्षेत्रों में क्या क्या काम करना है यह संघ के स्वयंसेवकों को बहुत स्पष्ट रूप से सिखाया जाता है। संगठन श्रेणी के साथ ही संघ में जागरण श्रेणी भी कार्यरत है। संगठन श्रेणी में शाखाओं के विस्तार, इसे सुचारू रूप से चलाने सम्बंधी कार्य, स्वयसेवकों का प्रशिक्षण एवं गुणवत्ता विकास आदि कार्य शामिल रहते हैं जबकि जागरण श्रेणी में समाज में जाकर किन क्षेत्रों में जागरण करना है, का निर्धारण किया जाकर इस क्षेत्र में स्वयसेवकों द्वारा कार्य किया जाता है। जैसे वर्तमान में जागरण श्रेणी में शामिल कार्य हैं - सेवा, सम्पर्क एवं प्रचार सम्बंधी कार्य। इसके अलावा 6 गतिविधियां भी हैं जो स्वयसेवकों द्वारा समाज के सहयोग से चलाई जाती हैं। इनमे शामिल हैं - धर्म जागरण समन्वय, गौ सेवा, ग्राम विकास, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के श्रीविग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दिनांक 1 से 15 जनवरी 2024 तक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र के आह्वान पर संघ के स्वयंसेवकों एवं समाज के विविध संस्थानों तथा संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया गया गृह सम्पर्क अभियान अभूतपूर्व सफल रहा था। देश के समस्त प्रांतों के 578,778 गांवों एवं 4727 नगरों के कुल 19.38 करोड़ से अधिक परिवारों से स्वयंसेवकों सहित 44.98 लाख से अधिक व्यक्तियों ने सम्पर्क किया था। यह भारतीय समाज में संघ की गहरी पहुंच और समाज में उसकी स्वीकार्यता को दर्शाता है। संघ के 40 से अधिक अनुशांगिक संगठन भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं, जो हिंदू सनातन संस्कृति एवं भारतीय परम्पराओं के आधार पर समाज में अपने कार्य को आगे बढ़ाते हैं। विश्व में वामपंथी विचारधारा के आधार पर चल रहे विभिन्न मजदूर संगठन अपने श्रमिक सदस्यों को संस्थान के केवल लाभ में हिस्सा लेने की प्रेरणा देते हैं और अपनी मजदूरी में वृद्धि के लिए अक्सर हड़ताल आदि का सहारा लेते हैं। उद्योग संस्थान में हड़ताल होने से न केवल उस विशेष उद्योग संस्थान का बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का भी नुक्सान होता है।जबकि, भारतीय मजदूर संघ, जो कि संघ का ही एक अनुशांगिक संगठन है, अपने श्रमिक सदस्यों को हड़ताल करने के लिए निरुत्साहित करता है और उसका नारा है कि 'संस्थान के लिए करेंगे पूरा काम और काम के लेंगे पूरे दाम'। यह अंतर है वामपंथी विचारधारा और राष्ट्रीय विचारधारा के संगठनों में। इसी प्रकार संघ के अन्य अनुशांगिक संगठनों में शामिल हैं - (1) सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - आरोग्य भारती, राष्ट्रीय सेवा भारती, भारत विकास परिषद, राष्ट्रीय चिकित्सा संस्थान, आरोग्य भारती, सक्षम (दिव्यांग नागरिकों के लिए), दीन दयाल शोध संस्थान। (2) सामाजिक संगठन - विश्व हिंदू परिषद, वनवासी कल्याण आश्रम, जनजाति सुरक्षा मंच, क्रीड़ा भारती, राष्ट्रीय सेविका समिति। (3) शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - विद्या भारती, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय शिक्षण मंडल, अखिल भारतीय शेक्षिक महासंघ, संस्कृत भारती, शिक्षा संस्कृत उत्थान न्यास। (4) आर्थिक क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - भारतीय किसान संघ, लघु उद्योग भारती, भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच, सहकार भारती, ग्राहक पंचायत। (5) वैचारिक समूह में कार्य करने वाले संगठन - प्रज्ञा प्रवाह, विज्ञान भारती, संस्कार भारती, इतिहास संकलन, साहित्य परिषद, अधिवक्ता परिषद। (6) सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - सीमा जागरण मंच, हिंदू जागरण मंच, अखिल भारतीय रक्षा परिषद। उक्त समस्त संगठनों को पूर्ण स्वायत्तता प्रदत्त है एवं संघ की ओर से किसी भी प्रकार का बंधन इन संगठनों पर नहीं रहता है। अपने आचरण, आचार विचार एवं कार्य पद्धति के आधार पर भारतीय मूल के नागरिक हिंदू सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में अन्य कई देशों में कार्यरत हैं एवं वहां निवास कर रहे हैं और इन देशों की अर्थव्यवस्था में अपने योगदान को दिनोदिन मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इन देशों के विभिन्न क्षेत्रों यथा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि में भारतवंशियों के योगदान को इन देशों मूल नागरिकों ने पहचाना एवं स्वीकारा है। इसके चलते लाखों की संख्या में विदेशी मूल के नागरिक हिंदू सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित हुए हैं एवं अब ऐसा माना जाने लगा है कि हिंदू सनातन संस्कृति पूरे विश्व में भविष्य का विश्व धर्म होने जा रही है।

# चुनाव की घोषणा के बाद काफी कुछ खो चुके हैं अखिलेश यादव

(अजय कुमार)

दरअसल जब से अखिलेश यादव के हाथों में समाजवादी पार्टी की कमान आई है, तब से सपा लगातार चुनाव हार रही है। 2014, 2017, 2019, 2022 के साथ ही नगर निगम चुनाव में भी सपा अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई है। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर सपा उपचुनाव हार गई। राजनीति में एक पुरानी कहावत है कि कोई गठबंधन या नेता किसी का स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। कल तक जो नेता सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ मिलकर मोदी-योगी के खिलाफ पानी पी-पीकर जहर उगल रहे थे, आज वो मोदी-योगी सरकार में शामिल हो चुके हैं। माना जा रहा है कि इसके पीछे काफी हद तक सपा मुखिया अखिलेश यादव जिम्मेदार रहे हैं। अब जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीखें पास आ रही है, वैसे-वैसे एक के बाद एक सहयोगी दलों के नेता समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब अपना दल कमेरावादी पार्टी का नाम भी शामिल हो सकता है। दोनों दलों के बीच नाराजगी के चलते दूरियां भी बढ़ने लगी है। वहीं भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद के साथ भी खेला हो गया है, जिसके बाद से सियासी गलियारों का पारा भी बढ़ गया है। चर्चाओं का दौर जारी है। चर्चा ये भी है कि अपना दल कमेरावादी पार्टी सपा से अलग हो गया है, बस औपचारिक घोषणा होना बाकी है। अखिलेश से दूर गठबंधन के सहयोगी तो जा ही रहे हैं पार्टी के कई नेताओं ने भी समाजवादी पार्टी छोड़ दी है और अभी भी यह सिलसिला जारी है। चुनाव की घोषणा होने के समय जो अखिलेश काफी मजबूत स्थिति में दिख रहे थे अब उनकी स्थिति काफी कमजोर हो गई है। कई मौकों पर तो वह स्वयं भी अपने आप को असहाय बताते नजर आ जाते हैं। दरअसल जब से अखिलेश यादव के हाथों में समाजवादी पार्टी की कमान आई है, तब से सपा लगातार चुनाव हार रही है। 2014, 2017, 2019, 2022 के साथ ही नगर निगम चुनाव में भी सपा अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई है। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर सपा उपचुनाव हार गई। हालांकि मैनपुरी लोकसभा और घोसी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के रिजल्ट जरूर अखिलेश के पक्ष में रह चुके हैं। इसी तरह चुनाव दर चुनाव में अखिलेश ने अन्य दलों के साथ गठबंधन किया लेकिन चुनाव बाद उस गठबंधन की गांठे खुलती गई। 2017 में कांग्रेस, 2019 में बसपा और 2022 में सुभासपा और जयन्त के साथ किए गए गठबंधन का हश्र एक ही हुआ। चुनाव से पहले गठबंधन हुआ और चुनाव बाद रास्ते अलग हो गए। हालांकि 2024 चुनाव के चलते राहुल और अखिलेश फिर से साथ आ गए हैं।अब इस लिस्ट में कई और भी नाम जुड़ने की ओर अग्रसर हैं। हालात यही रहे तो सपा मुखिया अखिलेश यादव को अपना दल कमेरावादी और एएसपी चीफ चंद्रशेखर आजाद से भी हाथ धोना पड़ जाएगा। इन दोनों दलों के नेताओं से बढ़ी दूरी का कारण भी अखिलेश यादव बताए जा रहे हैं। अपना दल क. की नेता पल्लवी पटेल सपा से विधायक हैं। उन्होंने 2022 विधान सभा चुनाव में सिराथू सीट पर केशव प्रसाद मौर्य को हराकर जीत दर्ज की थी। तब से पल्लवी और अखिलेश के राजनीतिक रिश्ते बढ़ गए थे। पल्लवी को उम्मीद थी कि सपा अपना दल क. अध्यक्ष कृष्णा पटेल को स्थ्स्ट या राज्यसभा के लिए भेजेगा। हालांकि विधान परिषद चुनाव और राज्यसभा चुनाव हो गए, लेकिन सपा ने कृष्णा पटेल के नाम पर सपा ने विचार भी नहीं किया, जिसके बाद पल्लवी की पार्टी ने भी अखिलेश से दूरी बना ली है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5341

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 5342



संकेत: बाएं से दाएं
1. यह अलाउद्दीन खिलजी का दरबारी कवि था और सितार और तबले के आविष्कार का श्रेय इन्हें दिया जाता है, इन्हें तोता-ए-हिंद भी कहा जाता है (6)
6. भाड़ में भुंजा गया अन्न, अन्न कण (2)
7. वर दक्षिणा को यह कहा जाता है (3)
9. मर्जी, इच्छा अनुमति (2)
11. किशोर कुमार की अभिनेत्री पत्नी (सिर्फ आरंभिक नाम)(2)
12. पृथ्वी, जमीन, धरती (1)
13. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)
15. मां का वह दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
17. सामंत शब्द का अपभ्रंश (3)
18. रफ्तार, गति (2)
20. इच्छा, मांग, जरूरत (3)
22. एक देवता जो कुबेर के सेवक और उनकी निधि के रक्षक कहे गए हैं (2)
23. प्रतीक्षा करने का भाव (अंग्रेजी)(2)
25. मध्यप्रदेश का एक जिला जो विदिशा सांची जैसे स्थानों के पास स्थित है (2)
26. मनुष्यों का वर्ग, भूखंड (3)
27. नगर का रहने वाला (4)

ऊपर से नीचे
1. बेवकूफ, चुकता किया हुआ (2)
2. लाट, धौलहरा, प्रशस्ति स्तंभ (3)
3. स्वयं, आप (2)
4. सखी, सहचरी (3)
5. वह डायरी जिसमें प्रतिदिन की कार्यवाही विवरण लिखा जाता है (5)
8. अवाम, पब्लिक (3)
10. एक रीछ जो सुग्रीव का मंत्री था (4)
14. स्वार्थी, मतलब परस्त, खुदगर्ज (4)
16. कर्नाटक के दक्षिण तथा ट्रावंकर के पश्चिम वाला पहाड़ी हिस्सा जो पश्चिमी घाट में है (5)
19. पश्चिमी एशिया में स्थित एक संप्रभु अरब अमीरात है जिसकी सीमा उत्तर में सऊदी अरब और उत्तर और पश्चिम में इराक से मिलती है (3)
21. निर्मित करना, काम के योग्य होना (3)
24. पानी भरने का नांद के आकार का बर्तन (2)

### वर्ग पहेली 5341 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ज | रा | त | | गु | ला | ब |
| ट | न | | ज | टि | ल | | घा |
| नि | क | ल | ना | | ब | हा | र |
| र | | त | | आ | द | मी | |
| पे | प | र | | त | न | | ब |
| क्ष | ति | | का | शी | | स्ना | ल |
| | ब्र | त | | | सौ | र | भ |
| बै | ता | ब | | भो | र | | इ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याएं दूर करने में बीतेगा। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु मौसम परिवर्तन का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। सेहत पर ध्यान दें और बाहर के खाने से बचें। मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### वृष
आज हर काम काफी सोचकर करने की जरूरत है। आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकरी करने वालों को वरिष्ठ अधिकारी का क्रोध झेलना पड़ सकता है। शाम के वक्त सामाजिक संबंधों से आपको लाभ होगा। नई योजना की तरफ ध्यान दें, अचानक लाभ हो सकता है।

### कर्क
आज आपको छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। आज आपको कारोबार में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। कोई भी काम करें तो सोचविचारकर करें। रात्रि का समय मित्रों और परिजनों के साथ खुशी में बीतेगा।

### सिंह
आज आपको कारोबार में मनचाही सफलता मिलेगी। सर्वार्थ सिद्धि योग के प्रभाव से आपको रुके हुए पैसे की प्राप्ति होगी और धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपको करियर और व्यापार में जबर्दस्त लाभ होगा। और आपके लिए स्थान परिवर्तन के सुखद संयोग भी बन रहे हैं।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए धन सम्मान से भरा होगा। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम में वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा और आपको घर का काम अधिक करना पड़ेगा। अच्छे काम करने से आपको लाभ होगा।

### कन्या
आज आर्थिक लाभ होगा और गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। आपको वाहन और भूमि खरीदने के मामले में लाभ होगा सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और घर की जरूरत का कोई सामान खरीदने में खर्च हो सकता है।

### तुला
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और परिवार में एकता का माहौल रहेगा। सफलता आपके कदम चूमेगी और आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। आप अपने सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### वृश्चिक
आज लाभ का दिन है। आज आपको अच्छे काम करने का फल अच्छा मिलेगा। स्वजनों से सुख मिलेगा और परिवार में सभी लोग प्रसन्न होंगे। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं।

### मकर
आज आपका दिन सम्मान से भरा होगा। आज आपके पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांति रहेगी। दूर-समीप का यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित हो सकता है। व्यवसायिक मामलों में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी।

### कुंभ
आज आर्थिक लाभ से जुड़ा होगा और आज आपको धन प्राप्ति के मामले में लाभ होगा। आपका विश्वास धर्म और आध्यात्म में बढ़ेगा और आपको कारोबार में मनचाहा लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ मिलेगा। नए संपर्क से आपके कुछ रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### धनु
आज भाग्य साथ देगा और आज आपको धन की बचत करने में सफलता मिलेगी। अनावश्यक चिंताओं से आपका मन परेशान होगा। नई उपलब्धियां आपको कड़ी मेहनत से मिलेंगी और आप अपनी जिम्मेदारियां पूरी कर पाएंगे। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें। वरना आपको धोखा मिल सकता है।

### मीन
आज लाभ का दिन है और आज आपका मन कुछ कर दिखाने का करेगा। अधिकारियों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे और आपको दूरगामी लाभ होगा। निराशाजनक विचारों से बचें और बेहतर होगा कि आप अपने काम पर फोकस करें। सायंकाल संतान पक्ष से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी के रंग में रंगा जमशेदपुर शहर



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर शहर रामनवमी के रंग में पूरी तरह रंग चुका है। शहर में हर जगह रामनवमी के पताके ही पताके दिख रहे हैं। बल्कि यह कहना गलत नहीं होगा कि शहर इन पताकों की वजह से भगवा रंग में रंगा दिख रहा है। इसके अलावा आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई है। खास तौर से महावीर मंदिरों और प्रमुख अखाड़ों के पास की छटा देखते ही बन रही है। दूसरी ओर, शहर में जो बांस के टाल हैं, वहां पर बांस खरीदने वालों की भीड़ दिख रही है। सुबह-सुबह बांस खरीदने सैकड़ों लोग पहुंचते हैं। इन्हीं बांसों में रामनवमी के पताके फहराए जा रहे हैं। ये बांस भी तरह लंबाई के हैं। कुछ तो 25-25 फीट लंबे हैं तो कुछ पांच फीट के भी हैं। पसंद के अनुसार लोग बांस और पताके खरीद रहे हैं। दूसरी ओर, बजरंगबली के भक्ति गीतों का शोर भी शहर में गूंज रहे हैं। जमशेदपुर में कुल 186 लाइसेंसी सहित कुल 197 रामनवमी अखाड़े हैं।

### ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस को डोंगरगढ़ में ठहराव

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर से गुजरने वाली शालीमार मुंबई ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस को दक्षिण पूर्व जोन ने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्टेशन पर 15 अप्रैल से ट्रायल में ठहराव दिया क्योंकि स्थानीय लोग महीनों से मुंबई ट्रेन के ठहराव की मांग उठा रहे थे। इससे पूर्व भी रेलवे जोन ने मुंबई मार्ग के स्टेशनों पर टाटानगर, हावड़ा, शालीमार व संतरागाछी की ट्रेनों को ठहराव दिया है। इधर, आद्रा रेल मंडल में लाइन ब्लॉक के कारण 17 और 19 अप्रैल को टाटा-हटिया एक्सप्रेस को बदले मार्ग पर चलने का आदेश दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से हुआ है। ब्लॉक के दौरान टाटानगर बक्सर एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित होगा।

### 19 से चलेगी दुर्ग से पटना स्पेशल ट्रेन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** यात्रियों की भीड़ के कारण रेलवे समर स्पेशल ट्रेन चलाने लगा। इससे 19 अप्रैल से 4 मई तक छत्तीसगढ़ दुर्ग से पटना स्पेशल ट्रेन चलाने का आदेश बिलासपुर रेलवे जोन से हुआ है। हालांकि स्पेशल ट्रेन टाटानगर नहीं आएगी लेकिन झारखंड व चक्रधरपुर मंडल के यात्री झारसुगुड़ा व राउरकेला होकर चलने वाली ट्रेन में रांची, मुरी और हटिया स्टेशन से पटना की यात्रा कर सकते हैं। इधर दक्षिण पूर्व रेलवे जोन मंडल व चक्रधरपुर मंडल भी टाटानगर स्टेशन होकर जल्द समर स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए वेटिंग पर नजर रखने लगा है ताकि यात्रियों को आवागमन में दिक्कत नहीं हो।

### गर्लफ्रेंड को घर बुलाकर मार डाला, फिर रातभर बैठा रहा लाश के पास, नाबालिग की हत्या से सनसनी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में एक 15 साल की लड़की की गर्दन में रस्सी बांधकर हत्या कर दी गई। घटना रविवार रात की है। हत्या की जानकारी आरोपी मरदा गांव निवासी 19 साल के नागेंद्र सिंह ने सोमवार सुबह खुद लड़की के परिजनों को फोन करके दी। इसके बाद परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। लड़की भंडरिया थाना क्षेत्र के नौका गांव के भेजरिया टोला की रहने वाली थी। जानकारी के मुताबिक, आरोपी नागेंद्र और लड़की के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी ने रविवार रात को लड़की को नए घर में बुलाया। उक्त घर में कोई नहीं रहता है। किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। विवाद के क्रम में ही नागेंद्र ने लड़की की गर्दन में रस्सी बांधकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को एक कोने में बैठने की मुद्रा में रख दिया। वह भी रातभर वहीं रहा। सुबह लड़की के परिजनों को हत्या करने की जानकारी दी। घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि शव को पुलिस ने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतका का शव गांव से करीब एक किलोमीटर दूर सोमवार को मरदा गांव में आरोपी 19 वर्षीय नागेंद्र सिंह के नए घर से बरामद हुआ। हत्या की खबर पाकर गांव के लोगों की भीड़ लग गई। उधर मृतका की मां विधवा तारा कुंवर का रो-रोकर बुरा हाल था।

# झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के कंट्री क्लब की क्यों होगी जांच, केंद्र सरकार का आदेश जारी

**रांची, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा संचालित कंट्री क्रिकेट क्लब के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय (एमसीए) ने सात मार्च को निर्देश जारी किया। प्रारंभिक पड़ताल के बाद कोलकाता क्षेत्रीय निदेशक के पास में मामले को भेजा गया। इस शुक्रवार को कंट्री क्लब पर जांच के लिए इंस्पेक्टर नियुक्त कर दिया गया। जांच इंडियन कंपनीज एक्ट की धारा 206(5) के तहत की जाएगी।

जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत अमिताभ चौधरी की पत्नी निर्मल कौर ने भ्रष्टाचार, धन कुप्रबंधन व फर्जी चुनावों का भी आरोप लगाया था। इसके अलावा सुनील सिन्हा नामक व्यक्ति ने भी शिकायत की थी। निर्मल की शिकायत में पटना के वकील और कंट्री क्रिकेट क्लब के पूर्व निदेशक राजीव कुमार सिंह का नाम शामिल है। क्लब के संचालन पर सार्वजनिक हित के लिए हानिकारक होने का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि मुख्य रूप से बीसीसीआई से मिल रहे अनुदान को क्रिकेट के विकास में लगाए जाने के बजाय विशिष्ट व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

शिकायत में नवंबर 2023 में हुई चुनाव प्रक्रिया में फर्जी टेंडरिंग और अनियमितताओं का हवाला दिया गया है। दिसंबर 2023 में भी निर्मला कौर ने झारखंड पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके आधार पर धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि जेएससीए के कुछ पदाधिकारियों ने राजीव कुमार सिंह के साथ मिलकर अमिताभ चौधरी के निधन के तुरंत बाद उनके लिए निर्धारित कक्षों में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश किया और सामान हटा दिया गया।

**क्लब की आय का हिसाब नहीं दिया जाता :** शिकायत में कहा गया है कि क्लब के खातों को ठीक से बनाए नहीं रखा जाता है। बिजली बिल और क्लब के



बिल का भुगतान बीसीसीआई अनुदान से किया जा रहा है। शिकायत में राजीव सिंह पर पटना में अपना प्राथमिक निवास होने के बावजूद स्टेडियम के भीतर स्थायी क्वार्टर रखने का आरोप लगाया गया है।

**ईडी भी पहले से कर रही एक मामले की जांच :** जेएससीए स्टेडियम के निर्माण में वित्तीय अनियमितता की जांच ईडी कर रही है। जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना में 196.23 करोड़ की अनियमितता की शिकायत पूर्व रणजी खिलाड़ी उज्ज्वल कुमार दास ने की थी। इस मामले में ईडी ने दास के अलावे केस के गवाह रहे सुनील कुमार सिंह का बयान दिसंबर 2022 में दर्ज किया था। इसी केस के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर दर्ज किया था। ईडी ने जांच के क्रम में जेएससीए से साल 2009-16 तक के तमाम वित्तीय लेन देन, बीसीसीआई से मिले फंड, स्टेडियम के निर्माण में हुए खर्च का विवरण मांगा था। जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय ने बताया, हमें ऐसी कोई जानकारी ऑफिशियल नहीं मिली है न ही कोई पत्र मिला है। क्लब के संचालन पर ज्यादा हस्तक्षेप जेएससीए प्रबंधन नहीं करता। जांच एजेंसी को जो भी सहयोग चाहिए वह हम उपलब्ध कराएंगे।

कंट्री क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष राजेश वर्मा बॉबी ने बताया, क्लब के लिए काम करना सम्मान का कार्य है। इसके लिए किसी को सैलरी नहीं मिलती। इससे होनेवाली आय से स्टेडियम मेंटेनेंस भी होता है। ऐसे में ये आरोप सही नहीं है। फिर भी जो जांच होगी, हम सहयोग करेंगे।

## धनबाद होकर दिल्ली और मुंबई के लिए चलेगी समर स्पेशल

**धनबाद, एजेंसी।** गर्मी की छुट्टियां और वैवाहिक लग्न के मौसम में रेलवे ने धनबाद होकर आनंद विहार (दिल्ली) और मुंबई के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। दोनों साप्ताहिक ट्रेनें आसनसोल से खुलकर वाया धनबाद होते हुए गंतव्य तक पहुंचेंगी। दिल्ली और मुंबई की स्पेशल ट्रेनों की बुकिंग शुरू हो गई है। बुकिंग शुरू होते ही तेजी से टिकट की बुकिंग हो रही है। हालांकि अभी दोनों ट्रेनों में पर्याप्त सीटें खाली हैं। इस तरह गोमो होकर रेलवे ने पटना से दुर्ग के बीच समय स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है।

**आसनसोल-मुंबई समर स्पेशल :** 01146 आसनसोल-सीएसएमटी मुंबई समर स्पेशल 17 अप्रैल से 29 मई तक हर बुधवार को आसनसोल से रात नौ बजे खुलकर रात 10.45 बजे धनबाद और गुरुवार की सुबह छह बजे डीडीयू रुकते हुए शुक्रवार की सुबह 08.15 बजे मुंबई पहुंचेगी। 01145 सीएसएमटी मुंबई-आसनसोल समर स्पेशल 15 अप्रैल से 27 मई तक हर सोमवार को मुंबई से सुबह 11.05 बजे रवाना होगी। ट्रेन अगले दिन दोपहर 2.05 बजे डीडीयू, रात 10.25 बजे धनबाद रुकते हुए रात 2.15 बजे आसनसोल पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन में फर्स्ट एसी की एक, सेकेंड एसी की दो, थर्ड इकोनॉमी क्लास की छह, स्लीपर की आठ और तीन जेनरल बोगियां होंगी।

**आसनसोल-आनंद विहार स्पेशल :** 03573 आसनसोल-आनंद विहार समर स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल से 28 जून के बीच हर शुक्रवार की सुबह 10.15 बजे आसनसोल से रवाना होगी। ट्रेन सुबह 11.35 बजे धनबाद, दोपहर एक बजे कोडरमा, दोपहर 2.05 बजे गया रुकते हुए शनिवार की सुबह 8.05 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में 03576 आनंद विहार-आसनसोल समर स्पेशल 20 अप्रैल से 29 जून तक हर शनिवार की सुबह 10.15 बजे आनंद विहार से खुल कर अगले दिन सुबह नौ बजे धनबाद और सुबह 10.20 बजे आसनसोल पहुंचेगी।

**पटना-दुर्ग समर स्पेशल :** 08793 दुर्ग-पटना समर स्पेशल 19 अप्रैल से तीन मई तक हर शुक्रवार को दुर्ग से दोपहर 1.25 बजे खुलकर देर रात 1.15 बजे रांची, रात 3.32 बजे बोकारो, सुबह 4.15 बजे गोमो और सुबह 09.30 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में 08794 पटना-दुर्ग समर स्पेशल 20 अप्रैल से चार मई के बीच हर शनिवार को पटना से दोपहर दो बजे खुलकर शाम 7.30 बजे गोमो, रात नौ बजे बोकारो, रात एक बजे रांची होते हुए अगले दिन दोपहर 1.55 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

# चुनाव प्रचार में आदिवासी सीटों पर जोर लगाने के लिए तैयार कांग्रेस, अन्य राज्यों से भी आएंगे वरीय नेता

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के आदिवासी बहुल सीटों पर कांग्रेस इस चुनाव में अधिक फोकस करेगी। हेमंत सोरेन के जेल में होने का नुकसान गठबंधन को नहीं उठाना पड़े, इसके लिए पार्टी ने तमाम वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। पार्टी की ओर से स्थानीय से लेकर केंद्रीय नेताओं तक को आदिवासी बहुल सीटों पर प्रचार करने के लिए भेजा जाएगा। इसके पीछे की सोच यह भी है कि सत्ताधारी गठबंधन के प्रति सहानुभूति रखने वाले मतदाताओं को कहीं से ऐसा नहीं लगे कि हेमंत सोरेन के जेल में होने से गठबंधन कमजोर हुआ है। पार्टी के अदिवासी नेताओं को विशेषकर इन क्षेत्रों में प्रचार के लिए लगाया जाएगा।

बताया जा रहा है कि देश के अन्य हिस्सों से भी आदिवासी नेताओं को प्रचार करने के लिए कांग्रेस झारखंड बुलाएगी। कांग्रेस झारखंड के हर लोकसभा क्षेत्र में इस बात को मुद्दा बनाएगी कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गलत तरीके से जेल में बंद किया गया है।

कांग्रेस अपने उम्मीदवारों के साथ-साथ महागठबंधन के उम्मीदवारों के प्रचार में इस बात को दोहराएगी। इस माध्यम से भावनात्मक तौर पर आदिवासी मतदाताओं को एकजुट करने की कोशिश होगी।

पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश



अध्यक्ष सुखदेव भगत समेत बंधु तिर्की जैसे नेताओं को आदिवासी मतदाताओं को एकजुट करने के लिए लगाया जाएगा।

कांग्रेस की ओर से चुनाव प्रचार में पहुंचने वाले स्टार प्रचारकों को भी यह जिम्मेदारी दी जाएगी कि वे लोगों को अधिक से अधिक इस विषय पर सोचने के लिए विवश करें। इस प्रकार के प्रयासों से छोटे भाई की भूमिका निकलकर कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका में आने की कोशिशों में भी जुटी हुई है।

आदिवासी मतदाताओं के बीच कांग्रेस जोर-शोर से सरना धर्म कोड का मुद्दा उठाएगी। गठबंधन सरकार इसके लिए विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को भेज भी चुकी है और अब इस विषय पर यह मुद्दा बनाया जाएगा कि केंद्र सरकार ही इस प्रस्ताव को आगे बढ़ने में रोड़े अटका रही है।

सरना धर्म कोड झारखंड के आदिवासी समुदाय के बीच एक प्रमुख मुद्दा है। इसके अलावा मणिपुर में आदिवासी समुदाय के बीच हिंसक झड़पों की अनदेखी करने के मामले को भी कांग्रेस अपने प्रचार अभियान में मुद्दा बनाएगी। आदिवासी महिलाओं को नंगा कर पीटे जाने के मुद्दे पर कांग्रेस आक्रामक रुख अपनाएगी।

## नक्सलियों को बड़ा झटका-टोंटो के जंगल में सुरक्षाबल के हाथ लगे कई सामान, माओवादियों का यह बड़ा प्लान हुआ ध्वस्त

**चाईबासा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पूर्व चाईबासा पुलिस को कोल्हान के जंगल में बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में हुसीपी गांव के पास जंगल से पुराने नक्सली डंप से भारी मात्रा में विस्फोटक, बम बनाने का सामान व अन्य सामग्री बरामद की है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि बीते दिनों से सुरक्षा बलों की एक संयुक्त अभियान गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम हुसीपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। इसी दौरान सोमवार को टोंटो थाना अंतर्गत हुसीपी गांव के पास जंगलों में नक्सलियों के द्वारा छुपा कर रखे गये भारी मात्रा में सामाग्री बरामद किया गया है।

इसमें सुरक्षाबलों ने 5 पैकेट अमोनियम नाइट्रेट, नान इलेक्ट्रिक कमर्शियल डेटोनेटर, चार पैकेट गन पाउडर, गन पाउडर से भरा हुआ कंटेनर, लोहे के टुकड़े, सल्फर पाउडर, 21 तीर बम, 2 लीटर पेट्रोल, 100 पीस सेफ्टी पिन, अल्युमिनियम का पाइप, प्लास्टिक का पाइप, वायर कटर, प्रिंटर, लाल बैनर कपड़ा सहित अन्य सामान बरामद किया है।

एसपी ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील होने की जानकारी मिली है।

इसी को देखते हुए सुरक्षा बलों की ओर से नक्सल विरोधी अभियान जारी है। हाल ही में 15 नक्सलियों ने चाईबासा पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। माना जा रहा है कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की निशानदेही पर ही सुरक्षा बलों को यह सफलता हाथ लगी है।

## जमीन घोटाला मामले में फिर बड़ी कार्रवाई, रांची सहित नौ ठिकानों पर छापामारी; ईडी ने जेएमएम नेता अंतु पर कसा शिकंजा

**रांची, एजेंसी।** जमीन घोटाला मामले में रांची सहित नौ ठिकानों पर ईडी ने छापामारी की है। रिमांड पर लिए गए सद्दाम से पूछताछ में मिले इनपुट पर ईडी ने मंगलवार की सुबह छह बजे से रेड शुरू की है। एक ठिकाना झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतु तिर्की का बताया जा रहा है।

अंतु तिर्की रांची के बरियातू में ही रहते हैं। यह जानकारी मिल रही है कि बरियातू स्थित झामुमो कार्यालय के नजदीक अंतु तिर्की के आवास में अधिकारी अंतु तिर्की से पूछताछ कर रहे हैं।

रांची के बरियातू स्थित 8.86 एकड़ जमीन हड़पने की कोशिश मामले में रिमांड पर लिए गए सद्दाम हुसैन से ईडी की पूछताछ जारी है। सद्दाम की रिमांड अवधि मंगलवार को समाप्त होगी, इसके बाद उसे ईडी की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा।

सद्दाम की रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए ईडी कोर्ट से आग्रह कर सकती है। इधर, पिछले सात दिनों तक रिमांड पर चली पूछताछ में ईडी ने सद्दाम से 14 फर्जी डीड के संबंध में जानकारी लेने की कोशिश की है।

ये डीड बंगाल में बने हैं। ईडी ने सद्दाम से जानने की कोशिश की है कि उसे इन फर्जी डीड को बनाने में किसका-किसका सहयोग मिला। फर्जी डीड बनाने के मामले में कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में भी प्राथमिकी दर्ज है। उक्त प्राथमिकी 26 जून 2023 को दर्ज हुई थी।

# बहन से नंबर मांगने लगा अख्तर, विरोध करने पर भाई को चाकू से गोदा; इलाके में तनाव

**रांची , एजेंसी।** बहन का नंबर मांगने के लिए विरोध विरोध करने पर एक युवक पर कुछ लड़कों ने अटैक कर दिया। आरोपी ने अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर युवक पर चाकू से वार कर दिया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में रेफरल अस्पताल से धनबाद रेफर कर दिया गया है। घटना धनवार थाना क्षेत्र के गोरहंद गांव की है।

मामला दो समुदायों के बीच होने के कारण गांव में तनाव है। सूचना पर धनवार पुलिस गांव में कैंप कर रही है। घायल नारायण राणा के 18 वर्षीय पुत्र नीरज राणा अनुसार बहन शाम पांच बजे गोरहंद के पंचखेरो डैम से पानी लेकर आ रही थी। रास्ते में गांव के ही अख्तर अंसारी ने बहन को रोककर मोबाइल नंबर मांगने लगा। जिसकी जानकारी बहन ने उसे दी। अख्तर को डैम से वापस लौटने पर रास्ते में नीरज ने उससे बहन का नंबर मांगने का कारण पूछा तो वह भड़क उठा।

उस वक्त लोगों ने किसी तरह दोनों पक्षों को समझाकर घर भेज तो दिया। लेकिन, कुछ देर बाद नीरज शौच के लिए डैम की तरफ गया तो अख्तर दोस्त आंसूफ अंसारी, शाहिद अंसारी, अरमान अंसारी, वारिश अंसारी, अफजल अंसारी आदि के साथ मिलकर उसे पकड़ लिया और गाली गलौज करने लगा। जब विरोध किया तो पीठ पर चाकू से वार कर दिया। लोहे से बने फाइटर से सिर पर वार कर दिया। इधर, हमला करनेवाले अरमान अंसारी को पुलिस देर रात हिरासत में ले लिया है।

गांडेय पुलिस ने थाना क्षेत्र के फूलजोरी गांव स्थित रेलवे फाटक से लगभग 50 मीटर की दूरी में एक युवती का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है। शव की शिनाख्त देवघर जिला के देवीपुर थाना क्षेत्र के टुम्बो गांव निवासी मुन्नु लाल सोरेन की 20 वर्षीय पुत्री सरिता सोरेन के रूप में की गई है।

जानकारी के अनुसार, रविवार रात गिरिडीह से मधुपुर जानेवाली ट्रेन की चपेट में आने से सरिता की मौत हो गई। युवती की ट्रेन की चपेट में आने की सूचना रेल चालक ने स्थानीय स्टेशन मास्टर को दी। इधर सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने रेलवे लाइन के समीप एक युवती का शव पड़ा हुआ देखा। शव को देखने ग्रामीणों की भीड़ जमा होने लगी। स्थानीय ग्रामीणों में से किसी ने गांडेय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर गांडेय पुलिस के एएसआई संतोष सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतका के पिता का मामा घर बेंगाबाद थाना क्षेत्र के हरिला गांव में है। शव की सूचना मिलने पर उनके परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतका के घरवालों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मृतका के चाचा मोहन सोरेन गांडेय थाना पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

# गडकरी की रजामंदी से अब बन रहा फ्लाईओवर, श्रेय लेने के लिए मची नेताओं में होड़

**गढ़वा, एजेंसी।** गढ़वा बाइपास सड़क का निर्माण विभिन्न चुनावों का मुख्य मुद्दा रहा है। नगर निकाय चुनाव से लेकर विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव में यह मुद्दा हावी रहा है। यूं कहे तो निर्वाचन के मौसम में गढ़वा बाइपास का मुददा चुनावी बवंडर उठाता रहा है। पक्ष व विपक्ष हमेशा इसे भुनाते रहे तथा कई चुनावों में प्रत्याशियों ने बाइपास के नाम पर वोट भी मांगे। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही एक बार फिर से यह चुनावी मुद्दा बनने को बेताब है।

मालूम हो कि गढ़वा जिला उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार की सीमा पर स्थित है। झारखंड समेत इन राज्यों से बड़ी संख्या में भारी व छोटे बड़े वाहन गढ़वा से होकर गुजरते हैं। बाइपास सड़क नहीं होने के कारण सभी वाहनों को जिला मुख्यालय गढ़वा के मुख्य पथ से होकर गुजरना पड़ता है।

जिसके कारण प्रतिदिन वाहनों की लंबी कतार लगती है तथा गढ़वा शहर की यातायात व्यवस्था लगभग थम सी जाती है। सड़क जाम के कारण लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण लंबे समय से बाइपास सड़क



निर्माण की मांग उठती रही है।

गढ़वा बाइपास सड़क का निर्माण 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। मगर निर्माण के दौरान गढ़वा प्रखंड के अचला में कब्रिस्तान आ जाने कारण काम रोकना पड़ा। कब्रिस्तान को बचाने के लिए लोगों ने आंदोलन करना पड़ा।

मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर समेत अन्य नेताओं ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से फ्लाइओवर बनाने की मांग की। गडकरी ने लोगों की समस्या समझी तथा फ्लाइओवर निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। जिसके बाद उक्त स्थल पर फ्लाईओवर का निर्माण शुरू दिया गया है। इस वर्ष निर्माण पूर्ण होने की संभावना है तथा लोगों को सड़क जाम से निजात मिल सकेगी।

चूंकि गढ़वा बाइपास सड़क निर्माण मुख्य चुनावी मुद्दा रहा है इसलिए इसका निर्माण शुरू होते ही पक्ष व विपक्ष में श्रेय लेने की होड़ मचती रही है। सांसद विष्णुदयाल राम, भाजपा नेताओं द्वारा लगातार लोगों को यह समझाने का प्रयास किया जाता रहा है कि यह केंद्र सरकार की योजना है तथा राज्य में सत्ताधारी दल के लोग केंद्र के काम को अपना बताने में लगे हैं।

सांसद विष्णुदयाल राम कहते हैं कि उनके प्रयास के कारण आज गढ़वा बाइपास निर्माण पूर्णता के कगार पर है वरना इसका निर्माण शुरू ही नहीं हो पाता। वहीं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के समर्थक बाइपास निर्माण मंत्री की पहल से शुरू होने की बात कहते रहे हैं।

मंत्री मिथिलेश का भी कहना है कि बाइपास सड़क निर्माण के लिए वह लगातार प्रयासरत रहे हैं। जब कब्रिस्तान पर फ्लाइओवर बनाने की बात आई तो मैंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर समस्या का समाधान कराया। अन्यथा यह कार्य अधर में लटक जाता।

## जमीन घोटाले में ईडी का बड़ा ऐक्शन, झारखंड में 9 ठिकानों पर छापेमारी

**रांची , एजेंसी।** कथित जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार को ईडी ने कुल 9 जगहों पर छापेमारी की है। ईडी ने यह रेड मोहम्मद सद्दाम से मिले इनपुट के बाद किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अंतू तिर्की के घर भी ईडी की टीम पहुंची।

ईडी की टीम जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, शेखर कुशवाहा समेत अन्य लोगों के यहां छापेमारी करने पहुंची। बरियातू में जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा यह कार्रवाई की गई है। ईडी को मोहम्मद सद्दाम ने इनपुट दिया है जिसके आधार पर यह छापेमारी की गई है। बता दें कि सद्दाम पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने में शामिल था।

ईडी ने कुछ दिनों पहले मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले में इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप को गिरफ्तार किया था। अब तक केंद्रीय जांच एजेंसी ने तीन लोगों को अरेस्ट किया है। ईडी ने आरोप लगाया है कि सद्दाम ने हेमंत सोरेन के लिए फर्जी दस्तावेज बनाया था। गिरफ्तारी के बाद सद्दाम से मिले इनपुट पर मंगलवार को ईडी का बड़ा ऐक्शन देखने को मिला है। आज कथित जमीन घोटाले में 9 जगहों पर छापेमारी हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपिका सिंह के साथ काम करके मुझे बड़ी बहन का प्यार अनुभव हो रहा है : सानिका अमित

**मुंबई, एजेंसी।** पूरे भारत में गृहिणियों का दिल जीतते हुए, कलर्स का 'मंगल लक्ष्मी' कुछ ही समय में घर-घर का पसंदीदा बन गया है। यह शो दो बहनों के सफर को खूबसूरती से दर्शाता है, जहां वे अपने जीवन में आगे बढ़ते हुए एक-दूसरे के परस्पर रिश्तों में उनके लिए सम्मान हासिल करने की कोशिश करती हैं। कहानी के अनुसार, मंगल (दीपिका सिंह द्वारा अभिनीत) को पूरे दिल से अपनी बहन लक्ष्मी (सानिका अमित द्वारा अभिनीत) का समर्थन करते हुए दिखाया गया है। वह लक्ष्मी की देखभाल अपनी बेटी की तरह करती है और उसके लिए ऐसा दूल्हा ढूंढने की कोशिश करती है, जो उसकी देखभाल करे और उसका सम्मान करे, कुछ ऐसा जिसका अनुभव मंगल ने खुद अपनी शादी में नहीं किया था। सानिका ने बताया कि उनके और दीपिका के बीच का रिश्ता मंगल और लक्ष्मी जैसा है। उन्होंने अभिनय में दीपिका के अनुभव से मिली सीख के बारे में बताया और उन उदाहरणों को याद किया जहां दीपिका ने कुछ शूटिंग सीन्स के दौरान उनकी मदद की थी। दीपिका कभी-कभी घर का बना खाना लाती हैं और उन्हें सेट पर घर जैसा महसूस कराती हैं। कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में लक्ष्मी की भूमिका निभा रहीं सानिका अमित कहती हैं, मैं घर में बड़ी बहन हूं, लेकिन इस शो में मुझे छोटी बहन बनने का मौका मिला है! कलर्स के मंगल लक्ष्मी से, मेरी इच्छा इस तरह से पूरी हो रही है जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। दीपिका सिंह (मेरी मंगल दीदी) के साथ काम करना लाजवाब अनुभव है। साथ ही, कार्तिक, अदित और जिया के साथ शूटिंग करना मज़ेदार है। यह शो मेरे लिए किसी आम मनोरंजन से कहीं बढ़कर है; यह मेरे लिए इमोशन है। न केवल एक बहन जैसा बॉन्ड, बल्कि मेरा जासूसी का पहलू भी, जिसे मैं शो में तलाशती हूं, वह मज़ेदार है! और यह हमारे ऑन-स्क्रीन प्रदर्शन में दिखाई भी देता है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक यूं ही हमें अपना प्यार देते रहेंगे, जैसा कि वे शो को अब तक देते आए हैं।

### गाड़ी की स्पीड मीटर के पास ड्राइवर को लगाना होगा परिवार का फोटो

**लखनऊ, एजेंसी।** तेज रफ्तार में वाहन दौड़ा रहे चालक के सामने अगर उसके परिवार की तस्वीर आ जाए तो वह अधिक संवेदनशील होगा और रफ्तार कम कर लेगा। लगातार हादसों को रोकने के लिए परिवहन विभाग कुछ इसी तरह का प्रयास कर रहा है। दरअसल शासन ने फैसला लिया है कि परिवहन निगम की बसों और व्यावसायिक वाहनों में चालक की सीट के सामने उसके परिवार की फोटो अवश्य रूप से लगाई जाएगी। मकसद यह है कि गलत ड्राइविंग के दौरान परिवार की फोटो पर नजर पड़ते ही उसे अपने घर और बच्चों का ख्याल आ जाए और वह सावधानी से वाहन चलाने लगे। उत्तर प्रदेश में प्रमुख सचिव परिवहन की अध्यक्षता में 16 मार्च को लखनऊ में बैठक हुई। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक सड़क सुरक्षा एवं यातायात ने आंध्र प्रदेश में किए जा रहे इस नवाचार के बारे में जानकारी दी। तय किया गया कि फोटो वाहन के स्पीड मीटर के पास लगेगी, जिससे कि चालक तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाता है तो उसे परिवार का ख्याल आ जाए और रफ्तार कम कर ले।

### कश्मीर में मस्जिद बनाने के लिए बुजुर्ग गरीब ने दान किया अंडा, 2 लाख से अधिक में हुआ नीलाम

**कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के एक गांव में मस्जिद निर्माण के लिए बुजुर्ग गरीब का दान किया एक अंडा दो लाख से अधिक कीमत में नीलाम हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गांव में मस्जिद बनाने के लिए कई लोग सामने आए हैं। इनमें एक गरीब शख्स का दान किया अंडा भी था। यह घटना अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। रिपोर्टों में कहा गया है कि सोपोर के सेब शहर में ग्रामीणों द्वारा मालपोरा गांव में मस्जिद के लिए दान जुटाना शुरू करने के बाद एक गरीब बुजुर्ग ने मस्जिद के लिए एक अंडा दान किया। मस्जिद समिति ने अंडे को स्वीकार कर लिया और अन्य दान की तरह, इसे भी नीलामी के लिए रख दिया। शख्स द्वारा मस्जिद के लिए दान किया अंडा आकर्षण का केंद्र बन गया था। मस्जिद समिति के सदस्यों ने बताया कि अंडे की कई बार नीलामी की गई। प्रत्येक नीलामी के बाद खरीददान धन जुटाने के लिए इस अंडे को दूसरी नीलामी के लिए वापस मस्जिद समिति को दे दिया कर देते थे।

# दिल्ली में रैलियों की बुकिंग के लिए डीडीए और एमसीडी में कतारें

### किन जगहों पर पीएम की सभाएं?



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में लोकसभा चुनाव के मतदान 25 मई को होंगे। इससे पहले सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार को तेज करने के लिए सामुदायिक भवन, बड़े मैदान, ग्राउंड को बुक करना शुरू कर दिया है। दिल्ली नगर निगम के अधीन आने वाले रामलीला मैदान की मांग काफी ज्यादा है। कई राजनीतिक दलों की तरफ से इस मैदान में रैलियों के आयोजन करने के लिए बुकिंग की जा रही है। इसके अलावा निगम के 300 से अधिक सामुदायिक भवनों को भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सभाओं के लिए बुक रहा हैं।

इसके अलावा निगम के पार्कों व 100 से अधिक ग्राउंड व मैदान में भी राजनीतिक दलों की दिलचस्पी खूब है। अधिकारियों के अनुसार अब तक 50 फीसदी तक सामुदायिक भवन, ग्राउंड व पार्कों को बुक कराया गया है। यह आंकड़ा मई तक आते-आते और भी ज्यादा बढ़ जाएगा। द्वारका के आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि नरेश सिंह ने बताया कि शादियों का सीजन भी शुरू हो चुका है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के द्वारका जोन के खुले स्थानों, सामुदायिक भवनों को लोग शादी समारोह के आयोजन के लिए बुक करा रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली के अन्य जगहों पर नगर निगम के सामुदायिक भवनों भी लोगों की पहली प्राथमिकता है। इसका कारण है कि बैंकवेट हॉल की तुलना में यह किफायती रेट पर उपलब्ध हैं। डीडीए के कुल 358 खुले स्थानों के लिए लगातार बुकिंग हो रही है। इसमें द्वारका जोन में 82, रोहिणी जोन में 109, नॉर्थ जोन में 55, साउथ जोन में 12, ईस्ट जोन में 100 खुले स्थानों को बुक कराया जा रहा है। इसके अलावा डीडीए के 26 पार्कों में समारोह के आयोजन के लिए भी बुकिंग हो रही है। साथ ही डीडीए के कुल 86 सामुदायिक भवन भी बुक हो रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार इन सभी जगहों की बुकिंग के लिए लगातार सूचना मांगी जा रही है। इन सभी जगहों को राजनीतिक दल बुक कर रहा हैं। साथ ही कई परिवार शादी समारोह के लिए भी बुकिंग कर रहा हैं।

## दिल्ली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर सेठी और जेलदार गैंग के दो शार्प शूटर दबोचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर नरेश सेठी और अजय जेलदार के दो शार्प शूटर्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों में रोहतक निवासी गौरव और पटौदी निवासी लक्ष्य शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक ऑटोमेटिक पिस्टल, दो कारतूस, और बाइक बरामद की है। आरोपी गौरव पर पहले से शराब की तस्करी के दो मामले दर्ज हैं।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, दोनों आरोपी गैंगस्टर्स के कहने पर नजफगढ़ स्थित प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर फायरिंग कर फरार हुए थे। नजफगढ़ स्थित पवन प्रॉपर्टी के ऑफिस पर 14 अप्रैल को बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग की थी। मौके से नरेश सेठी-अजय जेलदार के नाम से एक पर्ची भी मिली, जिसमें एक करोड़ रुपये की डिमांड की गई थी। तभी से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने फायरिंग करने वालों की पहचान गौरव (28) और लक्ष्य (21) के रूप में की थी। दोनों मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचे थे और कथित तौर पर दो राउंड फायरिंग की थी। अपराध शाखा की नई दिल्ली रेंज (एनडीआर) ने दोनों बदमाशों का पता लगाने के लिए इंस्पेक्टर रामपाल के नेतृत्व में और एसीपी उमेश बर्थवाल की निगरानी में एक टीम गठित की थी।

## दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट की लिस्ट
# आईजीआई एयरपोर्ट दसवें स्थान पर



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट को लेकर एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा वर्ष 2023 के लिए सूची जारी की गई है। इसमें आईजीआई एयरपोर्ट दसवें स्थान पर रहा है। दुनियाभर में विमान से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या वर्ष 2023 में 850 करोड़ रही है जो कोरोना से पूर्व होने वाली यात्राओं का 93.8 फीसदी है। रिपोर्ट के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं भी घरेलू विमानों की तरह तेजी से बढ़ी हैं।

एसीआई के निदेशक जनरल लुईस की तरफ से बताया गया है कि दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं तेजी से बढ़ी हैं। बीते कई वर्षों से अमेरिका का अटलांटा एयरपोर्ट लगातार यात्रियों की संख्या में नंबर एक पर बना हुआ है। वर्ष 2023 में यहां से 10.47 करोड़ यात्रियों ने सफर किया है। दूसरे नबंर पर दुबई एयरपोर्ट रहा है जहां से 8.7 करोड़ यात्रियों ने वर्ष 2023 में सफर किया है। वर्ष 2022 में दुबई एयरपोर्ट चौथे स्थान पर था। इस सूची में पांचवे नंबर पर टोक्यो अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट रहा है जो वर्ष 2022 में 16वें पायदान पर था।

दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट ने इस सूची में दसवें पायदान पर जगह पाई हैं। कोरोना से पूर्व वर्ष 2019 में आईजीआई एयरपोर्ट 17वं पायदान पर था। वर्ष 2023 में आईजीआई एयरपोर्ट से 7.22 करोड़ यात्रियों ने सफर किया है। विभिन्न एयरपोर्ट को लेकर यह आंकड़े 180 देशों से उड़ान भरने वाले विमानों एवं यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए जुटाए गये हैं। वर्ष 2022 के मुकाबले वर्ष 2023 में देशभर में यात्रियों की संख्या 27.2 फीसदी बढ़ी है। घरेलू उड़ान के यात्रियों की संख्या जहां वर्ष 2022 के मुकाबले 20.2 फीसदी बढ़ी है तो वहीं इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय उड़ान 36.5 फीसदी बढ़ी है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशन ने दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में अटलांटा का हर्ट्सफील्ड-जैक्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट टॉप पर रहा है। इस लिस्ट में दुबाई हवाई अड्डे को दूसरा और डलास हवाई अड्डे को लिस्ट में तीसरा स्थान मिला है। इस लिस्ट में टॉप-10 में एक भारतीय एयरपोर्ट को भी जगह मिली है। दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयपोर्ट को इस लिस्ट में शामिल किया गया है।

# 10 साल में हुई रजिस्ट्रियों की होगी जांच



**लखनऊ, एजेंसी।**
लखनऊ के विभूतिखंड थाने में दर्ज दो मुकदमों की विवेचना में जेसीपी कानून व्यवस्था ने लखनऊ में चल रहे फर्जी रजिस्ट्री का बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा। खुलासा हुआ है कि रजिस्ट्री दफ्तर में फर्जीवाड़ा करने वाला गिरोह कुछ कर्मचारियों से साठगांठ कर फर्जी रजिस्ट्री कर जमीनों पर कब्जा कर रहा है। कई मामलों में जमीन पर कब्जा करने का प्रयास अभी तक हो रहा है। जेसीपी उपेन्द्र कुमार अग्रवाल ने इस खेल को उजागर करने वाले साक्ष्यों के साथ प्रमुख सचिव राजस्व को पत्र लिखकर वर्ष 2000 के आस पास 10 साल में हुई रजिस्ट्रियों की जांच कराने को कहा है। इस जांच में और बड़ा खेल सामने आने की बात कही गई है। इस गिरोह में वकीलों के वेष में रहने वाली महिलायें भी शामिल हैं।

विभूतिखंड कोतवाली में 17 फरवरी 2024 को सॉफ्टवेयर इंजीनियर अजय सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि शिवानी सिंह, मुकेश यादव, रणविजय सिंह, विजय कुमार, फैयाज, राम किशोर तिवारी, बबलू गुप्ता, राजीव भटनागर, अमित व वकील के वेश में आये 15-20 लोगों ने उनके प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास किया। ये लोग डीवीआर भी लूट ले गए थे। विवेचना में आया कि इस प्लाट की रजिस्ट्री 29 अगस्त 2022 को राजकुमार से कराई गई है। राजकुमार से जब पूछताछ हुई तो उसका कहना था कि 12 अक्तूबर 2001 को ये प्लाट उनको एलडीए से आवंटित हुआ था। तफ्तीश में पता चला कि राजकुमार ने झूठ बोला था। उसकी रजिस्ट्री फर्जी है। सख्ती से पूछताछ में पता चला कि फैयाज नाम के शख्स ने राजकुमार के नाम पर ये फर्जी रजिस्ट्री 2022 में कराई थी। इसमें रजिस्ट्री का वर्ष 2001 लिखाया था। उसे दो लाख रुपये देने का लालच दिया था। उसके नाम पर खाता भी खुलवाया था। इस फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर शिवानी के नाम रजिस्ट्री की गई। इस मामले में जांच के दौरान ही एक और जमीन के दस्तावेजों की जांच की गई। इसमें भी ऐसा खेल सामने आया। वर्ष 2001 में 10 दिसम्बर को उपनिबंधक द्वितीय सदर कार्यालय में दो विलेख संदिग्ध पाये गये। दोनों विक्रय विलेख की जांच में आया कि 157 से 170 तक के प्रस्तुतकर्ता का नाम अमीरा पुनवानी व पृष्ठ संख्या 31 से 48 तक लेख प्रस्तुत कर्ता क्रेता का नाम नैन सिंह अंकित है। इसमें भी फर्जी रजिस्ट्री का खेल हुआ।

जेसीपी उपेन्द्र अग्रवाल ने प्रमुख सचिव राजस्व को पत्र लिखा है कि वर्ष 2000 या इसके आस पास के 10 सालों में हुई रजिस्ट्रियों की जांच करायी जाये। एक पत्र एलडीए को भी भेजा है। इसमें और बड़ा खेल सामने आने की सम्भावना व्यक्त की गई है।

# घोटाला पीड़ितों ने तेजस्वी सूर्या को घेरा, मांगने लगे जवाब; धक्का-मुक्की के बीच किसी तरह निकले



**बसवांगुड़ी, एजेंसी।**
बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या को रविवार को अपना चुनाव प्रचार कार्यक्रम बीच में ही छोड़ना पड़ गया। दरअसल, बसवांगुडी स्थित गुरु राघवेंद्र सहकारी बैंक नियामिथा से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले में कई निवेशकों का पैसा डूब गया था। इन लोगों ने बेंगलुरु दक्षिण के सांसद को कल घेर लिया और उनसे जवाब मांगने लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा नेता के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। ये लोग अपने नुकसान के मुआवजे में देरी से भड़के हुए थे। इन्होंने सांसद और बसवांगुड़ी के भाजपा विधायक एलए रवि सुब्रमण्यम जैसे अन्य नेताओं से जवाब मांगा। इस पर नेताओं की ओर से निवेशकों को शांत करने की कोशिश की गई, मगर वे नहीं माने। इस घटनाक्रम के कुछ वीडियो क्लिप्स सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। इनमें देखा जा सकता है कि सूर्या को उनके सुरक्षाकर्मी कार्यक्रम स्थल से बाहर लेकर जा रहे हैं। वह कुछ निवेशकों के साथ बहस करते भी दिख रहे हैं।

कर्नाटक कांग्रेस की ओर से भी इस घटना का वीडियो ट्वीट किया गया है। इसमें तेजस्वी सूर्या पर कटाक्ष करते हुए कहा गया कि उन्हें इमरजेंसी एग्जिट डोर से बाहर लेकर जाना पड़ा। गुरु राघवेंद्र सहकारी बैंक में पैसा डूबने से पीड़ितों ने बीजेपी सांसद पर अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने इनकी शिकायतें सुनने के लिए एक दिन का भी समय नहीं दिया। राज्य कांग्रेस ने इसे लेकर सूर्या और सुब्रमण्यम के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का फैसला किया है। यह आरोप लगाया गया कि इन्होंने अपने लोगों को जमाकर्ताओं को संभालने और घटना की रिकॉर्डिंग कर रहे चुनाव एजेंटों की पिटाई करने का निर्देश दिया। तेजस्वी सूर्या के ऑफिस ने इस वायरल वीडियो को लेकर बयान जारी किया है। इसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर मीटिंग को बाधित करने का आरोप लगाया गया है। बयान में कहा गया, भाजपा की बैठकों और सामुदायिक समारोहों में कांग्रेस बाधा डाल रही है। कांग्रेसी नेता अपने कमजोर अभियान के लिए सुर्खियां बटोरने की बेताब कोशिश में लगे हुए हैं। घटनास्थल से सीधे कांग्रेस नेताओं को वीडियो कॉल किया गया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वहां मौजूद लोगों के साथ धक्का-मुक्की की।

## शरत रेड्डी से चंदा लिया, इलेक्टोरल बॉन्ड बड़ा घोटाला है; आप नेता का पीएम पर निशाना




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई अहम बातें कही हैं। इस इंटरव्यू के बाद कई नेताओं ने इसपर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अब आम आदमी पार्टी की तरफ से ही पीएम मोदी के इंटरव्यू को लेकर बयान सामने आया है। दिल्ली के मंत्री और आप नेता गोपाल राय ने कहा, एक तरफ आप कहते हैं कि आप भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे हैं। दूसरी तरफ आप शरत चंद्र रेड्डी से 60 करोड़ रुपए लेते हैं जिसे इस कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। इसका हिसाब-किताब कौन करेगा, इसपर कार्रवाई कौन करेगा?

गोपाल राय ने आगे कहा, यह सामने आया है कि उन कंपनियों से इलेक्टोरल बॉन्ड लिए गए जो घाटे में चल रहे थे। उन्होंने हजारों रुपए दिए। अगर यह कालाधन नहीं तो और क्या है? मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ा घोटाला है, जैसा दूसरे लोग कह रहे हैं। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसपर अपना स्टैंड साफ करना चाहिए।

इससे पहले पीएम मोदी ने चुनावी बॉन्ड को लेकर इंटरव्यू में कहा कि चुनावी बॉन्ड के कारण आपको पैसों का पता चल रहा है। आपको यह पता चल पा रहा है कि किस कंपनी ने दिया, कैसे दिया और कहां दिया? चुनावी बॉन्ड खत्म किए जाने पर पीएम मोदी ने कहा कि जब विपक्ष के नेता ईमानदारी से सोचेंगे तो उन्हें पछतावा होगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपनी बात रखी है। राहुल गांधी ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड एक अहम चीज है। जब आप नाम और तारीख देखेंगे तो आपको पत चल जाएगा कि दानदातओं ने बॉन्ड दिया था तब उन्हें कॉन्ट्रैक्ट दिए गए या फिर उनके खिलाफ सीबीआई जांच वापस ले ली गई थी। यह दुनिया की सबसे बड़ी जबरन वसूली योजना है। आपको बता दें कि शरत चंद्र रेड्डी को दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले में अहम आरोपी बताया जाता है। दावा किया गया है कि शरत चंद्र रेड्डी अब सरकारी गवाह बन चुके हैं।

# नेपाल की बेटियों को बहू तो बनाया लेकिन वोटर नहीं, लोकसभा चुनाव 2024 में अब कैसे करेंगी मतदान



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान को लेकर देशभर में युवाओं से लेकर महिलाओं-पुरुषों, और बुजुर्गों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। देशभर में बीजेपी, कांग्रेस समेत कई राजनीतिक पार्टियां वोटरों को लुभाने की पूरी कोशिश करने में जुटी हुई हैं। लेकिन, चुनाव के इस महापर्व में एक वर्ग ऐसा भी है जो अपने वोटिंग से वंचित हो जाएगा।

जी हां, ऐसा इसलिए संभव होगा क्योंकि वह वोटर नहीं है। नेपाल से शादी कर आई बहुत सी बेटियों को भारत ने बहू के रूप में तो स्वीकार कर लिया, लेकिन अभी मतदाता नहीं बनाया। एक अनुमान के मुताबिक,उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में ही धारचूला से लेकर झूलाघाट तक नेपाल मूल की ऐसी भारतीय बहुओं की संख्या 300 से अधिक है।

नागरिकता के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता के कारण ये महिलाएं वोटर नहीं बन पा रही हैं, इसलिए मतदान से महरूम हैं। जबकि पहले राशन कार्ड में ही नाम जुड़वाकर नेपाल से आई बहू भारतीय परिवार का हिस्सा बन जाती थीं। भारत और नेपाल के बीच रोटी-बेटी के संबंध सदियों से रहे हैं। दोनों देशों के बीच प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोग विवाह बंधन में बंधते हैं। नेपाल की बेटियां सामाजिक तौर पर तो भारतीय बन जाती हैं, लेकिन सरकारी दस्तावेजों में इनके नाम जुड़वाने के लिए गम्भीरता नहीं दिखाई जा रही।

इसके पीछे जानकारी का अभाव भी बड़ी वजह है। दरअसल महिलाओं और उनके परिजनों को जानकारी ही नहीं है कि नागरिकता के लिए कहां, कैसे आवेदन करना है। प्रशासन भी ऐसे लोगों के लिए कोई प्रयास नहीं करता। यही वजह है कि इनके पास विवाह के दो से आठ वर्ष बाद भी भारतीय नागरिकता नहीं है। इस कारण इनका नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सका है। पहले राशन कार्ड के सहारे बन जाते थे मतदाता नेपाल मूल की महिलाएं पूर्व तक पति के राशन कार्ड के सहारे भारतीय नागरिक बन जाती थीं।

दरअसल वर्ष 2014 से पूर्व राशनकार्ड ऑफलाइन हुआ करते थे। तब विवाह के बाद राशन कार्ड में महिला का नाम जोड़ दिया जाता था। इस तरह राशन कार्ड से परिवार रजिस्ट्रर और फिर मतदाता सूची में भी नाम जुड़ जाता था।

लेकिन अब बगैर आधार कार्ड के राशन कार्ड में नाम नहीं जोड़ा जा सकता है। अब भारतीय नागरिकता लेने के लिए स्थानीय स्तर पर आवेदन करना होता है। फिर फाइल गृह मंत्रालय को भेजी जाती है। उसके बाद जरूरी प्रकिया पूरी होने पर नागरिकता देने का प्राविधान है।

नेपाल मूल के लोगों को बगैर भारतीय नागरिकता के मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकता है।

## लोकसभा चुनाव से पहले फोर्स को मिली बड़ी सफलता, हिंसा का रास्ता छोड़ 26 नक्सलियों का सरेंडर

**दंतेवाड़ा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में एंटी नक्सल ऑपरेशन में लगे फोर्स को बड़ी कामयाबी मिली है। एसपी के सामे 26 नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक इनामी माओवादी भी शामिल है। एक लाख का इनामी जनताना सरकार अध्यक्ष के पद पर काम कर रहा था। प्रतिबंधित माओवादी संगठन ने 15 अप्रैल को बंद का आह्वान किया था। बंद के दौरान ही बड़ी संख्या में माओवादियों ने लोन वर्राटू अभियान के तहत सरेंडर किया है।

एसपी गौरव राय ने बताया कि सरेंडर करने वाले नक्सली सड़क काटने, बैनर पोस्टर लगाने, नक्सलियों के लिए रशद इकट्ठा करने, आगजनी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटना में शामिल रहे हैं। सरेंडर करने वाले माओवादियों ने पुलिस को बताया कि नक्सलियों की भेदभाव नीति और खोखली विचारधारा से तंग आकर वे हिंसा का रास्ता छोड़ कर रहे हैं। बता दें कि दंतेवाड़ा जिले में लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 717 नक्सलियों ने सरेंडर किया है।



# रामनवमी पूजा की एकदम सरल विधि

**मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रामनवमी मनाई जाती है जो कि भगवान विष्णु के 7वें अवतार थे। प्रत्येक साल हिन्दू कैलेंडर के अनुसार चैत्र मास की नवमी तिथि को श्रीराम नवमी के रूप मनाया जाता है। चैत्र मास की प्रतिपदा से लेकर नवमी तक नवरात्रि भी मनाई जाती है। इन दिनों कई लोग उपवास भी रखते हैं।**

## रामनवमी उत्सव

श्री रामनवमी हिन्दुओं के प्रमुख त्यौहारों में से एक है जो देश-दुनिया में सच्ची श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार वैष्णव समुदाय में विशेषतौर पर मनाया जाता है।

- आज के दिन भक्तगण रामायण का पाठ करते हैं।
- रामरक्षा स्त्रोत भी पढ़ते हैं।
- कई जगह भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है।
- भगवान राम की मूर्ति को फूल-माला से सजाते हैं और स्थापित करते हैं।
- भगवान राम की मूर्ति को पालने में झुलाते हैं।

## राम नवमी की पूजा विधि

राम नवमी की पूजा विधि कुछ इस प्रकार है :

- सबसे पहले स्नान करके पवित्र होकर पूजा स्थल पर पूजन सामग्री के साथ बैठें।
- पूजा में तुलसी पत्ता और कमल का फूल अवश्य होना चाहिए।
- उसके बाद श्रीराम नवमी की पूजा षोडशोपचार करें।
- खीर और फल-मूल को प्रसाद के रूप में तैयार करें।
- पूजा के बाद घर की सबसे छोटी बालिका/महिला सभी लोगों के माथे पर तिलक लगाएं।

## पौराणिक मान्यता

श्री रामनवमी की कहानी लंकाधिराज रावण से शुरू होती है। रावण अपने राज्यकाल में बहुत अत्याचार करता था। उसके अत्याचार से पूरी जनता त्रस्त थी, देवतागण भी, क्योंकि रावण ने ब्रह्मा जी से अमर होने का वरदान ले लिया था। उसके अत्याचार से तंग होकर देवतागण भगवान विष्णु के पास गए और प्रार्थना करने लगे। फलस्वरूप प्रतापी राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या की कोख से भगवान विष्णु ने राम के रूप में रावण को परास्त करने हेतु जन्म लिया। तब से चैत्र की नवमी तिथि को रामनवमी के रूप में मनाने की परंपरा शुरू हुई। नवमी के दिन ही स्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना शुरू की थी।

# अदभुत हैं राम नाम जपने के लाभ

महर्षि वाल्मिकी के लिखे रामायण के अनुसार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को कर्क राशि में अभिजीत मुहूर्त और पुनर्वसु नक्षत्र में हुआ था. भगवान राम का जन्मदिन रामनवमी के रूप में देश-विदेश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है. यह दिन चैत्र नवरात्रि के अंत का प्रतीक है, जो देवी दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित नौ दिवसीय त्योहार है, जिसके बाद आदर्श पुरुष भगवान राम के जन्म का भव्य उत्सव मनाया जाता है. वैदिक ज्योतिष के अनुसार भगवान राम के जन्म के समय सूर्य, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनि का विशेष संयोग बना था. इस वर्ष हिंदू कैलेंडर के अनुसार राम नवमी का त्योहार 17 अप्रैल 2024, दिन बुधवार को मनाया जाएगा.

## राम नाम जप का महत्व

धार्मिक शास्त्रों के अनुसार राम का नाम अमोघ है. राम नाम जप एक प्राचीन और सरल मंत्र है, जिसके अनेक लाभ हैं. यह मंत्र भगवान राम को समर्पित है, जो हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण देवता हैं. राम नाम का जप करने से मन शांत होता है और चिंता, तनाव, और क्रोध कम होता है. पापों का नाश और आत्मा शुद्ध होती है और मोक्ष प्राप्ति की संभावना बढ़ती है. राम नाम जप से आत्मविश्वास और एकाग्रता भी बढ़ती है.




**राम नवमी का संबंध भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम से है। भगवान विष्णु ने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करने के लिये हर युग में अवतार धारण किए। इन्हीं में एक अवतार उन्होंने भगवान श्री राम के रुप में लिया था। जिस दिन भगवान श्री हरि ने राम के रूप में राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या की कोख से जन्म लिया वह दिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी का दिन था। यही कारण है कि इस तिथि को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि का भी यह अंतिम दिन होता है।**

राम नवमी का संबंध भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम से है। भगवान विष्णु ने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करने के लिये हर युग में अवतार धारण किए। इन्हीं में एक अवतार उन्होंने भगवान श्री राम के रुप में लिया था। जिस दिन भगवान श्री हरि ने राम के रूप में राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या की कोख से जन्म लिया वह दिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी का दिन था। यही कारण है कि इस तिथि को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि का भी यह अंतिम दिन होता है।

# हरि अनंत हरि कथा अनंता कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता

## श्री राम का जन्म

पौराणिक ग्रंथों में जो कथाएं हैं उनके अनुसार भगवान राम त्रेता युग में अवतरित हुए। उनके जन्म का एकमात्र उद्देश्य मानव मात्र का कल्याण करना, मानव समाज के लिए एक आदर्श पुरुष की मिसाल पेश करना और अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करना था। यहां धर्म का अर्थ किसी विशेष धर्म के लिए नहीं बल्कि एक आदर्श कल्याणकारी समाज की स्थापना से है। राजा दशरथ जिनका प्रताप 10 दिशाओं में व्याप्त रहा। उन्होंने तीन विवाह किए थे लेकिन किसी भी रानी से उन्हें पुत्र की प्राप्ति नहीं हुई। ऋषि मुनियों से जब इस बारे में विमर्श किया तो उन्होंने पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने की सलाह दी। पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने के पश्चात यज्ञ से जो खीर प्राप्त हुई उसे राजा दशरथ ने अपनी प्रिय पत्नी कौशल्या को दे दिया। कौशल्या ने उसमें से आधा हिस्सा केकैयी को दिया इसके पश्चात कौशल्या और केकैयी ने अपने हिस्से से आधा-आधा हिस्सा तीसरी पत्नी सुमित्रा को दे दिया। इसीलिए चैत्र शुक्ल नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में माता कौशल्या की कोख से भगवान श्री राम जन्मे। केकैयी से भरत ने जन्म लिया तो सुमित्रा ने लक्ष्मण व शत्रुघ्न को जन्म दिया।

## कैसे मनाते हैं रामनवमी

भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है। उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है। वे स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। अनेक उदाहरण हैं जहां वे अपनी पत्नी सीता के प्रति समर्पित व उनका सम्मान करते नजर आते हैं। वे समाज में व्याप्त ऊंच-नीच को भी नहीं मानते। शबरी के झूठे बेर खाने का और केवट की नाव चढ़ने का उदाहरण इसे समझने के लिए सर्वोत्तम है। वेद शास्त्रों के ज्ञाता और समस्त लोकों पर अपने पराक्रम का परचम लहराने वाले, विभिन्न कलाओं में निपुण लंकापति रावण के अंहकार के किले को ध्वस्त करने वाले पराक्रमी भगवान श्री राम का जन्मोत्सव देश भर में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्री राम की भक्ति में डूबकर भजन कीर्तन किए जाते हैं। श्री रामकथा सुनी जाती है। रामचरित मानस का पाठ करवाया जाता है। श्री राम स्त्रोत का पाठ किया जाता है। कई जगहों भर भगवान श्री राम की प्रतिमा को झूले में भी झुलाया जाता है। रामनवमी को उपवास भी रखा जाता है। मान्यता है कि रामनवमी का उपवास रखने से सुख समृद्धि आती है और पाप नष्ट होते हैं।

# श्री राम को प्रसन्न करेंगे तो मिलेंगे विजय और उन्नति के शुभ आशीष

**रामनवमी के दिन प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था। उनके जन्मोत्सव पर उन्हें सरल उपायों से प्रसन्न करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते है जिससे हर क्षेत्र में विजय और उन्नति मिलेगी।**

- रामनवमी के दिन 1 कटोरी में गंगा जल लेकर राम रक्षा मंत्र 'ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्रीं नमः' का 108 बार जाप करें। फिर पूरे घर के कोने-कोने में उस जल का छिड़काव कर दें। इससे घर का वास्तुदोष तथा भूत-प्रेत, नजर बाधा, तंत्र बाधा आदि समाप्त हो जाते हैं। यह उपाय आप अपने ऑफिस-दुकान या व्यवसाय स्थल में भी कर सकते हैं।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के मंदिर में या उनके चित्र के सामने 3 बार अलग-अलग समय पर श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन,का पाठ करें, इससे जीवन की हर चीजें अनुकूल होने लगती है।
- रामनवमी पर भगवान श्रीराम का पूजन और वंदन करने से सुख, समृद्धि और शांति बढ़ती है। साथ ही संतान सुख की प्राप्ति होती है।
- नवमी के दिन लौकी खाना निषेध है, क्योंकि इस दिन लौकी का सेवन गौ-मांस के समान माना गया है। इस दिन कड़ी, पूरणपौल, खीर, पूरी, साग, भजिये, हलवा, कद्दू या आलू की सब्जी बनाई जा सकती है। माता दुर्गा और श्रीराम को भोग लगाने के बाद ही भोजन किया जाता है। इससे प्रभु श्रीराम प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं।
- भगवान श्रीरामजी को केसर भात, खीर, कलाकंद, बर्फी, गुलाब जामुन का भोग प्रिय है। इसके अलावा हलुआ, पूरनपोळी, लड्डू और सिवइयां भी उनको पसंद हैं।
- पंचामृत और धनिया पंजीरी दो तरह के प्रसाद उन्हें अर्पित किए जाते हैं। यह रामजी को बहुत ही पसंद है। उन्हें धनिए का प्रसाद चढ़ाते हैं। इसे धनिया पंजीरी कहते हैं। इसे सौंठ पंजीरी भी कहते हैं। यह कई तरह से बनाई जाती है।



# जब प्रभु श्रीराम ने दिया भक्त हनुमान को वरदान

लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या में अपने परिजनों के साथ बैठे हुए थे। श्रीराम, हनुमानजी द्वारा की गई सहायता को याद कर भावविभोर हो रहे थे। वह बोले, ' हनुमान ने संकट के समय मेरी सहायता की, लेकिन मैंने उन्हें कुछ भी नहीं दिया।' उन्होंने हनुमानजी से कहा, मैंने विभीषण को लंका का राज्य दिया। सुग्रीव को किष्किंधा का राजा और अंगद को युवराज बनाया। आज मैं तुम्हें भी कुछ देना चाहता हूं। इसलिए तुम इच्छित वर मांग सकते हो। हनुमानजी निष्काम भक्ति के साकार रूप थे। उन्होंने श्रीराम से विनम्रता से कहा, प्रभु आप मुझसे बहुत प्रेम करते हैं। मुझ पर आपकी असीम कृपा है। अब और मांगकर क्या करूंगा। लेकिन श्रीराम हनुमानजी को उस दिन कुछ न कुछ देने के लिए आकांक्षी थे। अचानक हनुमानजी ने कहा कि, भगवान आपने सभी को एक-एक पद (चरण) दिए हैं। क्या आप मुझे भी पद दे सकेंगे। श्रीराम कुछ समझ नहीं पाए, फिर भी बोले तुम्हें कौन सा पद चाहिए हनुमान? हनुमानजी अपने स्थान से उठे और उन्होंने प्रभु राम के चरण पकड़ लिए। हनुमानजी बोले, मैं इन दो पदों की हर क्षण सेवा करता रहूं, यही वरदान चाहिए। श्रीराम की आंखों से अश्रु बहने लगे और उन्होंने श्री हनुमान जी को को गले लगा कर यह वरदान दिया कि जीवन भर उनकी सेवा करते रहें।



# इस बार दुर्लभ संयोग में राम नवमी का पर्व

17 अप्रैल को देशभर में राम नवमी का पर्व मनाया जाएगा। वाल्मीकि रामायण के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि, अभिजीत मुहूर्त और कर्क लग्न में भगवान राम का जन्म हुआ था। राम नवमी का त्योहार चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। इस दिन देशभर में बड़े ही धूमधाम के साथ राम नवमी का त्योहार मनाया जाता है। राम नवमी पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया जाता है। 17 अप्रैल को अयोध्या में बने राम मंदिर में राम नवमी के त्योहार को भव्य तरीके से मनाने की तैयारियां हैं। इस बार राम नवमी का त्योहार बहुत ही शुभ योग में मनाया जाएगा।

चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन यानी चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर बहुत ही शुभ योग का निर्माण हुआ है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार राम नवमी के दिन आश्लेषा नक्षत्र, रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। राम नवमी पर सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 05 बजकर 16 मिनट से लेकर 06 बजकर 08 मिनट तक रहेगा। वहीं पूरे दिन रवि योग का संयोग बनेगा। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग को बहुत ही शुभ योग माना गया है। इन योगों में पूजा और शुभ कार्य करने पर सभी तरह के फलों की प्राप्ति होती है। रवि योग में सूर्य का प्रभाव रहने के कारण व्यक्ति को कई तरह के कष्टों से मुक्ति मिलती है।

**कर्क लग्न**- इस बार राम नवमी पर चंद्रमा कर्क राशि में मौजूद रहेगा। आपको बता दें कि भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु राम का जन्म कर्क लग्न में ही हुआ था।

**गजकेसरी योग**- 17 अप्रैल को गजकेसरी योग का भी प्रभाव रहेगा। भगवान राम के जन्म के समय भी उनकी कुंडली में गजकेसरी योग का शुभ संयोग था। ज्योतिष शास्त्र में गजकेसरी योग को बहुत ही शुभ माना जाता है। इस योग के प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में मान-सम्मान और यश की प्राप्ति होती है।

**राम नवमी पर सूर्य की स्थिति**- शास्त्रों के अनुसार भगवान राम के जन्म के समय सूर्य दशम भाव में मौजूद होकर अपनी उच्च राशि में स्थिति थे। इस वर्ष 17 अप्रैल को राम नवमी पर सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में विराजमान होकर दशम भाव में होंगे।

## शुभ मुहूर्त में करें भगवान राम की पूजा

नवमी तिथि प्रारम्भ- 16 अप्रैल 2024 को दोपहर 01 बजकर 23 मिनट तक।
नवमी तिथि समाप्त- 17 अप्रैल 2024 को दोपहर 03 बजकर 14 मिनट तक।
अभिजीत मुहूर्त - इस दिन अभिजीत मुहूर्त नहीं रहेगा।
विजय मुहूर्त- दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से 03 बजकर 24 मिनट तक।
गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक।



# भगवान श्रीराम के इन गुणों से हमें भी सीखना चाहिए

भगवान श्रीराम के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। खासतौर पर उनके द्वारा अपनाई गई व्यावहारिक नीतियां, यहीं कारण था कि कठिन परिस्थितियों में भी वे सफल रहे। भगवान श्रीराम के स्वभाव के इन गुणों से सीखना चाहिए .

- सभी से हंसते-मुस्कुराते मिलना।
- लोगों के नामों को याद रखना और उन्हें, उन्हीं नाम से संबोधित करना।
- दूसरों की बातों को ध्यान और धीरज से सुनना।
- लोगों के प्रति सच्ची निष्ठा रखना।
- दूसरे व्यक्तियों को सम्मान देना।
- किसी को अपने विचार मनवाने के लिए तर्क और विवाद का सहारा नहीं लेना।
- उच्च आदर्श व सिद्धांत का पालन करने में हर कठिनाई को सहन करने के लिए तैयार रहना।
- दूसरे के विचारों और भावनाओं के प्रति सच्ची सहानुभूति रखना।
- दूसरे की दृष्टि से घटनाओं या वस्तुओं को देखने का प्रयास करना।
- अपनी त्रुटि (गलती) को शीघ्र स्वीकार कर लेना।
- दूसरे व्यक्तियों के विचारों के प्रति आदर की भावना होना।

# श्रीराम के पास थे 16 गुण और 12 कलाएं

प्रभु श्रीराम को पुरुषों में सबसे उत्तम मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। वे एक आदर्श व्यक्तित्व लिए हुए थे। एक धनुष और एक वचन धारण करने वाले थे। उन्होंने एक पत्नी व्रत भी धारण कर रखा था। उनमें इसी तरह के 16 गुण थे। 16 गुणों के अलावा वे 12 कलाओं से युक्त थे। 16 कलाओं से युक्त व्यक्ति ईश्वरतुल्य होता है या कहें कि स्वयं ईश्वर ही होता है। पत्थर और पेड़ 1 से 2 कला के प्राणी हैं। पशु और पक्षी में 2 से 4 कलाएं होती हैं। साधारण मानव में 5 कला और संस्कृति युक्त समाज वाले मानव में 6 कला होती है। इसी प्रकार विशिष्ठ पुरुष में 7 और ऋषियों या महापुरुषों में 8 कला होती है। 9 कलाओं से युक्त सप्तर्षिगण, मनु, देवता, प्रजापति, लोकपाल आदि होते हैं। इसके बाद 10 और 10 से अधिक कलाओं की अभिव्यक्ति केवल भगवान के अवतारों में ही अभिव्यक्त होती है। जैसे वराह, नृसिंह, कूर्म, मत्स्य और वामन अवतार। उनको आवेशावतार भी कहते हैं। उनमें प्रायः 10 से 11 कलाओं का आविर्भाव होता है। परशुराम को भी भगवान का आवेशावतार कहा गया है। भगवान राम 12 कलाओं से तो भगवान श्रीकृष्ण सभी 16 कलाओं से युक्त हैं। यह चेतना का सर्वोच्च स्तर होता है। इसीलिए प्रभु श्रीराम को पुरुषों में उत्तम और भगवान और श्रीकृष्ण को जग के नाथ जगन्नाथ और जग के गुरु जगदगुरु कहते हैं। जग में सुंदर है दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम।

## 16 गुणों से युक्त

- गुणवान (योग्य और कुशल)
- किसी की निंदा न करने वाला (प्रशंसक, सकारात्मक)
- धर्मज्ञ (धर्म का ज्ञान रखने वाला)
- कृतज्ञ (आभारी या आभार जताने वाला विनम्रता)
- सत्य (सत्य बोलने वाला और सच्चा)
- दृढ़प्रतिज्ञ (प्रतिज्ञा पर अटल रहने वाला, दृढ़ निश्चयी )
- सदाचारी (धर्मात्मा, पुण्यात्मा और अच्छे आचरण वाला, आदर्श चरित्र)
- सभी प्राणियों का रक्षक (सहयोगी)
- विद्वान (बुद्धिमान और विवेक शील)
- सामर्थशाली (सभी का विश्वास और समर्थन पाने वाला समर्थवान)
- प्रियदर्शन (सुंदर मुख वाला)
- मन पर अधिकार रखने वाला (जितेंद्रीय)
- क्रोध जीतने वाला (शांत और सहज)
- कांतिमान (चमकदार शरीर वाला और अच्छा व्यक्तित्व)
- वीर्यवान (स्वस्थ्य, संयमी और हृष्ट-पुष्ट)
- युद्ध में जिसके क्रोधित होने पर देवता भी डरें - (वीर, साहसी, धनुर्धारि, असत्य का विरोधी)

## आईपीएल-2024: बाल-बाल बचा सबसे तेज शतक का ऐतिहासिक रिकॉर्ड...

# हेड ने उड़ाए गेंदबाजों के होश



**बेंगलुरू, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्टार ओपनर ट्रेविस हेड ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में अपने बल्ले से धूम मचा दी. सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेल रहे हेड ने सोमवार ( 15 अप्रैल ) को एक ऐसी धुआंधार शतकीय पारी खेली, जिससे आईपीएल इतिहास का एक धांसू रिकॉर्ड टूटने से बाल-बाल बच गया.

ओपनर ट्रेविस हेड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ जमकर बल्ला चलाया और 39 गेंदों पर शतक जड़ दिया. इस तरह आईपीएल इतिहास का सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड टूटने से बच गया. आईपीएल में यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर क्रिस गेल के नाम दर्ज है.

### गेल और पठान का रिकॉर्ड टूटने से बचा

आरसीबी के लिए खेलते हुए गेल ने 30 गेंदों पर शतक जमाया था. उन्होंने यह पारी 23 अप्रैल 2013 को पुणे वॉरियर्स के खिलाफ खेली थी. तब गेल ने 66 गेंदों पर नाबाद 175 रनों की आतिशी पारी खेली थी. इसके बाद इस लिस्ट में दूसरा नाम पूर्व भारतीय ऑलराउंडर यूसुफ पठान का है.

राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए यूसुफ पठान 37 गेंद पर शतक जमाया था. उन्होंने 13 मार्च 2010 को मुंबई के खिलाफ ब्रेबॉर्न में यह 100 रनों की पारी खेली थी. इसके बाद डेविड मिलर हैं, जिन्होंने पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए 38 गेंदों पर शतक जमाया था.

मिलर ने 6 मई 2013 को आरसीबी के खिलाफ मोहाली में 101 रनों की पारी खेली थी. इस तरह ट्रेविस हेड अब 39 गेंद पर सबसे तेज शतक लगाने वाले आईपीएल के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं. हेड ने 39 गेंदों पर शतक जमाने के दौरान 8 छक्के और 9 चौके जमाए. उनका स्ट्राइक रेट 255 का रहा. हेड ने मैच में 41 गेंदों पर कुल 102 रनों की पारी खेली.

### आईपीएल में सबसे तेज शतक

30 बॉल - क्रिस गेल VS पुणे वॉरियर्स, बेंगलुरु 2013
37 बॉल - यूसुफ पठान VS मुंबई, ब्रेबॉर्न 2010
38 बॉल - डेविड मिलर VS आरसीबी, मोहाली 2013
39 बॉल - ट्रेविस हेड VS आरसीबी, बेंगलुरु 2024
42 बॉल - एडम गिलक्रिस्ट VS मुंबई, डीवाई पाटिल 2008



# दिनेश कार्तिक बने टी20 वर्ल्ड कप के बने दावेदार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच मैच 11 अप्रैल को खेला जा रहा था. दिनेश कार्तिक बल्लेबाजी कर रहे थे, ईशान किशन के बगल में स्लीप पर खड़े रोहित शर्मा ने उनको मैच के दौरान कहा शाबाश डीके, वर्ल्ड कप खेलना है अभी...

यह सुनकर कार्तिक मुस्कुराए और बल्लेबाजी करने लगे. कार्तिक ने उस मैच में 23 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली, वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जिस तरह तरह की मनचाही बल्लेबाजी की, उससे , ऋषभ पंत, संजू सैमसन, केएल राहुल, ईशान किशन और जितेश शर्मा जैसे कीपर्स के लिए खतरे की घंटी बन गए हैं, खासकर टी20 वर्ल्ड कप से पहले.

दिनेश को जो बदला हुआ रूप इस बार फिर से आईपीएल में दिख रहा है कि उससे एक बात तो तय है कि वो दूसरे विकेटकीपर्स के लिए चुनौती बन गए हैं. उनकी 38 साल की उम्र को एकबारगी को साइड में कर दिजिए, फिर्र सोचिए..अब तक फिलहाल जिस तरह वह आईपीएल में खेल रहे हैं, उससे एक बात तो साबित हो गई है कि उनके अंदर अब भी इस फॉर्मेट में खेलने का दम बाकी है.

ऐसे में बड़ा सवाल है कि रोहित शर्मा ने भले ही मजाक में दिनेश कार्तिक से यह बात कही हो, लेकिन अब कार्तिक टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलने के लिए उतरने वाले विकेटकीपर्स की रेस में तो आ गए हैं. कार्तिक ने इस दौरान टी20 में 6000 रन भी पूरे किए.

# मोहन बागान ने पहली बार आईएसएल लीग शील्ड जीती

## लीग के आखिरी मैच में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहन बागान ने सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग 2023-24 को अपने नाम कर लिया है। सोमवार को घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए मैच में मोहन बागान ने मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराया। इसके साथ ही मोहन बागान पॉइंट टेबल पर पहुंच गया। मोहन बागान पहली बार लीग खिताब जीता है। मोहन बागान से लिस्टन कोलाको और जेसन कमिंग्स ने गोल किए। वहीं दोनों गोल में असिस्ट करने के लिए दिमित्रियोस पेट्राटोस को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं मुंबई सिटी की ओर से एक गोल विंगर लालियानजुआला छांगटे ने किया। मोहन बागान सुपर जायंट ने 22 मैचों में 15 जीत, तीन ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान से सीधे टॉप पर पहुंच कर लीग दौर समाप्त किया। वहीं मुम्बई सिटी एफसी 22 मैचों में 14 जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 47 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। मैच से पहले दोनों टीमों के कप्तान और मैच रेफरी।

### हाफ टाइम में मोहन बागान ने 1-0 से आगे

मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब विंगर लिस्टन कोलाको ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने अटैकिंग थर्ड से बॉक्स के ठीक बाहर बाईं तरफ लिस्टन को बॉल पास की और लिस्टन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया।

### दूसरे हाफ में दोनों टीमें ने एक- एक गोल किया

दूसरे हाफ में दोनों टीमों की ओर से एक-एक गोल हुआ। मैच के 80वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को मजबूत करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। फिर 89वें मिनट में लालियानजुआला छांगटे ने सीजन का अपना सातवां गोल करके मुम्बई सिटी एफसी को कुछ राहत पहुंचाते हुए अंतर 1-2 कर दिया। मैच के दौरान दोनों टीमें बॉल को अपने पास रखने के लिए जूझते हुए।

### आखिरी दो मिनट में मोहन बागान को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा

मोहन बागान को 90+2वें मिनट में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जब ब्रैंडन हैमिल को दूसरा यलो (रेड) कार्ड रेफरी वेंकटेश आर. ने दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया। ऑस्ट्रेलियाई सेंटर-बैक को पहला यलो कार्ड 90+1वें मिनट में मिला था।

## संक्षिप्त समाचार

### मुस्तफ़िज़ुर रहमान 1 मई तक चेन्नई के लिए उपलब्ध रहेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपने तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफ़िज़ुर रहमान के चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अनापत्ति पत्र को एक दिन के लिए बढ़ा दिया है। इसका मतलब है कि अब मुस्तफ़िज़ुर 30 अप्रैल को वापस लौटने की जगह 1 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

बांग्लादेश क्रिकेट ऑपरेशन के उप प्रबंधक शहरयार नफ़ीस ने कहा, हमने 30 अप्रैल तक मुस्तफ़िज़ुर को आईपीएल में खेलने की छूट दी थी, लेकिन 1 मई को ही चेन्नई का एक मैच है। टीम और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के द्वारा अनुरोध प्राप्त होने के बाद हमने मुस्तफ़िज़ुर की छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी है। मुस्तफ़िज़ुर ने पांच मैचों में 18.30 की औसत से 10 विकेट चटकाए हैं जिसमें पहली बार आईपीएल में उनके द्वारा एक मैच में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने के बाद यह उनका आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हो गया है। आग़ामी टी20 विश्व कप के वीज़ा संबंधित काम के चलते मुस्तफ़िज़ुर पिछले सप्ताह ढाका में थे। श्रीलंका के ख़िलाफ़ पिछली टी20 सीरीज़ में केवल दो विकेट लेने के बाद मुस्तफ़िज़ुर को बांग्लादेश की वनडे टीम से बाहर कर दिया गया था और अब उन्होंने सही समय पर विकेट लेने शुरू किए हैं।

### आईपीएल 2024 के बीच मैक्सवेल ने मांगा आरसीबी से ब्रेक



**बेंगलुरु, एजेंसी।** एक हाई स्कोरिंग मुकाबले में सोमवार को एसआरएच के खिलाफ आरसीबी को हार झेलनी पड़ी। इस मैच के दौरान क्रिकेट फैंस को एक बड़ा सवाल परेशान कर रहा था कि आखिर ग्लेन मैक्सवेल को प्लेइंग 11 से क्यों ड्रॉप किया गया।

आरसीबी के स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल मौजूदा सीजन में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। जब ग्लेन मैक्सवेल का नाम एसआरएच के खिलाफ प्लेइंग-11 में नहीं था, तो सबको लगा शायद उन्हें ड्रॉप किया गया है, या फिर वो चोटिल हैं। हालांकि बाद में पता चला कि मामला ही कुछ और है। ग्लेन मैक्सवेल ने मानसिक और शारीरिक थकान के चलते आईपीएल 2024 से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है।

# पूर्व क्रिकेटर माइकल स्लेटर को पुलिस ने हिरासत में लिया



**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्लेटर को एक दर्जन से अधिक अपराधों के आरोप लगने के बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। 54 साल के स्लेटर ने सोमवार को मारूचिडोर मजिस्ट्रेट कोर्ट में अपने मामले का उल्लेख किया था। वह 5 दिसंबर, 2023 से 12 अप्रैल, 2024 के बीच अलग-अलग तारीखों पर क्वींसलैंड के सनशाइन कोस्ट पर किए गए कथित अपराधों से संबंधित 19 आरोपों का सामना कर रहे हैं। आरोपों में गैरकानूनी तरीके से पीछा करना, डराना-धमकाना, रात में घर में घुसना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाले हमले और घरेलू हिंसा के अपराध शामिल हैं। कोर्ट ने भी दस आरोप लगाए

पूर्व सलामी बल्लेबाज और टीवी कमेंटेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और घरेलू हिंसा के आदेश का उल्लंघन करने के दस आरोप भी लगाए गए थे।

# हैदराबाद से हार के बाद भी बेंगलुरु के पास है प्लेऑफ में पहुंचने का..



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद ने 25 रनों से हराया. दरअसल, अब तक 7 मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 6 शिकस्त का सामना करना पड़ा है, जबकि यह टीम महज पंजाब किंग्स के खिलाफ जीतने में कामयाब रही. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 7 मैचों में 2 प्वॉइंट्स के साथ सबसे निचले यानी दसवें पायदान पर काबिज है. लेकिन क्या अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर सकती है? क्या रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की प्लेऑफ खेलने की उम्मीदें जिंदा हैं?

दरअसल, यहां से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर सकती है, लेकिन यह बेहद मुश्किल होने वाला है. इस टीम के पहले 7 मैचों में महज 2 प्वॉइंट्स हैं. अब आरसीबी के 7 मुकाबले बचे हैं, अगर फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपने आगामी सभी 7 मुकाबले जीतने में कामयाब रहती है तो कुल 16 प्वॉइंट्स हो जाएंगे, लेकिन इतने से आरसीबी का काम नहीं बनेगा. इसके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को बाकी टीमों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा, यानी अब हालात आरसीबी के कंट्रोल में नहीं है, लिहाजा इस टीम के लिए प्लेऑफ में पहुंचना बेहद चुनौतीपूर्ण है.

### अब तक ऐसा रहा है रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सफर...

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पंजाब किंग्स को जरूर हराया, लेकिन इसके चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, राजस्थान रॉयल्स, मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है. अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपना आगामी मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलेगी.



# हार्दिक पंड्या के लिए टी20 वर्ल्ड कप में जगह बनाना हुआ मुश्किल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले जब मुंबई इंडियंस मैनेजमेंट ने हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया था, तो उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि आईपीएल 2024 के दौरान उन्हें इतनी ज्यादा आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा।

रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के कप्तान बने, लेकिन टीम के साथ-साथ खुद हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन काफी ज्यादा औसत दर्जे का रहा है। मुंबई इंडियंस ने कुल छह मैच खेले हैं और इस दौरान टीम को महज दो मैचों में ही जीत नसीब हुई है। इस दौरान हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन ना बैटिंग में और ना ही बॉलिंग में कुछ कमाल कर पाए हैं। इस बीच एक और खबर आ रही है कि हार्दिक पांड्या के लिए इस साल होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में जगह बनाना आसान नहीं होने वाला है। खबर के मुताबिक मुंबई हेड क्वार्टर में हुई मीटिंग में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, चीफ सिलेक्टर अजीत अगारकर और हेड कोच राहुल द्रविड़ के बीच मीटिंग हुई थी, जिसमें रोहित शर्मा ने कहा था कि उनका फोकस अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए एक पेसर ऑलराउंडर पर है।

आईपीएल 2024 की बात करें तो हार्दिक पांड्या ने ज्यादा गेंदबाजी की नहीं है और जब की भी है, तो बिल्कुल भी असरदार नजर नहीं आए हैं। हाल में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मैच खेला गया था, जिसमें हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस की ओर से आखिरी ओवर किया था, जिसमें एमएस धोनी ने उनकी लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए थे।

आईपीएल में हार्दिक पांड्या के प्रदर्शन ने उनके बॉलिंग परफॉर्मेंस पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में उनका टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सीधा जगह बना पाना मुश्किल नजर आ रहा है। हार्दिक पांड्या की स्ट्रेंथ उनके तेज तर्रार शॉट्स के साथ-साथ उनकी गेंदबाजी रही है, और अगर वह इन दोनों रोल में हिट नहीं हो पाते हैं, तो ऐसे में उनके लिए टी20 स्क्वॉड में वापसी करना मुश्किल होगा।

# महान स्पिनर डैरेक अंडरवुड का निधन, इंग्लैंड के लिए 86 टेस्ट में लिए थे 297 विकेट

**लंदन, एजेंसी।** गावस्कर ने कहा था कि अंडरवुड का सामना करना बेहद कठिन होता था, क्योंकि वह बेहद सटीक होते थे। उन्होंने 1977 में भारत के खिलाफ खेली गई पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 29 विकेट लिए थे। यह सीरीज इंग्लैंड ने 3-1 से जीती थी। इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के महान स्पिनर डैरेक अंडरवुड का 78 वर्ष की उम्र में केंट में निधन हो गया।



इंग्लैंड के लिए 86 टेस्ट मैच में 297 विकेट और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 2,465 विकेट लेने वाले अंडरवुड 60 और 70 के दशक में बेहद खतरनाक स्पिनर माने जाते। बिना ढके हुए विकेटों पर उनकी गेंदों को खेलना टेढ़ी खीर होती थी। उन्होंने अपनी गेंदों से सुनील गावस्कर जैसे दिग्गज को काफी परेशान किया। उन्होंने गावस्कर को 12 बार आउट किया। गावस्कर अपने करियर में सबसे ज्यादा बार उन्हीं की गेंदों पर आउट हुए। इमरान और होल्डिंग ने उन्हें 11-11 बार आउट किया था। गावस्कर ने कहा था कि अंडरवुड का सामना करना बेहद कठिन होता था, क्योंकि वह बेहद सटीक होते थे।

## एक नजर

### दुकान से दो देसी कट्टा व कारतूस बरामद, दुकानदार गिरफ्तार

**नवीनगर (नि.सं.)।** नवीनगर के टंडवा थाना की पुलिस ने एसएसबी के साथ रामनगर गांव में मोनू गुप्ता की दुकान में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर दुकानदार को 02 देशी कट्टा, 03 जिंदा कारतूस एवं 01 मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज, एक गिरफ्तार

**रफीगंज (नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के बलिगांव में बच्चों के बीच झगड़ा को लेकर मारपीट की घटना हुई।जिसमें सनी कुमार घायल हो गया जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया। घायल के चाचा प्रदीप चौहान के बयान पर गांव के ही अंश कुमार, अमन कुमार, अजय चौधरी, अशोक चौधरी एवं संजय चौधरी को नामजद आरोपी बनाया। उल्लेख किया है कि बच्चों के बीच झगड़ा हो गया। इसी बात को लेकर उक्त आरोपी रात में घर में पथराव किया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपी अजय चौधरी को गिरफ्तार किया गया है।

### स्काउट-गाईड्स ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**रफीगंज(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड औरंगाबाद जिला एवं सूचना प्रसार मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में इसका आउट गाइड ने भाग लिया। सभी स्काउट गाइड रफीगंज मुख्य मार्ग से होते हुए पूरे बाजार का परिभ्रमण किया और मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के नारे लग रहे थे। तत्पश्चात के सभी स्काउट गाइड रफीगंज के घरों में जाकर डोर टू डोर अभियान चलाया और लोगों को 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अनुरोध किया। रैली डाक बंगला मध्य विद्यालय से प्रारंभ हुआ और रेलवे स्टेशन पर आकर संपन्न हुआ। रैली का नेतृत्व श्रीनिवास कुमार जिला संगठन आयुक्त स्काउट कर रहे थे।

### विक्रम सिंह और डा. प्रेम प्रकाश ने यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में लहराया परचम

**औरंगाबाद (का.सं.)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें औरंगाबाद जिले के विरुपाक्ष विक्रम सिंह ने 49वां स्थान हासिल किया है। वहीं, डा.प्रेम प्रकाश ने 130 वां रैंक हासिल किया है।*विरुपाक्ष विक्रम सिंह को मिला 49वां स्थान*-औरंगाबाद सदर प्रखंड के जम्होर गांव निवासी आईपीएस अधिकारी विनीत विनायक के पुत्र विरुपाक्ष विक्रम सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में 49वां स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे जम्होरवासियों में खुशी की लहर है। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# लोकसभा चुनाव : रन फॉर वोट का आयोजन, शत प्रतिशत मतदान की अपील

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी वर्गों की शत प्रतिशत भागीदारी एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को यहां रन पर वोट का आयोजन किया गया। रन फॉर वोट को अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली, स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नोडल पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में सभी जिला एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्रा, आशा एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। रन फॉर वोट कार्यक्रम समाहरणालय से प्रारंभ होकर रमेश चौक, मुख्य बाजार होते हुए गांधी मैदान तक गया और अधिक से अधिक मतदान हेतु संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा अभियान गार्गी कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी भोला कुमार कर्ण, जीविका के डीपीएम पवन कुमार, जिला स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम, जूनियर रेडक्रॉस के जिला काउंसलर डॉ. निरंजय कुमार, अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभी शिक्षक अनुग्रह इंटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक आदि ने भाग लिया। रन पर वोट के माध्यम से सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने अपील किया कि औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के तहत सभी मतदाता 19 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में अपने घर से निकलकर लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग ले और मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी हो।

# भागवत कथा के समापन समारोह पर सुदामा चरित्र सुनकर भावुक हुए श्रोता

निज संवाददाता



**गोह(औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के मियांपुर गांव में पिछले आठ दिनों से चल रहे नव दिवसीय श्री मद भागवत कथा सह शिव परिवार प्राण सह हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में उतर प्रदेश से पहुची कथा वाचिका आचार्य मनोरमा शास्त्री ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाया। उन्होंने श्रोताओं को भागवत को अपने जीवन में उतारने की अपील की। साथ ही सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल पेश की। समाज को समानता का संदेश दिया। इस कड़ी में उन्होंने बताया की श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। सुदामा की मनमोहक झांकियों का चित्रण किया गया। जिसे देखकर हर कोई भाव विभोर हो उठा। अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया। महाआरती के बाद भोग वितरण किया गया। कथा के दौरान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति गोह के संरक्षक अजय यादव, अध्यक्ष दीपक दिनकर सचिव धर्मेंद्र, डा अरूण, नवलेश यादव पहुँचे जहां आचार्य मनोरमा शास्त्री जी से आशीर्वाद ग्रहण किया।उन्होंने सभी को फूलो का माला पहनाकर आशिर्वाद दिया। गौरतलब हो कि श्रीमद भागवत कथा पिछले 9 अप्रैल से चल रहा है जो आज 17 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न होगा।इस दौरान भागवत कथा प्रत्येक दिन साम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक चला जहां सैकड़ो श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।कथा के सफल आयोजन में यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामाशंकर यादव, सचिव अरुण कुमार यादव कोषाध्यक्ष डा विंदेश्वर यादव,सदस्य मनीष यादव, गणेश यादव पिंटू कुमार सूरजभान कुमार श्रीकांत यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं लगे हुए है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, तीन बीघा में लगी गेहूं की फसल राख

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के बलिगांव पंचायत के मंझार बिगहा के बधार में मंगलवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट से गेहूं के फसल लगे खेत में आग लग गई। लगभग तीन बिगहा कृष्णा यादव,अर्जुन यादव के खेत का फसल जलकर राख हो गयी। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गेहूं का फसल जल चुका था। दोनों किसानों को हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। पिडित ने बताया कि दोपहर में तेज हवा चलने के कारण दो बिजली के तार आपस में टकरा गयी।जिसके चिनगारी से खेत में लगे गेहूं के फसल में आग पकड़ लिया। आसपास के खेतों में किसान काम कर रहे थे। फसल से धुंआ उठता देख किसानों ने शोर मचाया। मंझार बिगहा व खड़वां बिगहा गांव के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। आग की लपटें काफी तेज थी। किसी तरह लोगों ने आग को बुझाया। किसानों ने आपदा राहत से मुआवजा की मांग की है।अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि कर्मचारी को भेजा जा रहा है रिपोर्ट आने के बाद आपदा राशि प्रदान की जाएगी।

# श्रीराम कथा में सीता हरण प्रसंग सुन भाव विभोर हुए भक्त

निजसंवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** हसपुरा के बधोई गांव में जारी श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा वाचक बनकटेश द्विवेदी महाराज ने सीता हरण, जटायु प्रसंग, शबरी माता का प्रसंग सुनाकर भक्तों को भाव विभोर किया। वहीं, श्री हनुमान जी के आगमन पर पूरा हाल जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा।कथा सुनाते हुए कहा कि रावण जब सीताजी का हरण कर लेकर गया तब सीताजी का विलाप सुनकर जटायु ने रावण को रोकने का प्रयास किया, लेकिन अंत में रावण ने तलवार से उनके पंख काट डाले। जटायु मरणासन्न होकर भूमि पर गिर पड़े और रावण सीताजी को लेकर लंका की ओर चला गया। सीता की खोज करते हुए राम जब रास्ते से गुजर रहे थे तो उन्हें घायल अवस्था में जटायु मिले। गिद्धराज जटायु ने सीता हरण के दौरान रावण से युद्ध किया था। इस युद्ध में रावण ने जटायु को बुरी तरह घायल कर दिया था। उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि गिद्धराज जटायु को देखकर भगवान श्रीराम उन्हें गोद में ले लेते हैं और उनकी घायल अवस्था का कारण पूछते हैं। बाद में जटायु, भगवान श्री राम को माता सीता के अपहरण की सूचना देते हैं। वे कहते हैं कि हे राम, जानकी जी को लंका का राजा रावण ले गया है। जब मैंने सीता जी को उसके चंगुल से छुड़ाने की कोशिश की, तो उसने अपनी खड़ग से मेरे पंख काट दिए। उसके बाद मैं जमीन पर पड़ा, आपकी राह देख रहा था।

इतना कहते ही गिद्धराज जटायु का शरीर प्राणहीन हो गया। जटायु के शरीर छोड़ने के बाद भगवान श्री राम की आंखों से आंसू बहने लगते हैं और एक पिता की तरह श्री राम ने गोदावरी के तट पर गिद्धराज जटायु का अंतिम संस्कार किया और सभी आवश्यक पितृ संस्कार पूरे किए। जटायु की मृत्यु एक सर्वतीर्थ नामक स्थान पर हुई थी, जो कि आज भी नासिक के ताकेड गांव में मौजूद है। इस स्थान को सर्वतीर्थ कहा जाता है, क्योंकि यहीं पर जटायु ने मरणासन्न स्थिति में भगवान राम को माता सीता के बारे में बताया था। श्रीराम ने इसी गोदावरी नदी के तट पर जटायु का अंतिम संस्कार किया था। साथ ही

### वैश्य समाज ने बैठक कर एनडीए के पक्ष में लिया मतदान करने का निर्णय

**रफीगंज (औरंगाबाद )(नि.सं.)।** रफीगंज के शौंडिक धर्मशाला मे वैश्य समाज का बैठक आयोजित की गयी ।अध्यक्षता भाजपा जिला प्रवक्ता जितेंद्र कुमार गुप्ता एवं संचालन महेन्द्र प्रसाद ने किया।वैश्य समाज के वरीय सह लोजपा नेता प्रकाश चन्द्रा को रफीगंज बस स्टैंड में प्रखंड संयोजक शंकर शौंडिक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी दिलीप कुमार उर्फ कारू प्रसाद के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया।प्रकाश चन्द्रा ने उपस्थित वैश्य समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस समाज को राजनीतिक मे हिस्सेदारी मिलनी चाहिए।

# पीआईबी ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

निज संवाददाता




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पूर्व मंगलवार को जिले के रफीगंज प्रखंड में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड औरंगाबाद जिला के कैडेट्स द्वारा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी विद्यालय परिसर से रफीगंज स्टेशन तक एक जागरूकता निकाली गई। रैली रफीगंज बाजार तथा अन्य प्रमुख स्थानों से होते हुए स्टेशन पर जाकर समाप्त हुई। रैली में लगभग 100 कैडेट्स के साथ साथ आम लोग भी सम्मिलित हुए। रैली का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त श्रीनिवास कुमार ने किया। साथ ही स्काउट स्काउट मास्टर बसंत कुमार द्वारा मार्गदर्शन किया गया।

रैली के संपन्न होने के के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा घर-घर संपर्क के माध्यम से आम जनों को अधिक से अधिक संख्या में बढ़ चढ़ कर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।विशेष रूप से प्रथम बार मतदान करने जा रहे युवाओं से मतदान में भाग लेने की अपील की गयी साथ ही महिला, वृद्धजनों तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बिहार के विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के जनसंपर्क अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें पहली बात मत दे रहे मतदाताओं पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।अभियान में केंदीय संचार ब्यूरो के प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह भी शामिल रहे। इस अवसर पर मंत्रालय से संबद्ध नव सर्वोदय समाज कल्याण संस्थान, सारण के कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता गीत सहित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित आम जनों द्वारा उत्साहपूर्वक देखा गया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ऐश्वर्य कुमार के साथ स्थानीय लोगों में जयशंकर कुमार तिवारी श्रेया कुमारी, काजल कुमारी, रोहित कुमार प्रियंका कुमारी अमन कुमार रवि रंजन कुमार आदि द्वारा भी अभियान में सहयोग प्रदान किया 17 अप्रैल 2024 को जागरूकता अभियान का चौथा व अंतिम दिन होगा।

# शराबी को पकड़ने गई पुलिस पर हमला, एक पुलिसकर्मी जख्मी

निज संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र में इन दिनों शराब पीने वाले एवं शराब बेचने वाले लगातार सक्रिय दिख रहे हैं। शराब पीकर शराबी किसी से भी मारपीट कर रहा है, लेकिन इस पर आज तक लगाम नहीं लग सका है। ताजा मामला गोह पुलिस एवं तीन शराबियों के बीच का है जहां सोमवार की शाम पकड़ने गई पुलिस पर शराबियों द्वारा हमला होने का मामला प्रकाश में आया है।इस हमला में एक पुलिसकर्मी जख्मी हुए है। इस संबंध में पुलिस ने दो शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि सोमवार की शाम सूचना मिली की तीन शराबी शराब पीकर बुलेट बाइक से जा रहा हैं इस दौरान गस्ती कर रही पुलिस टीम में एसआई संजय कृष्ण अपने दलबल के साथ तीनों शराबियों को पीछा करने लगा. पीछा करने के दौरान बर्मा खुर्द मोड़ के समीप तीनो शराबियों को पुलिस ने पकड़ लिया, जहां पुलिस एवं तीनों शराबियों व पुलिस के बीच काफी देर तक पटका पटकी व मारपीट हुई।मारपीट होते देख गांव के लोग भी जुट गए।सूचना के बाद दो गाड़ी पुलिस मौके पर पहुची और शराबियों को जमकर पीटा और उसके बाद दो को गिरफ्तार कर लिया।वही तीसरा मौके से फरार हो गया। इस दौरान मौजूद पुलिसकर्मी विमलेश कुमार जख्मी हो गए।जिनका इलाज गोह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

### ऑटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, चार लोग हुए घायल

**औरंगाबाद (का.सं.)।** मंगलवार को गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर पार्क के समीप तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में दो महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाइक चालक गोह से भौठाही गांव में अपने रिश्तेदार को पहुंचाने जा रहा था।




बिहार सरकार

मुख्यमंत्री
बिहार

संदेश

रामनवमी का पर्व हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में रामनवमी असीम भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाई जाती है। भगवान राम का जीवन पूरी मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका जीवन मानव प्रेम, सद्भाव, सहनशीलता, त्याग–तपस्या एवं मर्यादा का प्रतीक है, इसलिए उन्हें मर्यादा पुरूषोत्तम कहा जाता है।

उनके जीवन पर आधारित विभिन्न काव्यों एवं कथाओं के अध्ययन से पता चलता है कि उन्होंने उन विचारों एवं सिद्धांतों का भी सम्मान किया, जो उनके अपने विचारों एवं सिद्धांतों से भिन्न थे। यह भाव हमें सहनशीलता का संदेश देता है।

इस पावन पर्व के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को मेरी शुभकामनाएँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 00084 (Home) D. 2024-25



सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

प्रभु श्रीराम जी का जन्म–दिवस हम सबके लिए हर्षोल्लास का दिवस है।

रामनवमी का यह पर्व हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है। सत्य, न्याय और करूणा के प्रति अटूट निष्ठा प्रभु रामचन्द्र जी का जीवन चरित्र है। जीवन में शक्ति, पराक्रम और करूणा के आदर्श श्रीराम हैं। 'राम राज्य' हमारी निष्ठा बन चुकी है।

इस पवित्र अवसर पर प्रभु श्रीराम के आदर्शों के अनुसरण का संकल्प करें। राष्ट्रहित में कर्त्तव्यबद्ध होने के लिए तत्पर रहें।

श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर सभी को बहुत शुभकामनाएँ।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 00107 (Governor Secretariat) D. 2024-25